सूर्योदय 6:24 सूर्यास्त 6:33

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 05.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 09.0 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,532 |
| निफ्टी | 23,114 |
| सोना | 1,50,420 |
| चांदी | 2,59,900 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 21 मार्च 2026 | 8 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 81, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

SHEDS COLLEGE
Affiliated to Himachal Pradesh University, Approved By Bar Council of India
Name of the Posts
Professor - 2 Post
Associate Professor - 2 Post
Assistant Professor - 8 Posts
Qualifications and Salary as per UGC Norms. Eligible candidates may send their resumes shedscollege.solan@gmail.com Within 7 days of advertisement.
Near HFCL, Bhawra Road Chambaghat- Solan H.P. 173213
+91-8894740400

## चैत्र नवरात्र

**तृतीय स्वरूप** मां चंद्रघंटा



**नवरात्र** के तीसरे तीन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है। मां का यह रूप बेहद सुंदर, मोहक और अलौकिक है। चंद्र के समान सुंदर मां के इस स्वरूप से दिव्य सुगंधियों और दिव्य ध्वनियों का आभास होता है। शक्ति का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। दस भुजाओं वाली माता सिंह यानी शेर पर प्रसन्न मुद्रा में विराजमान हैं। मां के इन दस हाथों में ढाल, तलवार, खड्ग, त्रिशूल, धनुष, चक्र, पाश, गदा और वाणों से भरा तरकश है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा सुशोभित है। इनका मुखमंडल शांत, सात्विक, सौम्य, किंतु सूर्य के समान तेज वाला है। माता चंद्रघंटा की उपासना से सांसारिक कष्टों से मुक्ति प्राप्त होती है, साथ ही प्रेत बाधाओं से सुरक्षा मिलती है। योग साधना की सफलता के लिए भी माता चंद्रघंटा की उपासना बहुत असरदार है। इस दिन पीले रंग के सुंदर कपड़े पहनकर मां की पूजा करें। लाल पुष्पों से मां की आराधना करें। इसके बाद सपरिवार मां की आरती करें। इस दिन कुट्टू के आटे का आहार लेना शास्त्र सम्मत है।

**मंत्र : या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रुपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।**

## न्यूज शॉर्ट्स

### अब जोमैटो से खाना ऑर्डर करना महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से खाना ऑर्डर करना अब महंगा हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार से ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म फीस में 19% बढ़ोतरी की है। यूजर्स को हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय अब 14.90 यानी 2.40 रुपए ज्यादा प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। जीएसटी जोड़ने के बाद यह राशि और बढ़ जाएगी। प्लेटफॉर्म फीस हर एक फूड ऑर्डर पर लागू होने वाला ऐडिशनल चार्ज हैं। ये रेस्तरां जीएसटी चार्ज और डिलीवरी फीस से अलग है। बता दें कि जोमैटो प्लेटफॉर्म रोजाना 20 से 25 लाख ऑर्डर डिलीवर करता है। (अनंत ज्ञान)

### प. बंगाल में टीएमसी ने जारी किया मेनिफेस्टो

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (ज्जटीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। ममता ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिलने वाली सहायता राशि 500-500 रुपए बढ़ाने का वादा किया है। मेनिफेस्टो को मुताबिक, अगर ममता की सरकार बनी तो बंगाल में जनरल कैटेगरी की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए मिलेंगे। अभी बंगाल सरकार जनरल कैटेगरी की महिलाओं को 1000 रुपए हर महीने देती है। वहीं, एससी/एसटी महिलाओं को 1700 रुपए प्रति माह दिया जाएगा। अभी इनको 1200 रुपए मिलते हैं। (अनंत ज्ञान)

### लंदन में 2 भारतीयों को डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

**एजेंसी, लंदन।** इग्लैंड की राजधानी लंदन के ब्रेंट इलाके में सार्वजनिक जगह पर पान थूकने के मामले में भारतीय मूल के दो लोगों पर करीब 1.50 लाख रुपए (1,391 पाउंड) का जुर्माना लगाया गया है। मीडिया के मुताबिक दोनों लोगों को पहले मौके पर ही 100 पाउंड का जुर्माना भरने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं भरा। इसके बाद मामला कोर्ट पहुंच गया और जुर्माना कई गुना बढ़ गया। अधिकारियों का कहना है कि इससे सार्वजनिक जगहें गंदी होती हैं और सफाई पर काफी खर्च बढ़ जाता है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी

## आय 25,430 बढ़कर 2,83,626 रुपए हुई, राष्ट्रीय औसत से 64,051 ज्यादा

## विकास दर 8.3% रहने का अनुमान सैलानियों की संख्या 3 करोड़ पार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट ने राज्य की अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ और उभरती तस्वीर को सामने रखा है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य की सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि प्रदेश विकास की नई दिशा में तेजी से अग्रसर है। सरकार ने इसे नीतिगत फैसलों और योजनाबद्ध विकास का परिणाम बताया है।

हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2 लाख 83 हजार 626 रुपए हो गई है, जो कि राष्ट्रीय औसत से 64 हजार 51 रुपए ज्यादा है। बीते वित्त वर्ष 2024-24 में हिमाचल प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 57 हजार 212 रुपए थी। इस बार प्रति व्यक्ति आय में 9.8 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अच्छी बात यह है कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र में तेजी से सुधार दर्ज किया गया है। घरेलू पर्यटकों की संख्या 2020 के मुकाबले 32 लाख से बढ़कर 2025 में 3 करोड़ 11 लाख तक पहुंच गई है, जो महामारी से पहले के स्तर के करीब है। राज्य में पहली बार एक साल में 3 करोड़ से अधिक सैलानी पहाड़ों पर पहुंचे हैं। इकोनॉमिक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में भी वृद्धि दर 1.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीएम सुक्खू ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और जलवायु संबंधी चुनौतियों के कारण वास्तविक विकास दर में कमी आई है, हालांकि अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी है। सर्वेक्षण के अनुसार, स्थिर मूल्यों पर जीएसडीपी की वृद्धि दर वर्ष 2025-26 में 8.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024-25 के 6.4 प्रतिशत से अधिक है।




### नशा तस्करी को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

**शिमला।** सदन में नशे के मुद्दे को लेकर हुए हंगामे पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार नशा तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है और इस दिशा में प्रभावी कानून भी बनाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को उछाल रहा है, जबकि सरकार ने सत्ता में आते ही इस समस्या से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि नशा तस्करी में संलिप्त पाए गए पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार इस मुद्दे पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है।

### व्यवस्था परिवर्तन का दिखा सकारात्मक प्रभाव

**शिमला।** आर्थिक सर्वेक्षण पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में उठाए गए कदमों का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कुल आर्थिक उत्पादन क्षमता लगभग 2.54 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि स्थिर मूल्यों पर वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से लगातार विकास की गति बनी हुई है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का संकेत है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कड़े और दूरदर्शी निर्णय लेने जरूरी हैं, हालांकि इन फैसलों से आम जनता पर अनावश्यक बोझ न पड़े, इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के संसाधनों के संरक्षण और उनके सही उपयोग के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में प्रदेश की आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो सके।

# कुल्लू के इनर अखाड़ा में दरकी पहाड़ी

## प्रशासन ने खाली करवाए कई घर, परिवार सुरक्षित जगह शिफ्ट

अनंत ज्ञान



**शिमला/कुल्लू।** शिमला, कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले समेत हिमाचल में भारी बारिश और बर्फबारी से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। कुल्लू जिले में जहां जगह-जगह भूस्खलन से भारी तबाही मची है और सड़कों, मकानों और यातायात व्यवस्था पर इसका व्यापक असर पड़ा है, वहीं बर्फबारी से भी दुश्वारियां बढ़ गई हैं। अटल टनल रोहतांग के आसपास करीब चार फीट बर्फबारी दर्ज की गई है, जबकि सोलंगनाला क्षेत्र में तीन फीट तक हिमपात हुआ है। जिले के निचले क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। इनर अखाड़ा बाजार में भारी भूस्खलन के चलते पहाड़ी दरकने से आधा दर्जन से अधिक मकानों को खाली करवाकर परिवारों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। भूस्खलन के चलते क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मनाली-चंडीगढ़ एनएच पर कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है, जहां बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क पर आ गिरी हैं। मनाली के समीप रायसन में फोरलेन का एक बड़ा हिस्सा नदी में समा गया, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। जिला मुख्यालय कुल्लू के सामने फोरलेन पर हुए भूस्खलन की चपेट में एक पेट्रोल पंप भी आ गया है। रामशिला, बाशिंग और सैंज अन्य क्षेत्रों में भी भारी भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। डीसी अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि खराब मौसम के चलते जिले में दो राष्ट्रीय राजमार्ग, 35 लिंक रोड और करीब 216 ट्रांसफार्मर बाधित हो गए हैं। प्रशासन द्वारा सड़कों को बहाल करने और बिजली व्यवस्था सुचारु करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और सतर्क रहें। उधर, डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने भी मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।

### अखाड़ा निवासियों में दहशत का माहौल

**इनर** अखाड़ा बाजार में हो रहे भूस्खलन से स्थानीय लोगों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि आपदा को बीते इतना समय हो गया और यहां पर पहले से ही खतरा मंडरा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यहां से कुछ दूरी पर बरसात में भूस्खलन होने से 10 लोगों की मौत हो गई है फिर भी प्रशासन नहीं जाग रहा। लोगों ने बताया कि हालांकि प्रशासन की ओर से घर खाली करने और गुरुद्वारा में रहने का प्रबंध किया गया है लेकिन वह अपने घर छोड़ कर कैसे जाएं और कब तक। उन्होंने कहा कि वे खतरे के साये में जीने को मजबूर हैं। प्रशासन से शीघ्र ही कोई उचित समाधान की मांग की है।

# श्याम भगत नेगी को हिमाचल के डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव श्याम भगत नेगी को पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह जिम्मेदारी उन्हें तब तक दी गई है जब तक कार्यवाहक डीजीपी अशोक तिवारी 23 से 31 मार्च तक अवकाश पर रहेंगे। इस अवधि में नेगी प्रदेश में कानून-व्यवस्था से जुड़े सभी प्रमुख निर्णयों की कमान संभालेंगे। आदेश के अनुसार श्याम भगत नेगी तुरंत प्रभाव से अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे और राज्य में चल रही सुरक्षा एवं प्रशासनिक गतिविधियों की निगरानी करेंगे।



### अरिंदम चौधरी को केंद्र में मिली अहम जिम्मेदारी

**केंद्र** सरकार ने हिमाचल कैडर के आईएएस अधिकारी अरिंदम चौधरी को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए स्टील मंत्रालय में उप सचिव के पद पर नियुक्त किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के तहत होगी, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

# सीएम आज पेश करेंगे हिमाचल का बजट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शनिवार यानी आज अपना चौथा आम बजट पेश करने जा रहे हैं। इस बार का बजट कई मायनों में अहम माना जा रहा है, क्योंकि एक ओर राज्य गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर जनता, कर्मचारी, पेंशनर और युवा वर्ग इससे बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। यह बजट आंकड़ों के दस्तावेज के साथ सियासी और आर्थिक इम्तिहान भी माना जा रहा है।

राज्य की माली हालत पहले से ही दबाव में है, ऊपर से केंद्रीय सहायता में कमी और जीडीपी के ठहराव जैसे हालात ने सरकार के सामने एक कठिन तस्वीर खड़ी कर दी है। ऐसे में यह बजट उम्मीदों की रोशनी भी बन सकता है और हकीकत की तल्खी भी दिखा सकता है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृषि, बागवानी और पर्यटन पर टिका है, इसलिए इन क्षेत्रों के लिए खास पैकेज या राहत की उम्मीदें सबसे ज्यादा हैं। सेब उत्पादकों, किसानों और पशुपालकों को राहत देने के लिए सब्सिडी, समर्थन मूल्य या नई योजनाओं का ऐलान हो सकता है।



बजट को अंतिम रूप देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू। अनंत ज्ञान

### ◆ सरकार की माली हालत को देखते हुए आम आदमी पर बढ़ सकता है टैक्स का बोझ

सबसे बड़ी नजर इस बात पर रहेगी कि आम आदमी पर टैक्स का बोझ बढ़ेगा या सरकार कुछ राहत देगी। मौजूदा हालात में राजस्व बढ़ाने के लिए नए कर या शुल्क लगाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन जनता को राहत देने के लिए बिजली, पानी या परिवहन में कुछ रियायतें भी दी जा सकती हैं। हालांकि यह बजट एक तरह से संतुलन का खेल होगा, जहां सरकार को खजाने की मजबूरी और जनता की उम्मीदों के बीच रास्ता निकालना होगा।

# अवैध बेटिंग : केंद्र ने ब्लॉक कीं 300 वेबसाइट्स-ऐप्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने ऑनलाइन चल रहे अवैध जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए 300 और वेबसाइटों व ऐप्स को ब्लॉक कर दिया है। 'ऑनलाइन गेमिंग एक्ट' लागू होने के बाद से इन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार नए कानून के तहत अब तक कुल 4,900 प्लेटफॉर्म्स पर गाज गिरी है। पिछले आंकड़ों के साथ इनकी संख्या 8,400 हो जाती है। हालिया कार्रवाई के निशाने पर मुख्य रूप से ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन कैसीनो (स्लॉट्स, रूलेट और लाइव डीलर टेबल), और बेटिंग एक्सचेंज (पी2पी मार्केटप्लेस) शामिल हैं। इसके अलावा सट्टा नेटवर्क पर भी शिकंजा कसा गया है। सट्टा-मटका जुआ नेटवर्क और असली पैसों का लालच देने वाले कार्ड गेम ऐप्स को भी प्रतिबंधित किया गया है।

### मार्केट में 86% रेवेन्यू रियल मनी फॉर्मेट से

**भारत** में ऑनलाइन गेमिंग मार्केट अभी करीब 32,000 करोड़ रुपए का है। इसमें से 86% रेवेन्यू रियल मनी फॉर्मेट से आता था। 2029 तक इसके करीब 80 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन अब इन्होंने रियल मनी गेम्स बंद कर दिए हैं। सरकार के इस कदम से 2 लाख नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं।

# भारत के खिलाफ आतंकी साजिश का भंडाफोड़

## रूसी इनपुट पर एनआईए ने पकड़े अमेरिकी-यूक्रेनी नागरिक

**एजेंसी, आईजोल**

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पूर्वोत्तर (मिजोरम सीमा) में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने रूसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर अमेरिकी और यूक्रेनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों पर भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने का आरोप है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गिरोह म्यांमार के हथियारबंद गुटों को ट्रेनिंग दे रहा था।

टूरिस्ट वीजा की आड़ में म्यांमार के विद्रोही गुटों को ड्रोन और आधुनिक युद्ध तकनीक की ट्रेनिंग दी जा रही थी। ये लोग टूरिस्ट वीजा पर भारत आए थे, लेकिन मिजोरम में बिना अनुमति अवैध रूट से पहुंचे और यहां से पड़ोसी देश म्यांमार की सीमा में घुस गए। सूत्रों के अनुसार 8 अन्य यूक्रेनियन की तलाश जारी है। कुल 14-15 लोगों का ग्रुप था। ये लोग यूरोप से बड़े पैमाने पर ड्रोन पहुंचा रहे थे, जो संभवत: भारत से जुड़े उग्रवादी समूहों तक पहुंच सकते थे। (अनंत ज्ञान)

### मिजोरम से म्यांमार में जाकर देते थे ट्रेनिंग



**आरोपी** कई बार ट्रेनिंग देने आ चुके हैं। इस बार वे गुवाहाटी पहुंचे और फिर मिजोरम से अवैध रूप से म्यांमार में घुसे, जहां ट्रेनिंग दी। भारत लौटने पर एनआईए ने 13 मार्च 2026 को उन्हें पकड़ा। 3 यूक्रेनी नई दिल्ली एयरपोर्ट और अन्य 3 लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पकड़े गए, जबकि अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैनडाइक को कोलकाता एयरपोर्ट से पकड़ा। अब इनकी डिजिटल फुटप्रिंट और पिछले महीनों की गतिविधियां ट्रैक की जा रही हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें 27 मार्च तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया है। इस बीच घटना को लेकर पूर्वोत्तरीय राज्यों मणिपुर, असम, मिजोरम आदि में अलर्ट बढ़ा दिया गया है।

# एयर इंडिया ने कनाडा भेजा गलत मॉडल का जहाज, वापस लौटा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट एआई-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। विमान में 300 से ज्यादा यात्री मौजूद थे। दरअसल, एयर इंडिया ने दिल्ली से कनाडा के लिए बोइंग 777-300 की जगह बोइंग 777-200 मॉडल का विमान भेज दिया। एयर इंडिया के पास बोइंग 777-200 को कनाडा में ऑपरेट करने की इजाजत ही नहीं है। इस वजह से यह विमान कनाडा में उतर ही नहीं सकता था। गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद विमान को यू-टर्न लेना पड़ा और दिल्ली में लैंड करवाना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# मिडिल ईस्ट की ओर बढ़ रहे 3 यूएस वॉरशिप

## 2200 सैनिक मौजूद, खर्ग आइलैंड पर कब्जा करना चाहते हैं ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

मिडिल ईस्ट में अमेरिका अपनी सैन्य मौजूदगी तेजी से बढ़ा रहा है। सीएनएन के मुताबिक सैटेलाइट इमेज से पता चला है कि 3 अमेरिकी वॉरशिप के साथ मरीन सैनिक मिडिल ईस्ट भेजे जा रहे हैं। इनमें यूएसएस त्रिपोली, यूएसएस सैन डिएगो, यूएसएस न्यू ऑरलियंस शामिल हैं। इन पर करीब 2200 सैनिक तैनात हैं।

ये सभी सैनिक 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट का हिस्सा हैं, जिसे तुरंत एक्शन के लिए तैयार रखा जाता है। इनमें से यूएसएस त्रिपोली एक एम्फीबियस असॉल्ट शिप है, यानी ऐसा युद्धपोत जो मरीन सैनिकों, हेलीकॉप्टर और लड़ाकू विमानों (जैसे एफ-35बी) को लेकर चलता है। ये तीनों वॉरशिप जापान के पास थे। अभी यह भारत के पास दक्षिणी हिंद महासागर में है। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप सरकार ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसे घेरने (ब्लॉकेड) की योजना पर विचार कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### अगले हफ्ते नए स्टेज में पहुंच सकती है जंग



**अमेरिका** की तैयारियों से लग रहा है कि ईरान जंग अगले हफ्ते नए स्टेज में पहुंच सकता है। इससे पहले कई बार ट्रंप यह कह चुके हैं कि वे मिडिल ईस्ट में सैनिक नहीं भेज रहे हैं। ट्रंप ने वीरवार को कहा था, 'मैं कहीं भी सैनिक नहीं भेज रहा हूं। अगर भेजता भी, तो आपको नहीं बताता।' ट्रंप अपने अचानक फैसलों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए उनके बयान से पता नहीं चल रहा कि वे क्या करने वाले हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि ट्रम्प ईरान में कार्रवाई तेज करने के लिए हजारों सैनिक भेजने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

**गिरावट** पश्चिम-मध्य एशिया संकट के कारण सबसे निचले स्तर पर पहुंची भारतीय मुद्रा

# 93.28 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड लो पर पहुंचा रुपया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी जंग भारतीय मुद्रा रुपया के लिए भी बड़ी परेशानी की वजह बनी हुई है। भारतीय मुद्रा शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गई। रुपया अमेरिकी डॉलर की तुलना में 64 पैसे की कमजोरी के साथ 93.28 रुपए प्रति डॉलर के स्तर तक आ गई। इसके बाद रुपया की स्थिति में मामूली सुधार भी हुआ। सुबह 11 बजे डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 93.20 रुपए के स्तर पर थी।

इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने सुबह डॉलर के मुकाबले 25 पैसे की कमजोरी के साथ 92.64 रुपए के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। डॉलर की मांग में आई तेजी के कारण थोड़ी ही देर में भारतीय मुद्रा फिसल कर अभी तक के सबसे निचले स्तर 93.28 रुपए प्रति डॉलर के स्तर तक आ गई। वहीं, 1.93 रुपए की कमजोरी के साथ पाउंड 125.01 के स्तर पर पहुंच गया।



इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया सुबह 11 बजे 87.38 पैसे की गिरावट के साथ 107.77 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। एक्सपर्ट्स का मानना है कि रुपए की कमजोरी के लिए पश्चिम एशिया में जारी जंग के साथ ही डॉलर की मजबूती और विदेशी निवेशकों की बिकवाली भी बड़ी वजह है। अमेरिका और इसराइल द्वारा ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से ही विदेशी निवेशक भारत जैसे इमर्जिंग मार्केट वाले देश से अपना पैसा सुरक्षित निकालने में जुटे हुए हैं। ऐसा होने से डॉलर की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं रुपये पर दबाव भी काफी अधिक हो गया है। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमत में आई जोरदार तेजी ने भी डॉलर की मांग बढ़ा दी है, जिससे रुपए पर नकारात्मक असर पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### प्रीमियम पेट्रोल 2.35 रुपए प्रति लीटर तक महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों ने 20 मार्च को स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 रुपए पहुंच गई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। पेट्रोल की कीमतों में यह बढ़ोतरी कच्चा तेल महंगा होने की वजह से की गई है। हालांकि अमेरिका द्वारा एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर और हमला नहीं करने और टैंकर्स में पहले से लदे ईरानी तेल से बैन हटाने का संकेत देने की वजह से कच्चे तेल की कीमत में नरमी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के नीचे आ गया है। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के नीचे कारोबार कर रहा है।

**◆ सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं**



# वनतारा में नहीं हुआ कानून का उल्लंघन : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वनतारा के खिलाफ दायर एक फाउंडेशन की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वनतारा में किसी भी तरह के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं हुआ है। वनतारा के खिलाफ ये याचिका करणार्थम विरम नाम की एक फाउंडेशन ने दायर की थी। याचिका में केंद्र सरकार, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई थी। इसमें वनतारा पर जानवरों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।

कोर्ट ने पिछले साल इसी तरह की एक पीआईएल खारिज कर दी थी। अदालत ने जस्टिस जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली अपनी विशेष जांच टीम की वनतारा को दी गई क्लीन चिट को स्वीकार कर लिया था। (अनंत ज्ञान)

### पत्नी नौकरानी नहीं लाइफ पार्टनर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े एक मामले में कहा, 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता। आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा, 'अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए।'

# भारी बारिश और धुंध में खोई नवरात्र की रौनक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला शहर से लगभग सात किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ी की शांत गोद में विराजमान मां कामना देवी का पावन धाम इन दिनों एक अजीब-सी वीरानी का आलम बयां कर रहा है। नवरात्र के दूसरे दिन, जब मां ब्रह्मचारिणी के रूप की आराधना का विशेष महत्व होता है, तब यह सिद्धपीठ मूसलाधार बारिश और घनी धुंध की गिरफ्त में ऐसा लिपटा कि चहल-पहल की जगह सन्नाटे की दस्तक सुनाई दी। जहां हर साल इस वक्त आस्था का समंदर लहराता था, वहीं इस बार खामोशी की चादर पूरे दरबार पर तनी रही।

## सूना पड़ा मां कामना देवी का पावन दरबार



मां कामना देवी की अलौकिक मूर्ति का दृश्य। अनंत ज्ञान

मां कामना देवी का यह धाम सदियों से श्रद्धा और विश्वास का केंद्र रहा है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है, इसलिए दूर-दराज से श्रद्धालु यहां माथा टेकने पहुंचते हैं। मगर आज के दिन, जब ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ उमड़नी चाहिए थी, वहां गिने-चुने लोग ही नजर आए। पहाड़ी रास्तों पर फिसलन और धुंध की घनी परत ने जैसे हर कदम को एहतियात में बदल दिया।

मंदिर परिसर, जो आम दिनों में भी रौनक से आबाद रहता है, नवरात्रों में तो मानो जश्न का मंजर पेश करता था। ढोल-नगाड़ों की गूंज, जयकारों की सदाएं और भक्तों की लंबी कतारें यहां की पहचान रही हैं, लेकिन इस बार मौसम की सख्ती ने इस पूरे मंजर को खामोशी में तब्दील कर दिया। प्रसाद विक्रेताओं और स्थानीय कारोबारियों के चेहरों पर भी मायूसी की लकीरें साफ झलकती रहीं, मानो रौनक का हर रंग बारिश की बूंदों में बह गया हो।

### कुछ श्रद्धालु ही पहुंचे मां के दरबार

**फिर** भी, कुछ अडिग श्रद्धालु ऐसे रहे जिन्होंने हर मुश्किल को दरकिनार कर मां के दरबार में हाजिरी लगाई। उनके लिए यह सफर सिर्फ दूरी का नहीं, बल्कि आस्था की कसौटी का भी इम्तिहान था। आज का दिन यह एहसास दिला गया कि चाहे हालात कैसे भी हों, सच्ची भक्ति की शमा बुझती नहीं, बस उसकी रौशनी कभी-कभी धुंध में ओझल जरूर हो जाती है।

# नवनियुक्त अधिकारियों ने वैज्ञानिकों संग सीखा आधुनिक खेती का मंत्र

अनंत ज्ञान



वैज्ञानिकों के साथ नवनियुक्त कृषि विकास अधिकारी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला में नव नियुक्त कृषि विकास अधिकारियों के लिए आयोजित संवाद एवं अनुभव कार्यक्रम ने कृषि विस्तार सेवाओं को नई दिशा देने का काम किया है। राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित इस पहल में 37 अधिकारियों ने भाग लिया, जिन्हें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तैनाती से पहले आधुनिक कृषि तकनीकों और अनुसंधान से अवगत कराया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने उन्नत आलू किस्मों और नवीन खेती पद्धतियों के विकास में संस्थान की भूमिका को रेखांकित करते हुए अधिकारियों से वैज्ञानिक संस्थानों के साथ समन्वय बढ़ाने और किसानों के कल्याण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं, समेती के निदेशक डॉ. एसके गुप्ता ने इस कार्यक्रम को व्यावहारिक ज्ञान और आधुनिक अनुसंधान से जोड़ने की एक अहम कड़ी बताया।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने बीज उत्पादन, फसल एवं रोग प्रबंधन, भंडारण तकनीक और नवीन अनुसंधान पर विस्तृत जानकारी साझा की। वैज्ञानिकों और अधिकारियों के बीच सीधा संवाद जमीनी चुनौतियों को समझने और उनके समाधान तलाशने के लिए उपयोगी साबित हुआ। अधिकारियों ने माना कि इस तरह के कार्यक्रम उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने और किसानों को बेहतर परामर्श देने में सहायक होंगे। समेती की उप-प्राचार्य डॉ. सुनीता ठाकुर ने संस्थान के सहयोग के लिए आभार जताते हुए भविष्य में भी ऐसी पहल जारी रखने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में नाबालिग चोर गिरोह का भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में पुलिस ने एक नाबालिग चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह सड़क निर्माण कार्य में लगी मशीनों से डीजल और बैटरियां चोरी कर रहा था, जिससे निर्माण कंपनी को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा था। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो पिकअप गाड़ियों को जब्त किया, जिनका इस्तेमाल चोरी की वारदातों में किया जा रहा था। तीन नाबालिग आरोपी पुलिस से बचने के लिए ढांक में उतर गए थे, जिन्हें पुलिस टीम ने जोखिम उठाते हुए रस्सियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला और हिरासत में लिया। चौथे आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जिससे पूरे गिरोह का खुलासा हो गया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर थाना सुन्नी में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

### ठियोग में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर परिषद ठियोग की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के लिए प्रशासन ने विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। उप-मंडलाधिकारी (नागरिक) ठियोग एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी डॉ. शशांक गुप्ता के अनुसार, यह प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। तहसीलदार ठियोग को संशोधन प्राधिकरण नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधार के लिए दावे और आपत्तियां 28 मार्च तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। इनका निपटारा 2 अप्रैल तक किया जाएगा। किसी को निर्णय से असंतोष होने पर 10 अप्रैल तक अपील दायर की जा सकती है, जिसका निपटारा 17 अप्रैल तक किया जाएगा। पूरक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे समय पर अपने नाम, पते और अन्य विवरण जांच कर आवश्यक संशोधन करवा लें, ताकि आगामी चुनावों में कोई परेशानी न हो।

# हिमाचल में कमर्शियल गैस संकट से आधी बुकिंग रद्द

## सीजन के चरम पर ठप पड़ी रफ्तार, 30-40 फीसदी गिरावट की आशंका

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला की दिलनशीं वादियों में अजीब-सा सन्नाटा पसरा है, अब मौसम की ठंडक के साथ कमर्शियल गैस की किल्लत से परेशानी बढ़ने लगी है। मार्च का महीना, जो आमतौर पर पर्यटन का उजाला लेकर आता है, इस बार मायूसी की चादर ओढ़े नजर आ रहा है। जहां वीकेंड पर होटलों की ऑक्यूपेंसी 80 से 90 फीसदी तक पहुंच जाती थी, वहीं अब हालात ऐसे हैं कि पर्यटकों की आमद में कमी साफ दिखाई दे रही है और कारोबारियों के चेहरों पर बेचैनी गहराती जा रही है।

होटल कारोबारियों के अनुसार, बीते चार से पांच दिनों में करीब 50 फीसदी एडवांस बुकिंग कैंसिल हो चुकी हैं, जिससे लाखों रुपए का सीधा नुकसान हुआ है। होटल किचन पूरी तरह एलपीजी पर निर्भर होते हैं और सामान्य तौर पर 4-5 दिन का गैस स्टॉक रखा जाता है, लेकिन सप्लाई ठप होने से अब यह भी खत्म होने की कगार पर है। ऐसे में होटल प्रबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती मेहमानों को बुनियादी सेवाएं देने की बन गई है, जिससे कारोबार का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया है।

इस संकट का सबसे गहरा असर डेस्टिनेशन वेडिंग और बड़े आयोजनों पर पड़ा है। एक बड़ी शादी के रद्द होने से ही 10 से 20 लाख रुपए तक का नुकसान हो रहा है और कई होटल अब नए इवेंट लेने से भी कतराने लगे हैं। 100 से 150 मेहमानों के लिए इंडक्शन पर खाना बनाना व्यवहारिक नहीं रह गया है, जबकि बिजली खर्च भी 20 से 30 फीसदी तक बढ़ गया है। इससे होटल, कैटरिंग और इवेंट मैनेजमेंट जैसे जुड़े हुए क्षेत्रों में भी मायूसी का माहौल है।

### पर्यटन कारोबार में बढ़ा गिरावट का खतरा

**पर्यटकों** के मिजाज में भी तब्दीली साफ झलक रही है। अब लोग बुकिंग करने से पहले कई बार सोच रहे हैं, कई अपनी यात्राएं रद्द कर रहे हैं तो कुछ दूसरे पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। होटल कारोबारियों का मानना है कि अगर हालात ऐसे ही बने रहे, तो अगले 10 से 15 दिनों में पर्यटन कारोबार में 30 से 40 फीसदी तक गिरावट दर्ज की जा सकती है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका साबित होगा।

### लंबा खिंचा संकट तो रोजगार व साख दोनों पर वार

**अगर** कमर्शियल गैस की आपूर्ति जल्द बहाल नहीं हुई, तो यह संकट सिर्फ अस्थायी नहीं रहेगा, बल्कि हिमाचल के पर्यटन उद्योग की साख पर भी गहरा असर डालेगा। छोटे ढाबों के बंद होने, मेन्यू सीमित होने और वैकल्पिक व्यवस्थाओं के महंगे पड़ने से रोज़गार पर भी खतरा मंडराने लगा है।

# विधानसभा पहुंचने पर सीएम सुक्खू का गर्मजोशी से स्वागत



विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करते कांग्रेस के विधायक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विधानसभा परिसर पहुंचने पर डिप्टी चीफ व्हिप केवल सिंह पठानिया सहित कांग्रेस के विधायकगण किशोरी लाल, संजय अवस्थी, सुरेश कुमार, विवेक शर्मा और कैप्टन रणजीत सिंह ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पूरे परिसर में गर्मजोशी और अपनत्व का माहौल देखने को मिला, जहां पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग और एकजुटता प्रदेश के विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विधानसभा का यह बजट सत्र जनकल्याणकारी निर्णयों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने बड़े उद्योगपतियों को हिमाचल में निवेश करने का दिया आमंत्रण

अनंत ज्ञान

◆ पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण और आईटी में 3,000 करोड़ निवेश की योजना

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सीआईआई हिमाचल प्रदेश के वार्षिक सम्मेलन में उद्योगपतियों को पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की भौगोलिक और पर्यावरणीय विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए हरित उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है और निवेशकों को हरसंभव सहयोग व सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में 3,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना के साथ हेलिपोर्ट निर्माण और हेली-टैक्सी सेवाओं के विस्तार पर भी जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उद्योगपतियों का किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और वे अपनी शिकायतें सीधे सरकार तक पहुंचा सकते हैं। साथ ही, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, बिजली आपूर्ति सुधारने और बद्दी में अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स विकसित करने की योजना पर भी जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार, बद्दी तक रेलवे संपर्क और ऊना के हरोली में बल्क ड्रग पार्क जैसे प्रोजेक्ट राज्य में औद्योगिक विकास को नई गति देंगे। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भी कहा कि प्रदेश सरकार संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के साथ आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में काम कर रही है और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है।

# प्रदेश में स्क्रीनिंग टेस्ट देने वाले शिक्षकों को बड़ी राहत

## 22 मार्च को परीक्षा देने वालों को मिलेगा सरकारी ड्यूटी का दर्जा

अनंत ज्ञान

◆ टीए-डीए और यात्रा समय का भी मिलेगा पूरा लाभ

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि 22 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले सीबीएसई सब-कैडर स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल होने वाले सभी शिक्षकों को आधिकारिक ड्यूटी पर माना जाएगा। इससे शिक्षकों को परीक्षा में शामिल होने को लेकर किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों को न केवल ड्यूटी पर उपस्थित माना जाएगा, बल्कि उन्हें नियमानुसार टीए-डीए और यात्रा समय का भी पूरा लाभ मिलेगा। यह निर्णय शिक्षकों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और प्रशासनिक राहत मिलेगी।

विभाग ने सभी उप निदेशकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले शिक्षकों तक इस सूचना को तुरंत पहुंचाएं और इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही इन निर्देशों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के भी आदेश जारी किए गए हैं, ताकि कोई भी शिक्षक इस सुविधा से वंचित न रहे। शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल होने वाले सभी शिक्षक सरकारी ड्यूटी पर माने जाएंगे। उन्हें टीए-डीए और यात्रा समय का लाभ मिलेगा।

# बहन प्रियंका के घर पहुंचे राहुल गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को शिमला पहुंच गए, जहां से वह सीधे करीब 12 किलोमीटर दूर छराबड़ा स्थित अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के आवास के लिए रवाना हुए।



बताया जा रहा है कि यह उनका 2 से 3 दिनों का निजी दौरा है, जिसके दौरान वह छराबड़ा में ही प्रवास करेंगे।

राहुल गांधी के आगमन से शिमला और आसपास के क्षेत्रों में राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर छराबड़ा और आस-पास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी पूर्व में भी कई बार शिमला आ चुके हैं और अक्सर अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ यहां समय बिताते रहे हैं।

# सरकारी स्कूलों में 36 दिन बाद भी बच्चों को नहीं मिली किताबें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन छठी से नौवीं कक्षा तक के हजारों छात्र अब भी पाठ्यपुस्तकों के बिना पढ़ाई करने को मजबूर हैं। 12 फरवरी से विंटर क्लोजिंग स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, मगर 36 दिन बाद भी किताबें पूरी तरह उपलब्ध न होना शिक्षा व्यवस्था की धीमी रफ्तार को उजागर कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि शिक्षक भी बिना पुस्तकों के पढ़ाने को विवश हैं और छात्र अधूरी जानकारी के सहारे आगे बढ़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने सत्र शुरू होते ही पहले दिन से नियमित पढ़ाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश जारी किए थे और अधिकारियों को निरीक्षण तक के आदेश दिए गए थे, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। कई स्कूलों में अब भी 3 से 10 किताबें नहीं पहुंच पाई हैं, जबकि सिरमौर के सराहां ब्लॉक में छठी से नौवीं तक की 11 किताबें लंबित हैं। शिमला जिले में भी आठवीं की भूगोल और नौवीं की साइंस की किताबों की कमी बनी हुई है, जिससे पढ़ाई की रफ्तार थम-सी गई है और स्थिति को और जटिल बना रहा है। अंग्रेजी माध्यम का नया प्रयोग, जिसे 2025 से सरकारी स्कूलों में लागू किया गया है। पहले से ही नई पद्धति के दबाव में काम कर रहे शिक्षक अब किताबों की अनुपलब्धता के कारण अतिरिक्त परेशानी झेल रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि बिना किताबों के पढ़ाना केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, जिससे छात्रों की बुनियादी समझ कमजोर होने का खतरा बढ़ रहा है।

### क्या कहते हैं शिक्षा बोर्ड सचिव

**शिक्षा** बोर्ड धर्मशाला के सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में तकनीकी अड़चनों के कारण किताबों की आपूर्ति में देरी हुई है। अभी तक लगभग 90 फीसदी किताबें वितरित की जा चुकी हैं। उन्होंने दावा किया कि शेष किताबें 25 मार्च तक स्कूलों में पहुंचा दी जाएंगी। अब यह देखना बाकी है कि तय समय तक व्यवस्था सुधर पाएगी या छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

# झूठी गारंटियों से कर्ज के दलदल में राज्य चौथा बजट भी धोखे की तैयारी : डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश कार्यालय, चक्कर शिमला में आयोजित अहम बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026, बूथ स्तर पर चल रहे अभियानों तथा पार्टी स्थापना दिवस और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. बिंदल ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किया जाने वाला चौथा बजट भी जनता के साथ एक और छलावा साबित होगा।

◆ महंगाई-बेरोजगारी से जनता त्रस्त, विकास कार्य ठप

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2022 के चुनावों में झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता हासिल की, लेकिन आज तक कोई वादा धरातल पर नहीं उतरा। महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने का वादा पूरा नहीं हुआ, जबकि युवाओं को रोजगार देने के दावे भी खोखले साबित हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर लगभग 45,000 करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका है, बावजूद इसके विकास कार्य ठप हैं और स्कूल, कॉलेज व स्वास्थ्य संस्थान बंद किए जा रहे हैं। महंगाई की मार से आम जनता की कमर टूट चुकी है, जबकि सरकार राहत देने में पूरी तरह विफल रही है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि सरकार का तथाकथित व्यवस्था परिवर्तन अब व्यवस्था पतन में बदल चुका है। कर्मचारी, पेंशनर और युवा वर्ग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि शिक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था भी चरमराई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार दिशाहीन और जनविरोधी नीतियों पर चल रही है, जिससे प्रदेश को 'नो रिटर्न' की स्थिति में धकेला जा रहा है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी।

# पंचायत चुनावों से पहले मतदाता सूचियों का पुनः निरीक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने मतदाता सूचियों के विशेष पुनः निरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप 1 अप्रैल को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। हालांकि, यह प्रक्रिया उन पंचायतों में लागू नहीं होगी, जो वर्तमान में सृजन, पुनर्गठन या विभाजन की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों को अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त किया जा सके।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत आम नागरिक 28 मार्च तक अपने दावे और आपत्तियां संशोधन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद 2 अप्रैल तक इन दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति निर्णय से संतुष्ट नहीं होता है, तो वह 10 अप्रैल तक अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकता है, जिसका निपटारा 17 अप्रैल तक सुनिश्चित किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया के उपरांत 20 अप्रैल या उससे पूर्व पूरक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा, जिससे सभी पात्र मतदाताओं को अपना नाम सूची में सुनिश्चित करने का अवसर मिल सके। प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण कार्य को लेकर सख्त निर्देश जारी करते हुए पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी एवं उपमण्डल दंडाधिकारी (ना.) डोडरा-क्वार सहित सभी खंड विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है कि वे अपने अधीन ग्राम पंचायतों में इस प्रक्रिया को समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से पूर्ण कराएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी प्रकार की लापरवाही न हो और अंतिम रूप से तैयार पूरक मतदाता सूचियों को ईआरएमएस सॉफ्टवेयर पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। स्थानीय स्तर पर मतदाता सूचियों की पर्याप्त प्रतियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**दुश्वारी** — तापमान में आई गिरावट ने बागवानी को डाला उलझन में

# सेब बहुल इलाकों में बारिश बनी नई चुनौती

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला सहित ऊपरी इलाकों में हालिया बारिश ने जहां सूखे जैसे हालात से राहत दी, वहीं अब यही बारिश बागवानी के लिए नई मुश्किलें खड़ी करती नज़र आ रही है। लगातार बरसात और उसके साथ बढ़ी ठंडक ने फलों की नाजुक अवस्था को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। हालांकि, अभी व्यापक स्तर पर नुकसान की स्थिति नहीं बनी है, लेकिन सेटिंग प्रभावित होने की आशंका ने बागवानों की चिंता बढ़ा दी है।



जानकारी के अनुसार मौजूदा समय में शिमला जिले में तापमान सामान्य से नीचे खिसक गया है। दिन का अधिकतम तापमान करीब 10 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि न्यूनतम तापमान 4 से 7 डिग्री तक पहुंच गया है। यह गिरावट ऐसे समय पर आई है जब फलों की सेटिंग के लिए संतुलित और अपेक्षाकृत गर्म मौसम की जरूरत होती है। लगातार बादल, नमी और ठंडी हवाएं इस प्रक्रिया में रुकावट डाल रही हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, सेब और स्टोन फ्रूट जैसे आड़ू, प्लम और नाशपाती के लिए फल सेटिंग का आदर्श तापमान आमतौर पर 18 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच माना जाता है। इस तापमान में परागण की प्रक्रिया बेहतर होती है और फल बनने की संभावना अधिक रहती है। लेकिन मौजूदा हालात में तापमान काफी नीचे चला गया है, जिससे परागण प्रभावित हो सकता है और सेटिंग कमजोर पड़ने का अंदेशा बढ़ गया है।

बागवानों के लिए चिंता का सबब यह भी है कि कई बागों में शुरुआती सेटिंग के संकेत दिखाई देने लगे थे, लेकिन अब मौसम की बेरुखी ने उस रफ्तार को थाम दिया है। हालांकि, फिलहाल बड़े पैमाने पर नुकसान की स्थिति सामने नहीं आई है, मगर अगर ठंड और नमी का यह दौर लंबा खिंचता है, तो आने वाले दिनों में इसका असर साफ तौर पर दिखाई दे सकता है।

### धैर्य बनाए रखें बागवान : डॉ. एसपी भारद्वाज

**बागवानी** विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज का कहना है, 'मौजूदा हालात में हल्की चिंता स्वाभाविक है क्योंकि तापमान अपेक्षा से नीचे चला गया है और लगातार नमी बनी हुई है। फल सेटिंग के लिए यह पूरी तरह अनुकूल स्थिति नहीं मानी जाती। हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि नुकसान की व्यापक स्थिति नहीं बनी है। जैसे ही मौसम साफ होगा और तापमान में सुधार आएगा, स्थिति स्वतः संभल जाएगी। यह बारिश आगे चलकर सेब की पारंपरिक किस्मों जैसे रॉयल डिलीशियस, रेड डिलीशियस के साथ-साथ उन्नत किस्मों के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने सलाह दी है कि बागवान धैर्य बनाए रखें और मौसम खुलते ही आवश्यक बागवानी कार्य शुरू करें, ताकि फसल को बेहतर दिशा दी जा सके।

# हिमाचल की अर्थव्यवस्था में मजबूती, चुनौतियां भी बरकरार

## निर्माण, बिजली, गैस, जलापूर्ति में वृद्धि, सेवा क्षेत्र सबसे मजबूत स्तंभ, बेरोजगारी 16.3%

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने प्रदेश की आर्थिक तस्वीर को आंकड़ों के आईने में पेश किया है, जिसमें तरक्की की चमक के साथ चुनौतियों की स्याही भी साफ नजर आती है। सर्वेक्षण बताता है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है, लेकिन बेरोजगारी, जलवायु संकट और सीमित संसाधनों की बंदिशें विकास की रफ्तार को चुनौती दे रही हैं।

आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 के 2,58,196 रुपए से बढ़कर 2025-26 में 2,83,626 रुपए आंकी गई है, जो 25,430 रुपए की बढ़ोतरी और 9.8 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। अगर दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य देखें तो वर्ष 2011-12 में यह आय 87,721 रुपए थी, जो अब तीन गुना से अधिक हो चुकी है। वहीं भारत की प्रति व्यक्ति आय 2011-12 के 63,462 रुपए से बढ़कर 2025-26 में 2,19,575 रुपए पहुंची है, जिससे हिमाचल की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मोर्चे पर भी प्रदेश ने मजबूती दिखाई है। वर्ष 2024-25 के 2,30,587 करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 2,53,886 करोड़ रुपए का अनुमान है, जो 10.1 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

### ◆सीएम सुक्खू ने आर्थिक सर्वेक्षण से बताई हिमाचल की सेहत



सीएम सुक्खू सदन में आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

वहीं, स्थिर मूल्यों (2011-12) पर वास्तविक जीएसडीपी 1,44,656 करोड़ से बढ़कर 1,56,681 करोड़ रुपए हो गया है, जिसमें 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो राष्ट्रीय औसत 7.4 प्रतिशत से अधिक है।

क्षेत्रवार विश्लेषण में प्राथमिक क्षेत्र का जीएसवीए 17,362 करोड़ से बढ़कर 18,824 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जिसमें 8.4 प्रतिशत की वृद्धि है। फसल क्षेत्र 7,516 करोड़ से बढ़कर 8,413 करोड़, वानिकी 5,764 करोड़ से बढ़कर 6,018 करोड़, पशुधन में 6.9 प्रतिशत, मत्स्य में 7.0 प्रतिशत और खनन में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। द्वितीयक क्षेत्र का जीएसवीए 61,561 करोड़ से बढ़कर 66,324 करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 7.7 प्रतिशत की वृद्धि है। निर्माण क्षेत्र में 12.6 प्रतिशत, जबकि बिजली, गैस व जल आपूर्ति में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सेवा क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है। इसका जीएसवीए 57,643 करोड़ से बढ़कर 62,581 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 8.6 प्रतिशत की वृद्धि है। व्यापार, होटल और रेस्टोरेंट क्षेत्र में 18.9 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि परिवहन व संचार में 5.9 प्रतिशत और रियल एस्टेट में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

हालांकि, इन सकारात्मक संकेतों के बीच कुछ चिंताजनक आंकड़े भी सामने आए हैं। प्रदेश में 15 से 29 वर्ष के युवाओं की बेरोजगारी दर 16.3 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 10.2 प्रतिशत से कहीं अधिक है।

### विपक्ष ने महंगी मशीनों की खरीद पर उठाए सवाल

**विधानसभा** में विपक्ष ने स्वास्थ्य क्षेत्र में मशीनों की खरीद को लेकर सरकार को घेरा और आरोप लगाया कि 10 करोड़ की मशीन 28 करोड़ में खरीदी जा रही है। इसे भ्रष्टाचार का मामला बताते हुए जांच की मांग की गई और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए। विपक्ष ने यह भी कहा कि अस्पतालों में मशीनें तो लाई जा रही हैं, लेकिन उन्हें संचालित करने के लिए डॉक्टरों की भारी कमी है। साथ ही कानून व्यवस्था, जंगलों की कटाई और प्रशासनिक लापरवाही जैसे मुद्दों को उठाकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया गया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया बेहतर कार्यवाही संचालन



सदन में कार्यवाही का संचालन करते हुए विधानसभा कुलदीप सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 14वें विधानसभा के 11वें सत्र (चरण दो) के तीसरे दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही गरिमामय माहौल में संपन्न हुई। विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय अवस्थी, नीरज नैय्यर, विवेक शर्मा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा गेट नंबर एक पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

सत्र आरंभ होने से पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने कार्यालय कक्ष में विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासनिक तैयारियों और कार्य संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा भी हुई, जिससे सत्र की कार्यवाही सुचारु रूप से संचालित हो सके। सदन में प्रवेश करने से पहले अध्यक्ष ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के माननीय सदस्यों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद उन्होंने अपने आसन ग्रहण कर बजट सत्र (चरण दो) के तीसरे दिन की कार्यवाही का संचालन किया। कार्यवाही के दौरान सदन में विभिन्न विषयों पर चर्चा और प्रक्रियाएं निर्धारित ढंग से आगे बढ़ीं।

इसी बीच सत्र शुरू होने से पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने भी अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई, जिसे सियासी मर्यादा और परंपरा का हिस्सा माना जा रहा है।

### ◆बजट सत्र के तीसरे दिन दिखी सक्रियता

### ◆सदन में सत्ता पक्ष-विपक्ष के सदस्यों का किया अभिवादन

# पहाड़ी राज्यों के लिए अलग मापदंड जरूरी: सीएम सुक्खू

## जल जीवन मिशन 2.0 से बदलेगी ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की तस्वीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पहाड़ी प्रदेशों की जमीनी हकीकत को समझे बिना एक समान विकास मापदंड लागू करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि इससे विकास की गति भी प्रभावित होती है।

इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में परियोजनाओं की निर्माण लागत स्वाभाविक रूप से अधिक होती है, इसलिए अन्य राज्यों के मानकों को हिमाचल पर थोपना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह बात जल जीवन मिशन 2.0 के लिए भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अवसर पर कही, जो नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला से वर्चुअल रूप से जुड़े, जबकि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य सरकार की ओर से जल शक्ति विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन और केंद्र सरकार की ओर से संयुक्त सचिव स्वाति नायक ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जेजेएम 2.0 के तहत दिसंबर 2028 तक ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अधोसंरचना के पुनर्निर्माण और संरचनात्मक सुधारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य और मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, जहां दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने, जल स्रोतों के संरक्षण और वितरण व्यवस्था को बनाए रखना अन्य राज्यों की तुलना में कहीं अधिक खर्चीला और कठिन कार्य है।



कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े सीएम सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

### सुक्खू ने केंद्र से 1227 करोड़ जारी करने का किया आग्रह

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से जेजेएम के तहत लंबित 1227 करोड़ रुपए शीघ्र जारी करने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि कई परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, लेकिन भुगतान लंबित होने के कारण कार्यों की गति प्रभावित हो रही है। राज्य सरकार आधुनिक तकनीकों को अपनाकर और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के ग्रामीण जीवन स्तर में व्यापक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

# नशे पर विधानसभा में हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को उस समय गरमा गया जब शून्य काल के दौरान नशे के बढ़ते प्रचलन और पुलिसकर्मियों की कथित संलिप्तता को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने सदन में जोरदार नारेबाजी की और विरोध स्वरूप वॉकआउट कर दिया। बाद में मीडिया से मुखातिब होते हुए जयराम ठाकुर ने सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बदहाल हो चुकी है और नशा माफिया को खुला संरक्षण मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि नशे पर अंकुश लगाने के लिए गठित विशेष टास्क फोर्स के जवान ही एलएसडी जैसे घातक नशे की तस्करी में लिप्त पाए गए हैं। जयराम ठाकुर ने कटाक्ष करते हुए कहा, 'जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तो युवा पीढ़ी को कौन बचाएगा।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सदन में इस गंभीर मुद्दे को उठाने पर मुख्यमंत्री और पुलिस अधिकारी हंसी-मजाक करते नजर आए, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उनके अनुसार, सरकार जमीनी कार्रवाई करने के बजाय केवल दिखावटी आयोजनों और प्रचार में व्यस्त है, जबकि प्रदेश के गांव-गांव तक नशे का जाल फैल चुका है।



नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सदन से वाकआउट करते हुए। अनंत ज्ञान

### ◆जयराम ठाकुर का आरोप सरकारी संरक्षण में फल फूल रहा नशे का कारोबार

### ◆फोन टैपिंग और जासूसी के आरोपों से सियासत गरमाई

### विपक्ष की गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

**प्रेस** वार्ता के दौरान जयराम ठाकुर ने सरकार पर विधायकों की जासूसी और फोन टैपिंग जैसे गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग नशा तस्करों पर कार्रवाई करने के बजाय विपक्ष के नेताओं की गतिविधियों पर नजर रखने में लगा है। साथ ही उन्होंने प्रदेश की वर्तमान स्थिति को आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से चिंताजनक बताते हुए कहा कि एक ओर राज्य कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर तबाही की ओर बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने स्थिति पर तुरंत काबू नहीं पाया, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

# विधानसभा में खिलाड़ियों को तीन फीसदी कोटे से नौकरी का ऐलान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में उस समय माहौल गरमा गया जब भाजपा विधायक जीतराम कटवाल अपने प्रश्न के जवाब से असंतुष्ट नजर आए। उन्होंने सदन में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री स्तर का प्रश्न पूछा था, लेकिन उन्हें बाबुओं जैसा सामान्य जवाब मिला। कटवाल ने यह भी कहा कि उनका यह पहला प्रश्न था, जो सही तरीके से नहीं लिया गया।

इस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तीखा जवाब देते हुए कहा कि जैसा प्रश्न पूछा जाएगा, वैसा ही उत्तर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रश्न सामान्य प्रकृति का होगा तो जवाब भी उसी स्तर का होगा। इस टिप्पणी के बाद सदन में कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया और सत्ता-पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली।

इसी बीच युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने सदन को एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के उन खिलाड़ियों को, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का नाम रोशन किया है, उन्हें आगामी दो से तीन महीनों के भीतर तीन फीसदी खेल कोटे के तहत सरकारी नौकरियां प्रदान की जाएंगी। यह जानकारी उन्होंने भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के प्रश्न के जवाब में दी।

वहीं, भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दिए गए लाभों की स्थिति को लेकर सवाल उठाया। इस पर पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने आश्वासन दिया कि योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द ही सदन के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, ताकि सभी तथ्यों को स्पष्ट किया जा सके।

### ◆सदन में तीखी बहस के बीच सवालों के स्तर पर उठा विवाद

### ◆राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने वाले खिलाड़ियों को जल्द मिलेगा रोजगार

# सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक, खाली भवनों पर घिरी सरकार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही हंगामे के बीच शुरू हुई। प्रश्नकाल लगते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। स्पीकर कुलदीप पठानिया को बार-बार हस्तक्षेप कर व्यवस्था बनाए रखने की अपील करनी पड़ी, लेकिन राजनीतिक तल्खी पूरे दिन हावी रही।

भाजपा विधायक सतपाल सत्ती ने खाली पड़े सरकारी भवनों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से जवाब मांगा कि करोड़ों की लागत से बने इन भवनों का उपयोग क्यों नहीं हो रहा। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने माना कि कुछ स्थानों पर आवश्यकता के अनुरूप योजना नहीं बन पाई और अब इस दिशा में सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के अंतिम दिन सत्ता और विपक्ष के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप अपने चरम पर रहे। विपक्ष ने सरकार के वित्तीय प्रबंधन और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए, वहीं सत्ता पक्ष ने अपनी उपलब्धियों और योजनाओं का हवाला देते हुए जवाब दिया। पूरे दिन सदन का माहौल राजनीतिक गरमाहट से भरा रहा।

### मुख्यमंत्री के जवाब के साथ चर्चा का समापन

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अंत में सदन में उठाए गए सभी मुद्दों पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर किया जाएगा और सदस्यों के सुझावों पर गंभीरता से विचार होगा। उनके विस्तृत उत्तर के साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा का समापन हो गया।

# विपक्ष के जनहित के मुद्दों पर घिरी सरकार, परमार ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता नजर आ रहा है, जहां एक ओर विपक्ष सरकार पर दबाव बनाने में जुटा है तो वहीं जनहित से जुड़े मुद्दे भी सदन में जोर-शोर से उठ रहे हैं। भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने सरकार पर राजनीतिक असुरक्षा और चुनावी डर का आरोप लगाया, जबकि दूसरी ओर एनएचएआई अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी सदन में तीखी नाराजगी देखने को मिली।

### ◆कहा, सरकार लोटस ऑपरेशन से डर रही



राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार विपक्ष के दबाव और आगामी चुनावों के कारण घबराई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को 'लोटस ऑपरेशन' का डर सता रहा है और इसी वजह से कांग्रेस से भाजपा में आए विधायकों को लेकर अनावश्यक बयानबाजी की जा रही है। परमार ने यह भी कहा कि सरकार को अपने संसाधनों को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि राजनीतिक भय में उलझना चाहिए।

वहीं, सदन में एनएचएआई अधिकारियों की मनमानी का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठा। द्रंग से भाजपा विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने आरोप लगाया कि फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान अधिकारियों की लापरवाही से कई परिवारों को नुकसान झेलना पड़ा है और अधिकारी स्थानीय प्रशासन तक की बात नहीं सुनते। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आश्वासन दिया कि प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि जनता को राहत मिल सके।

## विधानसभा में संशोधन विधेयक पेश

# पेट्रोल-डीजल पर अनाथ विधवा सेस की तैयारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश वैट संशोधन विधेयक-2026 पेश कर एक नई पहल का संकेत दिया। प्रस्तावित विधेयक में पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल पर अनाथ एवं विधवा सेस लगाने का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि यह सेस इस अंदाज में लागू किया जाएगा कि आम उपभोक्ताओं पर बेवजह का बोझ न पड़े और व्यवस्था संतुलित बनी रहे।

विधेयक के मुताबिक यह सेस राज्य में पेट्रोल और डीजल की पहली बिक्री के समय ही एकमुश्त वसूला जाएगा।

### ◆सामाजिक कल्याण के लिए नया राजस्व स्रोत बनाने की पहल

### ◆उपभोक्ताओं पर बोझ न पड़े, इस तरह तय होगी दर

सरकार को अधिसूचना के जरिए इसकी दर तय करने का अधिकार होगा, जबकि इसकी अधिकतम सीमा पांच रुपए प्रति लीटर निर्धारित की गई है। संशोधन के तहत नई धारा जोड़कर इस सेस को कानूनी आधार दिया जा रहा है, ताकि इससे प्राप्त धनराशि को सीधे तौर पर अनाथ बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर विधवाओं के कल्याणकारी कार्यक्रमों में खर्च किया जा सके और योजनाओं को स्थायी वित्तीय सहारा मिल सके।

इधर, राज्यपाल के बजट अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान सदन का माहौल भी खासा गर्म रहा। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने विपक्ष पर तंज कसते हुए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया, जिस पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित विपक्षी सदस्यों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। नोकझोंक और कटाक्षों के बीच सदन में कई बार शोर-शराबा हुआ, जिस पर अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को हस्तक्षेप कर व्यवस्था बनाए रखने की अपील करनी पड़ी।

## सियासी घमासान | विधानसभा में विपक्ष ने उठाए सवाल, सत्ता पक्ष ने किया पलटवार

# नशा और विकास मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन सदन में सियासी तापमान अपने चरम पर नजर आया। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के अंतिम दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों का खूब दौर चला, जिससे सदन का माहौल लगातार गरमाता रहा। चर्चा के दौरान नशा, विकास कार्यों, खिलाड़ियों के लिए नौकरियों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली जैसे कई मुद्दे प्रमुखता से उठे।

सदन में सबसे ज्यादा हंगामा नशे के मुद्दे को लेकर देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ते नशे को लेकर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार केवल कार्यक्रमों तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। इस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने पलटवार करते हुए कहा कि नशे की समस्या पिछले पांच वर्षों की देन है और पूर्व सरकार इस पर नियंत्रण करने में विफल रही। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार ने नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कई पुलिस और सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया है तथा तस्करों की संपत्तियां भी जब्त की गई हैं। इस दौरान सदन में नारेबाजी हुई और विपक्ष ने वॉकआउट भी किया।

सदन की गरमागरमी के बीच सरकार ने खिलाड़ियों के लिए एक अहम घोषणा कर माहौल को कुछ हद तक सकारात्मक करने की कोशिश की। युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को दो से तीन महीनों के भीतर तीन प्रतिशत खेल कोटे के तहत सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। इस घोषणा को सत्ता पक्ष की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, जबकि विपक्ष ने अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरना जारी रखा।

### एनएचएआई अधिकारियों पर उठाए सवाल

**द्रंग** से विधायक ने एनएचएआई अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि अधिकारी स्थानीय प्रशासन तक की नहीं सुनते और लोगों की संपत्तियों को नुकसान पहुंच रहा है। इस पर लोक निर्माण मंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रभावित लोगों के मामलों का समाधान किया जाएगा। वहीं, अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता की मांग की।

### खाली सरकारी भवन और योजनाओं पर उठी बहस

**सदन** में खाली पड़े सरकारी भवनों का मुद्दा भी उठा, जिस पर मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि कई बार आवश्यकता के बिना भवन बन जाते हैं और इस पर सुझावों के आधार पर सुधार किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लेकर भी जानकारी मांगी गई, जिस पर संबंधित मंत्री ने विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### सीएम का तीखा राजनीतिक बयान बना चर्चा का केंद्र

**सत्र** के अंत में मुख्यमंत्री सुक्खू का बयान खासा चर्चा में रहा, जिसमें उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर इसलिए परेशान हैं क्योंकि उनकी पार्टी के ही लोग उन्हें चैन से नहीं बैठने दे रहे। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह नशे जैसे गंभीर मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है, जबकि सरकार इसे जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आने वाले समय में प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान को और तेज करने की बात भी कही। इस तरह विधानसभा का यह दिन हंगामे, आरोपों-प्रत्यारोपों और घोषणाओं के बीच समाप्त हुआ, लेकिन इससे साफ हो गया कि आने वाले दिनों में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव और तेज होने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बसों की टक्कर, कंडक्टर की मौत, कई घायल

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** मलकपुर-माधोपुर नेशनल हाईवे पर दो बसों की टक्कर में कंडक्टर की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए, जिन्हें पुलिस की मदद से प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर मोहित टाक ने बताया कि दो बसें जम्मू-कश्मीर से मलिकपुर की तरफ आ रही थीं, तभी उनकी आपस में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बसों को काफी नुकसान हुआ और एक कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए, जिन्हें पुलिस की मदद से प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शाहपुर में होगा भव्य हैकाथॉन फेस्टिवल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हाइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स शाहपुर में तकनीकी नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य हैकाथॉन फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्रबंधन निदेशक दुष्यंत कायस्था के अनुसार, इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतिभागियों को टीमों में विभाजित कर सीमित समय में वास्तविक समस्याओं के समाधान विकसित करने होंगे। कार्यक्रम में कोडिंग चैलेंज, ऐप डेवलपमेंट, वेब डिजाइनिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रोजेक्ट जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। छात्रों को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, तकनीकी सत्र और वर्कशॉप्स भी मिलेंगी। विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, साथ ही इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर भी मिल सकते हैं। यह आयोजन छात्रों के लिए सीखने, नवाचार और करियर विकास का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

### अनुराग शर्मा ने की रजनी पाटिल से मुलाकात



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने आज हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी रजनी पाटिल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय मार्गदर्शन, प्रेरणादायी उद्बोधन एवं स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा की संगठनात्मक गतिविधियों, पार्टी संगठन की सुदृढ़ता, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता एवं जनहितकारी कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने विषय पर विस्तारपूर्वक सकारात्मक चर्चा हुई।

### साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बताए उपाय

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल, वित्तीय और स्वास्थ्य सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार दीपक शर्मा ने डिजिटल तकनीक के सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया। बैंक प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन लेनदेन, पासवर्ड सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। उप-डाकघर अधिकारियों ने बचत योजनाओं और निवेश के विकल्पों की जानकारी दी। स्वास्थ्य शिक्षक ने संतुलित आहार, व्यायाम और नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा काशीराम राजकीय डिग्री कॉलेज डाडासीबा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया मुख्य अतिथि रहे। प्राचार्य प्रो. रजनी संख्यान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और शैक्षणिक सत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिनमें पहाड़ी, पंजाबी और देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य शामिल थे। समूह गान, लोकनृत्य और नाटिकाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन और मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल सेवा जल्द हो बहाल

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** जवाली ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी कृष्ण भारद्वाज ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरोगेज रेललाइन पर लंबे समय से नियमित रेल सेवा नहीं चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से अब तक इस रूट पर लगातार रेल संचालन नहीं हो पाया है, जो सरकार की नीति और नीयत पर सवाल खड़े करता है। भारद्वाज ने चक्की पुल के क्षतिग्रस्त होने और उसके पुनर्निर्माण में देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और मशीनरी के बावजूद कार्य में लंबा समय लगना चिंताजनक है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप कर रेल सेवा शीघ्र बहाल करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** घुग्गर स्थित कालीबाड़ी मंदिर के हॉल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7 दिवसीय आजीविका प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बुजुर्गों को लघु एवं कुटीर उद्योगों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम पालमपुर के संयुक्त आयुक्त रमेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज के आधार स्तंभ हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। जिला विकास अधिकारी भानु प्रताप ने भी डिजिटल साक्षरता के महत्व पर जोर दिया, जबकि जिला कल्याण अधिकारी साहिल मंदला ने कार्यशाला को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न घरेलू उत्पादों के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के अंतर्गत मतदाता सूची के अद्यतन हेतु पूरक निर्वाचक नामावली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र नागरिक अपने नाम जोड़ने, संशोधन कराने या त्रुटि सुधार के लिए एसडीएम कार्यालय के कमरा नंबर 115 में 28 मार्च तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिक मतदाता बनने के पात्र होंगे। दावों का निपटारा 2 अप्रैल तक किया जाएगा, जबकि असहमति होने पर 10 अप्रैल तक अपील की जा सकेगी। अपीलों का निपटारा 17 अप्रैल तक होगा व अंतिम मतदाता सूची 20 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

### भाषण में भारती व एकल गायन में सुजल प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में पालमपुर क्लस्टर के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय थुरल, पालमपुर और बैजनाथ के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल मुख्य अतिथि रहे। प्रतियोगिताओं में टेबल टेनिस, शतरंज, भाषण, एकल गायन व नृत्य शामिल रहे। भाषण में भारती प्रथम और उदय द्वितीय रहे। एकल गायन में सुजल प्रथम, काजल द्वितीय व कोमल तृतीय रही। नृत्य में दुर्गेश प्रथम और शिवानी द्वितीय रहे। शतरंज में शिवम राणा प्रथम तथा विकास द्वितीय रहे, जबकि टेबल टेनिस में प्रकर्ष प्रथम और देवांश द्वितीय रहे।

### अनुराग के खिलाफ दुष्प्रचार पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव शशी राणा ने राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा के खिलाफ किए जा रहे कथित दुष्प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भ्रामक बयानबाजी लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है और इससे राजनीतिक माहौल प्रभावित होता है। शशी राणा ने भाजपा नेताओं से अपील की कि वे बिना तथ्यों के आरोप लगाने से बचें और सकारात्मक राजनीति करें। उन्होंने कहा कि अनुराग शर्मा एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता विकास कार्यों के आधार पर ही अपने प्रतिनिधियों का मूल्यांकन करती है और इस तरह की राजनीति से भ्रम की स्थिति पैदा होती है।

### पूर्व सैनिकों ने वेतन आयोग को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग को ज्ञापन भेजकर पूर्व सैनिकों की विभिन्न मांगों पर विचार करने की अपील की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि ओआरओपी के चौथे पुनरीक्षण में आई विसंगतियों को दूर करना आवश्यक है। ज्ञापन में प्रीमेच्योर रिटायर सैनिकों को ओआरओपी में शामिल करने, सभी रैंकों के लिए समान एमएसपी व डिसेबिलिटी पेंशन देने, एक्स ग्रुप लाभ बहाल करने तथा अग्निवीर योजना समाप्त करने की मांग की गई है। साथ ही सीएसडी कैंटीन में भेदभाव खत्म करने की भी बात उठाई गई। संगठन ने कहा कि लंबे समय से मांगें लंबित हैं, जिससे पूर्व सैनिकों में असंतोष बढ़ रहा है और उन्हें वेतन आयोग से समाधान की उम्मीद है।

# भारी बारिश के बीच शक्तिपीठों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन श्री चामुंडा, बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा व ज्वालाजी मंदिर में मां के दर्शनों को पहुंचे सैकड़ों भक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन हालांकि बारिश का दौर जारी रहा, इसके बावजूद आस्था के वशीभूत होकर देवी दर्शनों को पहुंचे श्रद्धालुओं का उत्साह कायम रहा। सुबह से ही शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की कतारें लगना शुरू हो गई थी। जिले के श्री चामुंडा, बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा तथा ज्वालाजी मंदिरों में चैत्र नवरात्रों के दूसरे दिन काफी तादाद में भक्त मां के दर्शनों को पहुंचे। दिन भर जारी रही हल्की बारिश के बावजूद भक्तों में उत्साह बना रहा। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश भी भक्तों की आस्था को डिगा नहीं पाई और श्रद्धालु धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। ज्वालाजी मंदिर के सुबह चार बजे कपाट खुलने के बाद से ही भक्तों का कतारों में लग कर दर्शन करने का क्रम शुरू हो गया जो सांय कालीन आरती तक जारी रहा। शक्तिपीठ बज्रेश्वरी में सुबह पांच बजे से भक्तों का मंदिर में पहुंचने का क्रम शुरू हो गया।



### विशेष महत्व रखती है अखंड ज्योति: अवनींद्र

**श्री ज्वालामुखी** मंदिर के पुजारी अवनींद्र शर्मा ने बताया कि दूसरे नवरात्रि पर पहले दिन के मुकाबले भीड़ कुछ कम रही, क्योंकि पहले दिन श्रद्धालु अखंड ज्योति जलाने के लिए अधिक संख्या में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यहां की अखंड ज्योति विशेष महत्व रखती है, जिसे कई श्रद्धालु अपने घर भी ले जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नवरात्रि के ये नौ दिन मौसम की दृष्टि से भी संतुलित रहते हैं और माता की कृपा से देश-विदेश से भक्त यहां पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि ज्वालामुखी मंदिर हिमाचल का एकमात्र ऐसा शक्तिपीठ है, जहां किसी प्रकार की मूर्ति नहीं है, बल्कि प्राकृतिक रूप से प्रकट अखंड ज्योतियां ही मां के स्वरूप के रूप में पूजी जाती हैं। इसका उल्लेख महाभारत में भी मिलता है।

### मां ज्वाला करती हैं सभी मनोकामना पूरी: एकता

**ज्वालामुखी** मंदिर में हरियाणा से आई श्रद्धालु एकता ने बताया कि वे पूरे परिवार के साथ माता के दर्शन के लिए पहुंची हैं और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करती हैं। उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। यूपी से आए सतीश ने बताया कि वे अकेले ही दर्शन के लिए पहुंचे और उन्हें सुगमता से दर्शन हो गए।

### श्री चामुंडा और श्री बज्रेश्वरी में जारी रहे अनुष्ठान

**बज्रेश्वरी** मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे तथा इस बीच मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजा रहा। श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में करीब 4500 भक्तों ने माथा टेका। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम दिन भर जारी रहा।

### बज्रेश्वरी मंदिर में पहले दिन 3 लाख का चढ़ा चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, आशीष दामीर, कांगड़ा।** कांगड़ा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता वज्रेश्वरी मंदिर में माता ब्रह्मचारिणी के द्वितीय नवरात्रे के दिन लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगी रहीं। मन्दिर अधिकारी शिवाली ठाकुर ने बताया प्रथम नवरात्र के दिन मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा 3,05891 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया गया और दूसरे दिन 6 हजार श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने बताया मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हेतु मानव रूहानी केंद्र द्वारा मेडिकल कैंप प्रतिदिन लगाया जा रहा है जिसमें अस्वस्थ श्रद्धालु अपना चेकअप करवा कर निशुल्क दवाइयां प्राप्त कर सकते हैं। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल और मंदिर अधिकारी ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की। शिवाली ठाकुर ने बताया एसडीएम कांगड़ा के निर्देशानुसार मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की निरन्तर निगरानी की जा रही है।

## फतेहपुर में विधायक भवानी पठानिया का इशारों-इशारों में विरोधियों पर वार

अनंत ज्ञान




**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** फतेहपुर से विधायक भावनी सिंह पठानिया एक बार फिर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने फेसबुक पर एक ऐसी पोस्ट साझा की है, जिसे लेकर सियासी गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

विधायक ने बिना किसी का नाम लिए इशारों-इशारों में अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा है। उन्होंने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा— 'इन महाशय को आपने देखा होगा... बरसात के मौसम में सुना भी होगा। इन साहब और इनकी बिरादरी की कहानी कल सुनाऊंगा...' इस पोस्ट के बाद से ही लोगों में उत्सुकता बढ़ गई है कि आखिर विधायक किसकी ओर इशारा कर रहे हैं। राजनीतिक जानकार इसे विरोधियों पर एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी मान रहे हैं, जिसमें उन्हें 'मौसमी' करार देने की कोशिश की गई है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि विधायक अगली पोस्ट में किस 'बिरादरी' की कहानी सामने लाते हैं और किसका खुलासा होता है।

# पठानकोट-मंडी फोरलेन से बोहरका व भनियाड़ी के गांवों का संपर्क टूटा

## प्रभावित ग्रामीण पिछले दो साल से ओवरफुट ब्रिज की मांग को लेकर भटक रहे दर-दर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पठानकोट-मंडी फोरलेन की वजह से जवाली उपमंडल के अंतर्गत भाली में दो गांवों का आपस में संपर्क टूट चुका है। ऐसे में प्रभावित ग्रामीण पिछले दो साल से ओवर फुट ब्रिज की मांग को लेकर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं। लंबे इंतजार के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर अब ग्रामीणों ने डीसी कांगड़ा से गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने चेताया कि जल्द कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो उन्हें अगले कदम बारे विचार करने को मजबूर होना पड़ेगा। धर्मशाला में डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा से गुहार लगाने पहुंचे ग्रामीणों ने मीडिया से अपनी समस्याएं साझा की। आलम यह है कि उक्त गांवों के लोगों का जो कार्य पहले 200 मीटर के पैदल सफर में हो जाता था, उसके लिए अब उन्हें 2 किलोमीटर का सफर तय करने को मजबूर होना पड़ रहा है।



फोरलेन प्रभावित ग्रामीण डीसी से मिलने जाते हुए। अनंत ज्ञान

### 200 मीटर का सफर बना 2 किमी: चरण सिंह

**ग्रामीण** चरण सिंह ने बताया कि जहां पहले 200 मीटर का रास्ता था, अब लोगों को 2 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। दो वर्षों से समस्या उठाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने डीसी कांगड़ा से फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग की है और चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई न हुई तो आक्रोश बढ़ेगा।

### खुदाई से बह रही जमीन, दोनों गांवों के बीच करें संपर्क: शिब्बो

**ग्रामीण** शिब्बो देवी ने कहा कि रास्ता खोलने के चलते परेशानी पेश आ रही है। खुदाई के कारण जमीन बहने लगी है। हमारे खेत, डिपो, डिस्पेंसरी, दूसरे गांव में है, ऐसे में रास्ता न होने के चलते बेहद परेशानी हो रही है। प्रशासन से मांग है कि दोनों गांवों के बीच संपर्क स्थापित किया जाए।

### दिव्यांग बच्चे के साथ आवागमन करना बना चुनौती: रेखा ठाकुर

**ग्रामीण** रेखा ठाकुर ने बताया कि उनके घर के सामने करीब 2 किलोमीटर तक छह मीटर गहरा गड्ढा खोद दिया गया है, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। अपनी ही जमीन तक पहुंचने के लिए उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। उनका 80 प्रतिशत दिव्यांग बच्चा है, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

## बारिश व पहाड़ियों पर बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा घाटी में पिछले दो दिनों से जारी बारिश और पहाड़ियों पर बर्फबारी ने ठिठुरन बढ़ा दी है। लंबे ड्राईस्पेल ने जहां जल शक्ति विभाग की चिंताएं बढ़ा दी थी, वहीं जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर वन विभाग ने भी अग्रिम तैयारी कर ली थी, लेकिन बारिश और बर्फबारी ने दोनों ही विभागों को फिलवक्त कुछ हद तक राहत प्रदान की है।

पिछले सप्ताह गर्मियों के कपड़ों में नजर आ रहे लोगों ने भी मौसम के मिजाज की तरह गर्म कपड़े पहन लिए हैं। हालांकि पिछले सप्ताह तक सुबह-शाम हो रहा सर्दी तथा दिन में पड़ रही गर्मी के कारण लोग काफी बीमार पड़ रहे हैं जिसपर कुल मिलाकर अब कुछ विराम लगा है। बताते चलें कि बारिशा तथा बर्फवारी के कारण अब न सिर्फ आम लोगों बल्कि किसानों तथा बागवानों को भी राहत मिली है। लंबे ड्राई स्पेल के बाद बारिश व बर्फवारी के दौर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस बार गर्मियों में पानी की किल्लत की आशंकाओं को लेकर ये बारिश नाम मात्र ही हुई है तथा इससे मार्च माह में ही पड़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अच्छी बारिश से जमीनी जलस्तर के लिहाज से पानी की किल्लत की आशंका कम हुई है।



### बनेर खड्ड में बढ़ा जलस्तर, सावधानी की अपील

**अनंत ज्ञान, योल।** पवित्र आस्था के केंद्र श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम से बहने वाली वनेर खड्ड में वीरवार को अचानक जलस्तर बढ़ने से तेज उफान देखने को मिला। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही वर्षा के चलते खड्ड का प्रवाह अत्यंत तीव्र और खतरनाक रूप धारण कर चुका है। मंदिर प्रशासन द्वारा पहले से ही खड्ड के किनारों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से विशेष अपील करते हुए कहा कि इन दिनों खड्ड के समीप जाना या उसमें उतरना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बहने वाली यह खड्ड सामान्य दिनों में जहां शांति और श्रद्धा का अनुभव कराती है, वहीं वर्षा ऋतु में इसका उग्र रूप खतरे का संकेत भी देता है।

## पंजाब के युवक से 51.92 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरंतर जारी विशेष अभियान के तहत कांगडा पुलिस की विशेष टीम द्वारा गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर 24 वर्षीय विशाल कुमार निवासी रेलवे लाईन बटाला, जिला गुरदासपुर के कब्जे से 51.92 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा इसके विरुद्ध पुलिस थाना नगरोटा बगंवा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की विशेष टीम जब वीरवार रात को गश्त पर थी तो गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त आरोपी कयास्थवाडी रेन शैटलर के अंदर खड़ा है। पुलिस टीम ने नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी को 51.92 ग्राम चिट्टे के साथ धर दबोचा। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

# चिट्टा तस्करी के दो फरार मुख्य आरोपी किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** चिट्टा तस्करी के मामले में फरार दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने पालमपुर से गिरफ्तार किया है। बता दें कि 10 जनवरी को जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पालमपुर निवासी अदित्य निवासी रोडी, पालमपुर को गांव रोडी के पास 35 ग्राम हैरोईन सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया था तथा आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पालमपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी से गहन पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण व ट्रांजेक्शन हिस्ट्री से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस को यह महत्वपूर्ण सुराग मिला कि उक्त आरोपी ने बरामदा हैरोईन लक्ष्य पठानिया निवासी लुधियाना, पंजाब से ली थी। मुख्य तस्कर लक्ष्य पठानिया को 16 मार्च को शाम के समय पालमपुर से गिरफ्तार कर लिया गया था। दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण व ट्रांजेक्शन हिस्ट्री से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस को यह महत्वपूर्ण सुराग मिला कि उक्त अरोपी 32 वर्षीय इन्द्रजीत सिंह निवासी रोड़ी, पालमपुर तथा 32 वर्षीय शिवा निवासी गुग्गा सलोह, पालमपुर भी इस मामले में संलिप्त हैं।

जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा फरार चले आ रहे दोनों तस्करों इन्द्रजीत व शिवा पकडने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे तथा थाना पालमपुर से एक विशेष गुप्त टीम का गठन करके अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। जो थाना पुलिस पालमपुर की टीम की कड़ी मेहनत, अथक प्रयास व सूझबूझ, के चलते दोनों तस्करों वीरवार को शाम के समय पालमपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है तथा नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है । मामले की पुरिूट करते हुए एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि कांगड़ा पुलिस निरन्तर नशा माफिया के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। हमारी प्राथमिकता नशे की जड़ों तक पहुंचकर उसके स्त्रोतों को समाप्त करना है।

### राहुल गांधी से अनुराग शर्मा की हिमाचली संस्कृति के साथ भेंट

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हिमाचली टोपी एवं पारंपरिक शॉल भेंट कर सम्मान प्रकट किए जाने पर बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के अति दुर्गम क्षेत्रों बड़ा भंगाल, छोटा भंगाल और बैजनाथ के पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस आत्मीय मुलाकात के दौरान हिमाचल की लोक संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों को एक नई पहचान मिली है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी से यह भेंट केवल शिष्टाचार मुलाकात नहीं, बल्कि सम्मान और सौहार्द का प्रतीक है, जिसने हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने का संदेश दिया है। इस अवसर पर गद्दी कल्याण बोर्ड के सदस्य मोहिंदर डोहरी, ओम प्रकाश, जगत राम, सुरेश कुमार, रूप लाल, संजीव ठाकुर, त्रिपता ठाकुर, निर्मला देवी, अनिल कुमार, अशोक कुमार, शांता देवी, कपिल शर्मा, राजेश ठाकुर, सीता राम, सुदर्शन कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

**सुविधाओं पर फोकस** योल बाजार को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाने के लिए नवनिर्वाचित व्यापार मंडल का अभियान तेज

# योल बाजार में सफाई अभियान शुरू, पार्किंग व्यवस्था सुधारने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** 28 फरवरी को व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब व्यापार मंडल ने बाजार की समस्याओं के समाधान की दिशा में सक्रिय कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। चुने हुए प्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। योल बाजार में फैली गंदगी, कचरा, मलबा और मिट्टी की समस्या को प्राथमिकता देते हुए पिछले 3-4 दिनों से सफाई अभियान का पहला चरण शुरू किया गया है। साथ ही बाजार के लिए एक स्थायी सफाई कर्मचारी भी नियुक्त किया गया है।

पदाधिकारियों का कहना है कि यह शुरुआत भर है और आने वाले दिनों में सफाई अभियान का दूसरा चरण भी शुरू किया जाएगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सनी भाटिया, महासचिव मनोज चंदेल, उपाध्यक्ष रमन चौधरी, सह सचिव सागर थापा और कोषाध्यक्ष चांद रानी चढ़ा ने बताया कि बाजार में पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। उनका मानना है कि यदि पार्किंग व्यवस्था सुधरेगी तो ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी और व्यापार में भी वृद्धि होगी। आने वाले समय में मुख्य बाजार स्थित पब्लिक टॉयलेट के पास दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही स्थानीय निवासियों से अपील की गई है कि जिनके घरों में किराएदार रहते हैं, वे अपने वाहनों को पेड पार्किंग में खड़ा करें, ताकि बाजार में अनावश्यक भीड़ कम हो सके।

व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि भविष्य में व्यापारी हित में कड़े फैसले लिए जाएंगे और व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त गहरी पुल, पुरानी चुंगी, बाजार और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पीरू सिंह चौक में नए टॉयलेट निर्माण के लिए शीघ्र ही स्टेशन हेड कमांडर से मुलाकात की जाएगी। कोषाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक व्यापारी से निर्धारित 50 रुपए मासिक सहयोग राशि भी शीघ्र एकत्रित की जाएगी।

साथ ही व्यापार मंडल ने यह भी जानकारी दी कि अप्रैल माह से शॉप लाइसेंस के नवीनीकरण (रिन्यूअल) का कार्य शुरू किया जाएगा। जिन व्यापारियों के पास व्यापार से संबंधित कोई भी लाइसेंस है, वे इसके नवीनीकरण के लिए व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं। व्यापार मंडल ने सभी व्यापारी भाइयों-बहनों, विशेषकर वरिष्ठ व्यापारियों का मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।



योल बाजार में सफाई अभियान शुरू किया गया। अनंत ज्ञान

### व्यापार मंडल की टीम सेवाभाव की मिसाल: मोहब्बत



**दुकानदार** मोहब्बत सिंह ने कहा व्यापार मंडल की यह टीम समन्वय, समर्पण और सेवाभाव की मिसाल है। व्यापारियों के हित और बाजार की सुंदरता के लिए इनका कार्य सराहनीय है।

### व्यापार मंडल को मिले मेहनती प्रतिनधि: बबलू



**योल** के व्यापारी बबलू सरदार का कहना है कि हमें मेहनती, समझदार और दूरदर्शी प्रतिनिधि मिले हैं, उम्मीद है कि इनके प्रयासों से पार्किंग जैसी समस्याओं का समाधान होकर व्यापार में नई प्रगति होगी।

### सुंदर लगने लगा शहर: मोनिका



**स्थानीय** निवासी मोनिका राणा (आर्मी पब्लिक स्कूल अध्यापिका) ने कहा कि व्यापार मंडल की जानकारी भले कम हो, लेकिन हाल की सफाई से शहर ज्यादा सुंदर लगने लगा है। उन्होंने सुझाव दिया कि कूड़ा गाड़ी सुबह आए या डस्टबिन की व्यवस्था हो, ताकि कामकाजी लोगों को सुविधा मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 मार्च तक जमा करवाएं बिजली के बिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 25 मार्च तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है। वे इनका भुगतान 25 मार्च तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### डीएवी स्कूल भड़ोली का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से नौवीं तक तथा डीएवी बोर्ड कक्षा आठवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एलएमसी कमेटी के वाइस चेयरमैन डॉ. ओपी सोंधी मुख्य अतिथि रहे। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। कक्षा आठवीं की ओवरऑल टॉपर रिद्धिमा सकलानी रहीं। अन्य कक्षाओं में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों को समझाया सांख्यिकी का महत्व

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांख्यिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आंकड़ों के महत्व को समझाना था। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। यह आयोजन भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत 'सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण के समर्थन' कार्यक्रम के तहत हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार बस्सी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ प्रो. नवीन, प्रो. अंजू शर्मा, प्रो. रितिका धवन, प्रो. सरवन व प्रो. रजनी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना के साथ किया गया।

### विद्यार्थियों ने सीखी आधुनिक तकनीकें

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज में सांख्यिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सांख्यिकीय उपकरणों और आधुनिक तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना था। कार्यशाला में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम दिन सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल सिंह ने सांख्यिकीय उपकरणों के उपयोग और शोध कार्यों में उनके महत्व की जानकारी दी तथा कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण भी दिया। दूसरे दिन अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के डॉ. इंद्रवीर सिंह ने 'सांख्यिकीय उत्पाद' विषय पर व्याख्यान देते हुए डेटा विश्लेषण और आधुनिक शोध पद्धतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं, जिनमें विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### 150 दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों की जांचा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी की जिला एवं उपमंडल इकाई ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली के सहयोग से शुक्रवार को यहां नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक शिविर आयोजित किया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 150 दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों ने अपना चैकअप करवाने के साथ-साथ कृत्रिम अंगों एवं सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण भी करवाया। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी बलदेव सिंह चंदेल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 75 रोगियों को मिला हड्डी व जोड़ों का उपचार

**अनंत ज्ञान, जाहू।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर रोपड़ी में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मव्वी के तत्वावधान में हड्डियों एवं जोड़ों से संबंधित रोगों के लिए विशेष आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 75 रोगियों ने स्वास्थ्य जांच व विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया। इस दौरान मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर और ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित मरीजों का आयुर्वेदिक पद्धतियों से उपचार किया गया। मर्म चिकित्सा, कपिंग थेरेपी और अग्निकर्म के माध्यम से दर्द व जकड़न में राहत प्रदान की गई। शिविर में निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं तथा जरूरतमंदों के ब्लड टेस्ट भी किए गए। कार्यक्रम में डॉ. कमल कौशल, डॉ. विजेंद्र सिंह बैंस और डॉ. स्वाति ने सेवाएं दीं। स्थानीय लोगों ने शिविर और चिकित्सा टीम के प्रयासों की सराहना की।

### चिल्ड्रन पार्क में प्रस्तावित सफाई अभियान स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा 21 मार्च को हीरा नगर के चिल्ड्रन पार्क में आयोजित किए जाने वाले सफाई अभियान को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उपायुक्त के सहायक आयुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष चिराग शर्मा ने बताया कि लगातार खराब मौसम एवं बारिश को देखते हुए इस अभियान को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

### सीबीएसई काडर के शिक्षकों की परीक्षा कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों के डेपुटेशन के लिए 22 मार्च को आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए जिला हमीरपुर में भी पांच केंद्र बनाए गए हैं। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चैहान ने बताया कि इस परीक्षा के लिए डिग्री कालेज कंजयाण, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज, डिग्री कालेज हमीरपुर, बहुतकनीकी कालेज बड़ू और डिग्री कालेज सुजानपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षकों की नियुक्तियां भी की गई हैं। यह परीक्षा सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी।

### सीएचसी धनेटा में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अपराध नियंत्रण एवं समाज सुधार संगठन हमीरपुर द्वारा 21 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेटा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अनिल गुलेरिया ने बताया कि यह शिविर संगठन के पूर्व में रहे जिला सचिव योगराज की याद में लगाया जा रहा है। इस शिविर में आंख, कान, नाक गला आदि बिमारीयों की जांच अनुभवी विशेषज्ञ द्वारा की जाएगी।

### शिक्षा निदेशक के फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीबीएसई स्क्रीनिंग परीक्षा को ऑन ड्यूटी घोषित करने के निर्णय को राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया है और शिक्षा निदेशक आशीष कोहली व शिक्षा बोर्ड सचिव मेजर डॉ. विशाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। संघ ने 19 मार्च को दिए गए ज्ञापन में परीक्षा में शामिल शिक्षकों के लिए यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता की मांग उठाई थी, क्योंकि कई शिक्षकों को 250 से 350 किलोमीटर दूर केंद्र आवंटित हुए थे। खराब मौसम और लंबी दूरी के कारण आने-जाने में कठिनाई की आशंका जताई गई थी। शिक्षा बोर्ड सचिव ने इस मामले को शिक्षा निदेशक के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया था। संघ के पदाधिकारियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे शिक्षकों के लिए बड़ी राहत करार दिया। परीक्षा सामग्री पहले ही केंद्रों तक पहुंच चुकी है, इसलिए केंद्रों में बदलाव संभव नहीं है।

### धसमां में 27 मार्च को दंगल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत कंज्याण के गांव धसमां में 27 मार्च को पारंपरिक दंगल का भव्य आयोजन होगा। दंगल कमेटी के प्रधान सूबेदार अमर सिंह ने बताया कि इस बार आयोजन को विशेष रूप से आकर्षक बनाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक पहलवान भाग लें। बड़ी माली के विजेता को 20,000 रुपए और छोटी माली के विजेता को 7,100 रुपए नकद इनाम दिया जाएगा। सचिव बलदेव सिंह के अनुसार दूर-दराज के नामी पहलवानों को भी आमंत्रित किया गया है। दर्शकों के लिए बैठने, पानी व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी। कमेटी ने लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### गणित शिक्षकों की भर्ती परीक्षा 26 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गणित शिक्षकों की भर्ती (पोस्ट कोड-26003) के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग 26 मार्च को परीक्षा आयोजित करेगा। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों के ई-एडमिट कार्ड आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उम्मीदवार एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसमें दिए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले शुरू होगा, जबकि आधा घंटा पहले गेट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। एडमिट कार्ड डाउनलोड या अन्य समस्या के लिए अभ्यर्थी सुबह 10 से शाम 6 बजे तक हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

# बस्सी से तताहर सड़क पर बारिश से चंदरूही बाजार में जलभराव, परेशानी

## धीमी गति से चल रहे सड़क निर्माण कार्य से लोगों को हो रही है दिक्कत

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** दो दिनों से हो रही मूसलाधर बारिश ने लोगों के लिए जगह-जगह जलभराव से समस्या पैदा कर दी है। बस्सी से तताहर सड़क पर चंदरूही बाजार में सड़क का पानी भर गया है। इससे स्थानीय दुकानदारों व लोगों को दिक्कत पैदा हो गई है।

करीब दो वर्षों से जारी बस्सी से तताहर वाया चंदरूही सड़क के विस्तारीकरण का निर्माण कार्य धीमी गति से होने के कारण लोगों को दिक्कत का समाना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के दावों की पोल खोल रहा निर्माण कार्य आये दिन लोगों को परेशानी दे रहा है। इससे स्थानीय लोग उग्र होने लगे हैं। सड़क निर्माण कंपनी निर्भय ने हाल ही में सड़क को पक्का करने तथा खाली छोड़ी जगहों पर पेवर ब्लॉक कार्य शुरू करने की



चंदरूही बाजार में जलभराव से बढ़ी परेशानी। अनंत ज्ञान

बात कही थी, लेकिन कुछ ही भाग में टारिंग हो पाई है लेकिन अभी भी काफी हिस्सा टारिंग के अभाव से खराब पड़ा है। चंदरूही बाजार में करीब एक दर्जन दुकानें इस सड़क के किनारे है, लेकिन बाजार में नालियों के निर्माण के लिए खुदाई तो की गई है, लेंकिन वह जगह-जगह बाधित पड़ी है। इससे बारिश के पानी की निकासी बंद हो गई है और सड़क पर पानी भर गया है। इससे स्थानीय घरों में पानी घूसने लगा है। इसी तरक कक्कड़ बाजार में सड़क पर पडे गड्ढों में पानी भर गया है। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी के पास भी सड़क पर पानी भरने के दिक्कत हो रही है। कक्कड़ पंचायत के पूर्व प्रधान विनोद कुमार का कहना है कि चंदरूही बाजार में जल भराव के कारण घरों व दुकानों को दिक्कत पैदा हो गई है। उन्होंने सड़क पर भरे पानी की निकासी करने की लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है तथा पक्की नालियां बनाने की मांग की है।

### जलभराव की समस्या का किया जा रहा स्थायी हल

**लोक** निर्माण विभाग उपमंडल भोरंज के अधीन आने वाले अनुभाग भरेड़ी के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार का कहना है कि चंदरूही बाजार में जलभराव की समस्या का स्थाई हल किया जा रहा है। बारिश की बजह से कार्य में देरी हुई है। बारिश के थमते ही बाजार में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। इससे पानी की निकासी भी होगी।

# लगातार बारिश से सुजानपुर का मेला ग्राउंड बना दलदल



दुकानदारों को भारी नुकसान, व्यापार पर पड़ा असर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश ने सुजानपुर मेला ग्राउंड चौगान को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मैदान में जगह-जगह पानी भरने और कीचड़ जमा होने से हालात दलदल जैसे हो गए हैं, जिसके चलते लोगों की आवाजाही भी काफी कम हो गई है। वाहनों की आवाजाही से बने गड्ढों में पानी भरने से समस्या और बढ़ गई है। कई दुकानों के भीतर बारिश का पानी घुसने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों के अनुसार पहले महंगाई और मंदी का असर झेलने के बाद अब मौसम की मार ने उनकी स्थिति और खराब कर दी है। मेला आधिकारिक रूप से समाप्त हो चुका है, लेकिन प्रशासन द्वारा इसे 25 मार्च तक चलाने की अनुमति दी गई है। लगातार बारिश के कारण कई दुकानदार मेला स्थल छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं और उन्हें अपने खर्च पूरे होने की चिंता सता रही है।

## सर्वोच्च न्यायालय से दो को जमानत नहीं, दो को राहत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर में क्रशर व खनन से जुड़े मामले में विधायक के रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जांच के बाद 12 अगस्त 2025 को प्रवीन, उमेश, सतीश और संजय के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों की अंतरिम जमानत हिमाचल उच्च न्यायालय द्वारा खारिज की जा चुकी थी, जिसके बाद सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। 19 मार्च को हुई सुनवाई में न्यायालय ने प्रवीन और उमेश की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं, जबकि सतीश और संजय को राहत प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि उमेश और परवीन को सरेंडर करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है, अन्यथा निर्धारित अवधि के बाद उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। हमीरपुर पुलिस ने जांच प्रक्रिया में प्रभावी पैरवी और समन्वय सुनिश्चित किया है।

◆ **क्रशर व खनन से जुड़ा मामला**

## सदन में कैप्टन रणजीत सिंह ने उठाए अग्निवीर, मनरेगा व आरडीजी के मुद्दे

अनंत ज्ञान

◆ **केंद्र व विपक्ष पर साधा निशाना, किसानों व मजदूरों की समस्याओं पर जोर**

**सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अग्निवीर, मनरेगा और आरडीजी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र और विपक्ष दोनों को घेरते हुए तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने अग्निवीर योजना को अधूरी बताते हुए कहा कि चार साल की सेवा युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि या तो पुरानी भर्ती प्रणाली बहाल की जाए या योजना को 15 वर्ष की सेवा और पेंशन के साथ लागू किया जाए, ताकि जवानों का भविष्य सुरक्षित हो सके।



उन्होंने मनरेगा के नए नियमों की आलोचना करते हुए कहा कि इससे गरीब और मजदूर वर्ग प्रभावित हो रहा है और रोजगार के अवसर सीमित हो रहे हैं। उन्होंने मनरेगा को पूरे वर्ष प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की। साथ ही आरडीजी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप उचित नहीं है। कैप्टन रणजीत सिंह ने पूर्व भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिना भवन और स्टाफ के दफ्तर खोलकर जनता को गुमराह किया गया। वहीं वर्तमान प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सुजानपुर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों व स्टाफ की उपलब्धता को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

## खनन मामले में सच्चाई बेनकाब, विधायक जवाब दें: डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** क्रशर व खनन से जुड़े वित्तीय गड़बड़ी मामले में सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद सियासी बयान तेज हो गए हैं। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि इस फैसले से कई तथ्य उजागर हुए हैं और यह स्पष्ट हो गया है कि गड़बड़ी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि असली दोषियों की बजाय उनके परिवार के सदस्य प्रभावित हो रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि मालिकाना हक अचानक पारिवारिक सदस्यों के नाम पर क्यों स्थानांतरित किया गया। उन्होंने सदर विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब सच्चाई जानना चाहती है। डॉ. वर्मा के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से यह भी स्पष्ट हुआ है कि प्रदेश सरकार और पुलिस की कार्रवाई सही दिशा में थी। उन्होंने कहा कि खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई जारी रहनी चाहिए और कानून से ऊपर कोई नहीं है।

### भोरंज क्षेत्र में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 21 मार्च (शनिवार) को बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार 11 केवी फीडरों के आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस दौरान मुख्य रूप से भ्याड़, टुह, डुंगरी, सधरियाण और टकोटा भटा गांव प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी कारणवश मौसम खराब रहता है, तो यह कार्य अगले दिन यानी 22 मार्च 2026 को किया जाएगा।

### केवी नादौन में पहली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नादौन में कक्षा 1 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। यह जानकारी देते हुए केंद्रीय विद्यालय नादौन के प्रिंसीपल एसडी लखनपाल ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि आवेदन ऑनलाइन शुरू हो चुका है। अंतिम तिथि 2 अप्रैल है। बच्चे की आयु सीमा 31 मार्च तक 6 वर्ष निर्धारित है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी, आवश्यक दस्तावेज, आरक्षण नियम एवं अन्य निर्देश केन्द्रीय विद्यालय संगठन की आधिकारिक वेबसाइट तथा विद्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्य दिवस में मोबाइल नं. 9817341920 पर संपर्क कर सकते हैं।

### आईएचएम हमीरपुर का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम हमीरपुर) का इस वर्ष का कैंपस प्लेसमेंट रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा। एडीसी हमीरपुर एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने बताया कि द ओबरॉय, ताज होटल, विवांता बाय ताज, मैकडोनाल्ड, बीकानेरवाला सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए। इन कंपनियों ने विद्यार्थियों को 2 से 5 लाख रुपये वार्षिक वेतन पैकेज के ऑफर दिए। संस्थान के 82 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्राप्त हुआ। विभिन्न कंपनियों में फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज और मैनेजमेंट ट्रेनी जैसे पदों पर चयन हुआ। अभिषेक गर्ग ने बताया कि पिछले वर्षों में भी संस्थान के छात्रों को देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मिला है। साथ ही, इस वर्ष विभिन्न डिग्री और डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 मार्च तक किए जा सकते हैं।

### लंबित मांगों व समस्याओं पर होगा मंथन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ का राज्य स्तरीय 29वां स्थापना दिवस समारोह दिनांक 29 मार्च को पेंशनर भवन, हमीरपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष के.सी.गौतम ने जारी प्रेस बयान में कहा कि इस समारोह के दौरान पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर मंथन हेतु प्रदेश इकाई की आम बैठक का आयोजन भी होगा। स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम व बैठक एजेंडा के संबंध में प्रदेशाध्यक्ष द्वारा 4 मार्च को सभी प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व जिला प्रधानों को पत्र जारी कर दिया गया है ताकि पदाधिकारियों एवं पेंशनरों को समारोह में आने वारे समय पर सूचना उपलब्ध हो सके। पेंशनरों के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने बारे जानकारी पहुंचाई जा रही है। अतः समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि स्थापना दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### एआई व ऑफिस ऑटोमेशन कोर्स का अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं दिव्यांग सशक्तिकरण निदेशालय शिमला द्वारा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत नाइलिट (NIELIT) के सहयोग से कौशल विकास कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। नादौन के निकट टिल्लू स्थित माइक्रो इन्फोटेक एजूकेशन सोसाइटी में अप्रैल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी तथा ऑफिस ऑटोमेशन, अकाउंटिंग एवं पब्लिशिंग के तीन-तीन महीने के कोर्स चलेंगे। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि इन कोर्सों के लिए 31 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान चयनित युवाओं को हर माह 2000 रुपये वजीफा मिलेगा। एआई कोर्स के लिए स्नातक और ऑफिस ऑटोमेशन के लिए 12वीं पास होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयन मेरिट के आधार पर होगा, जिसमें बीपीएल और महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### काले अंब में वरिष्ठ नागरिकों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत काले अंब में जिला कल्याण विभाग द्वारा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों की केवाईसी प्रक्रिया भी पूरी की गई। शिविर में डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के मनोरोग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और डिमेंशिया रोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने समय पर जांच व उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व प्रधान रतन चंद डोगरा और वर्तमान प्रधान निर्मला डोगरा ने विभाग का आभार व्यक्त किया।

### भगवती स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पदक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिल्वरजोन इंटरनेशनल ओलंपियाड सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। कक्षा तीसरी की आरुषी व लक्ष परमार, कक्षा चौथी के हिमांशु, कक्षा छठी की पुष्टि अवस्थी व रिया, कक्षा सातवीं की आरोही और कक्षा आठवीं की संस्कृति कौंडल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं रेयांश ठाकुर, नैतिक और अनिका ने रजत पदक हासिल किए। सिल्वर जोन इंटरनेशनल हिंदी प्रतियोगिता में भी अनिका और परमीत ने स्वर्ण, यशिका ने रजत तथा रेयांश ठाकुर ने कांस्य पदक जीता। प्रधानाचार्य आरती कटोच ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन को मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया तथा द्वितीय स्तर में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### पंचायत मतदाता सूचियों में दर्ज करवाएं नाम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने ग्राम पंचायतों की अनुपूरक (संशोधित) मतदाता सूचियों के प्रकाशन की तिथियां निर्धारित कर दी हैं। एक अप्रैल 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी पंचायत मतदाता सूचियों में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। अनुपूरक सूचियों के पुनरीक्षण के लिए सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारियों और बीडीओ को पुनरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। 3 फरवरी को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूचियों के बाद जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, वे 28 मार्च तक संबंधित बीडीओ कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। बीडीओ 2 अप्रैल तक आपत्तियों का निपटारा करेंगे। इसके बाद 10 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील की जा सकेगी।

## हिमाचल में रेलवे परियोजनाओं में देरी पर अनुराग ने जताई चिंता

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल में रेलवे परियोजनाओं की धीमी प्रगति को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार के असहयोग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से समय पर सहयोग न मिलने और आवश्यक प्रक्रियाओं में देरी के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। लोकसभा में रेल मंत्रालय के लिखित उत्तर का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि भूमि उपलब्ध कराने और राज्य अंश जारी करने में देरी परियोजनाओं की गति को बाधित कर रही है।



उन्होंने विशेष रूप से भानुपली-बिलासपुर-बेरी नई रेल लाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस परियोजना पर अब तक5,252 करोड़ खर्च हो चुके हैं, जबकि राज्य सरकार का 1,843 करोड़ का हिस्सा अभी भी लंबित है। इसके अलावा 124.02 हेक्टेयर भूमि में से केवल 82 हेक्टेयर भूमि ही अब तक उपलब्ध कराई गई है, जिससे निर्माण कार्य सीमित स्तर पर चल रहा है। कुल 214 किलोमीटर लंबी तीन स्वीकृत रेल परियोजनाओं में से 64 किलोमीटर कार्य पूरा हो चुका है। अनुराग ने बिलासपुर-मनाली-लेह रेल लाइन को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसकी डीपीआर तैयार है और अनुमानित लागत 1,31,000 करोड़ है। उन्होंने केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार से अपील की कि वह अपना लंबित वित्तीय अंश जारी करे, भूमि हस्तांतरण में तेजी लाए और आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र प्रदान करे। साथ ही उन्होंने केंद्र, राज्य और रेलवे के प्रतिनिधियों की संयुक्त मॉनिटरिंग सेल बनाने की मांग की, ताकि परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा हो सके और लंबित मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## बड़सर में हिमुडा के निदेशक इंजीनियर राजेश को लेकर राजनीतिक चर्चा तेज

अनंत ज्ञान

◆ **कांग्रेस की रणनीति और टिकट चयन पर उठे सवाल**

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर क्षेत्र में हिमुडा के निदेशक इंजीनियर राजेश बन्याल को लेकर राजनीतिक और सामाजिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। आरईसी हमीरपुर और एनआईटी हमीरपुर से शिक्षा प्राप्त कर चुके बन्याल ने हिमुडा कॉलोनी के निर्माण को लेकर 2010 में हुए सर्वे के बाद लंबित पड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। उन्होंने भोटा के पास और भुटलाड क्षेत्र में लगभग 200 कनाल भूमि का निरीक्षण भी किया है, जहां कॉलोनी विकसित करने की संभावना जताई जा रही है। इससे स्थानीय स्तर पर विकास को लेकर उम्मीदें बढ़ी हैं।



राजेश बन्याल इससे पहले बाबा बालक नाथ ट्रस्ट में ट्रस्टी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने 1500 वर्ष पुराने मंदिर की गुफा को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सक्रियता को देखते हुए क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि यदि कांग्रेस पार्टी उन्हें विधानसभा चुनाव में मौका देती है तो वे विकास के नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। हालांकि राजनीतिक परिस्थितियां और अंदरूनी समीकरण इस निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं।

विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस पार्टी को आगामी चुनावों में योग्य और जीतने की क्षमता रखने वाले उम्मीदवारों पर ध्यान देना होगा। कांगड़ा और हमीरपुर जिलों की कई सीटों पर संभावनाएं बनी हुई हैं, लेकिन संगठनात्मक मजबूती और गुटबाजी को संतुलित करना चुनौती बना हुआ है। बड़सर सीट पर भी यदि मजबूत उम्मीदवार को आगे लाया जाता है तो मुकाबला रोचक हो सकता है और पार्टी की स्थिति में सुधार की संभावना बन सकती है।

**तैयारी** पहली बार हो रहे इस हैरतअंगेज शो के लिए किए जा रहे सभी प्रबंध: गंधर्वा राठौड़

# सुजानपुर में वायुसेना का अद्भुत एयर शो 25 से

अनंत ज्ञान

◆ **विश्व की बेहतरीन एरोबेटिक टीमों में शामिल है वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम**

**हमीरपुर।** भारतीय वायुसेना 25 और 26 मार्च को सुजानपुर टिहरा के मैदान के ऊपर एक अदभुत एयर शो करने जा रही है। हिमाचल प्रदेश में संभवत: पहली बार होने जा रहे वायु सेना के लड़ाकू विमानों के इस एयर शो की तैयारियों की समीक्षा के लिए उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शुक्रवार को जिला एवं उपमंडल स्तर, वायु सेना और सैनिक स्कूल के अधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि 25 व 26 मार्च को यह एयर शो सुबह लगभग 10:45 बजे से 11:30 बजे के बीच होगा, जिसमें वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के कुल नौ विमान सुजानपुर के मैदान के ठीक ऊपर आसमान में कई हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। ये विमान चंडीगढ़ व आदमपुर के एयर फोर्स स्टेशनों से उड़ान भरेंगे। एयर शो के मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों, स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों और आम लोगों के लिए मैदान में सभी आवश्यक प्रबंध किए



एयर शो की तैयारियों को लेकर डीसी ने बैठक की। अनंत ज्ञान

जा रहे हैं। उपायुक्त ने जिला एवं उपमंडल स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वायु सेना तथा सैनिक स्कूल के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें।

डीसी ने कहा कि एयर शो की कमेंटरी के लिए मैदान में एक विशेष कैबिन भी बनाया जा रहा है, जहां से वायु सेना के अधिकारी एक-एक पल और विमानों के करतबों की जानकारी दर्शकों को देंगे। सुजानपुर के स्थानीय निवासी इस रोमांच भरे एयर शो को अपने घरों से भी देख सकते हैं। गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि यह एयर शो सभी लोगों और विशेषकर, विद्यार्थियों के लिए एक अलग अनुभव होगा। इसलिए, इसमें अधिक से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी सुजानपुर और इसके आस-पास के सभी क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों को सूचित करें। कांगड़ा जिला के पालमपुर, धीरा व जयसिंहपुर तथा मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल के शिक्षण संस्थानों से भी संपर्क किया जा सकता है। बैठक में सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य एवं वायु सेना की वरिष्ठ अधिकारी ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने बताया कि सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम एशिया की एकमात्र नौ विमानों वाली एरोबेटिक टीम है और विश्व की चुनिंदा उत्कृष्ट एरोबेटिक टीमों में गिनी जाती है। इस टीम ने भारत के विभिन्न शहरों के अलावा चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर तथा संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एयर शो में भारतीय वायु सेना की पेशेवर उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। बैठक में एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, वायु सेना की ओर से विंग कमांडर संग्राम लुईट, एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला, एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

'**कर्म** की उत्पत्ति विचार में है, अत: विचार ही महत्वपूर्ण हैं।
-साई बाबा

## संपादकीय

# हिमाचल की आर्थिक सेहत

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां चुनौतियों के साथ-साथ संभावनाओं के नए द्वार भी खुलते दिखाई दे रहे हैं। सीमित संसाधनों, प्राकृतिक आपदाओं, बढ़ते कर्ज और केंद्र से अपेक्षित सहयोग की कमी के बावजूद राज्य ने जिस प्रकार आर्थिक संतुलन बनाए रखा है, वह सराहनीय है। वित्त वर्ष 2025-26 के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि राज्य की आर्थिक सेहत धीरे-धीरे सुधर रही है और भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत दे रही है।

प्रति व्यक्ति आय की बात करें, तो इसका 2,83,626 रुपए तक पहुंच जाना न केवल एक उपलब्धि है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य की आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। यह राष्ट्रीय औसत से लगभग 64 हजार रुपए अधिक है, जो हिमाचल को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करता है। इसके साथ ही 8.3 प्रतिशत की अनुमानित आर्थिक वृद्धि दर यह संकेत देती है कि राज्य विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। हालांकि, इस विकास की नींव पूरी तरह मजबूत नहीं कही जा सकती, क्योंकि राज्य का बड़ा हिस्सा अभी भी लोन पर आधारित है।

हिमाचल की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती उसका बढ़ता हुआ कर्ज है। राज्य सरकार अपने खर्चों को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर उधार पर निर्भर है। यह स्थिति अल्पकालिक राहत तो देती है, लेकिन दीर्घकाल में वित्तीय असंतुलन का कारण बन सकती है। इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि सरकार राजस्व के स्थायी स्रोत विकसित करे और अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखे। राज्य की अर्थव्यवस्था में पर्यटन क्षेत्र का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग 7.7 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देने वाला यह क्षेत्र हिमाचल की आर्थिक रीढ़ बन चुका है। कोविड-19 महामारी के बाद जिस प्रकार पर्यटन क्षेत्र ने तेजी से वापसी की है, वह उत्साहजनक है। वर्ष 2025 में 3 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन यह दर्शाता है कि हिमाचल एक बार फिर देश और दुनिया के पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। विशेष रूप से पंजाब और आसपास के राज्यों से आने वाले पर्यटक राज्य की आय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हालांकि, हाल के दिनों में टोल टैक्स और एंट्री फीस में बढ़ोतरी जैसे निर्णयों ने पर्यटकों के बीच कुछ असंतोष पैदा किया है। यदि सरकार इस दिशा में संतुलन नहीं बनाती, तो इसका सीधा असर पर्यटन पर पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि सरकार ऐसी नीतियां बनाए जो पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ-साथ राज्य के राजस्व को भी बढ़ाएं। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कई कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। विपक्ष, विशेषकर भारतीय जनता पार्टी, लगातार सरकार की नीतियों की आलोचना करता रहा है, लेकिन सरकार ने अपनी योजनाओं और रणनीतियों के माध्यम से स्थिति को संभालने का प्रयास किया है। राज्यसभा चुनाव और उपचुनावों के घटनाक्रमों ने राजनीतिक अस्थिरता के संकेत जरूर दिए, लेकिन सत्ता पक्ष ने अपनी स्थिति को पुन: मजबूत किया है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 1.56 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विकास दर में कुछ कमी आई है, फिर भी आर्थिक विस्तार जारी है। वर्ष 2023 में आई भारी बारिश और भूस्खलन ने राज्य को भारी नुकसान पहुंचाया था, जिससे बुनियादी ढांचे और आर्थिक गतिविधियों पर गहरा असर पड़ा। इसके बावजूद पुनर्निर्माण की दिशा में किए गए प्रयास राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

महंगाई दर में हालिया गिरावट राज्य के लिए राहत भरी खबर है। इससे आम लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा और बाजार में मांग बढ़ेगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी, लेकिन यह स्थिति स्थायी बनी रहे, इसके लिए सरकार को आपूर्ति तंत्र और बाजार नियंत्रण पर ध्यान देना होगा। हिमाचल प्रदेश के सामने रोजगार सृजन भी एक बड़ी चुनौती है। खासकर युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी चिंता का विषय है। यदि राज्य को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता प्राप्त करनी है, तो उसे उद्योग, सेवा क्षेत्र और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना होगा। स्किल डेवलपमेंट और स्वरोजगार योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना भी जरूरी है।

बुनियादी ढांचे के विकास की बात करें तो हिमाचल में सड़क नेटवर्क काफी विस्तृत है, लेकिन कई दूरदराज क्षेत्रों में अब भी कनेक्टिविटी की कमी है। रेल और हवाई सेवाओं का विस्तार भी आवश्यक है। डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी इंटरनेट सेवाओं की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाकर ही राज्य समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत रत्न शहनाई वादक

**उस्ताद** बिस्मिल्लाह खां भारत के महान शहनाई वादक थे, जिन्होंने इस लोकवाद्य को शास्त्रीय संगीत में प्रतिष्ठित स्थान दिलाया। उनका जन्म 21 मार्च 1916 को बिहार के डुमरांव में हुआ था। वे एक ऐसे संगीत परिवार से आते थे, जहां कई पीढ़ियों से शहनाई वादन की परंपरा चली आ रही थी। उनके चाचा अली बख्श 'विलायतु' उनके गुरु थे, जिनसे उन्होंने बनारस में शहनाई की शिक्षा प्राप्त की।



उस्ताद बिस्मिल्लाह खान
जन्म : 21 मार्च 1916
मृत्यु : 21 अगस्त, 2006

बिस्मिल्लाह खां ने अपने कठिन रियाज और साधना से शहनाई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने 'चैती', 'कजरी' और 'झूला' जैसी लोकधुनों को शास्त्रीय संगीत में समाहित कर इसे समृद्ध बनाया। 1947 में भारत की आजादी के अवसर पर लाल किले से उनकी शहनाई की प्रस्तुति ऐतिहासिक बन गई। इसके बाद हर साल स्वतंत्रता दिवस पर उनका वादन एक परंपरा बन गया।

उन्होंने भारत ही नहीं, बल्कि अफगानिस्तान, अमेरिका, जापान, ईरान और यूरोप जैसे कई देशों में अपनी कला का प्रदर्शन कर विश्वभर में भारतीय संगीत की पहचान बढ़ाई। वे धर्मनिरपेक्ष विचारों के व्यक्ति थे और मां सरस्वती के उपासक भी थे। उनके लिए संगीत ही सबसे बड़ा धर्म था। फिल्मों में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने 'गूंज उठी शहनाई', 'जलसाघर' और 'स्वदेश' जैसी फिल्मों में अपनी मधुर धुनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें कई सम्मान मिले, जिनमें 2001 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' भी शामिल है। इसके अलावा पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी उन्हें सम्मानित किया गया। 21 अगस्त 2006 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी शहनाई की गूंज आज भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित है। ■



कविता

### अस्तित्व विहीन

डॉ. राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़ (कांगड़ा) rajivdograv@gmail.com

बड़े-बड़े सिकंदर यहां आए,
मानते थे खुद को बड़े बलशाली धुरंधर।
फिर भी बचा न सके अपने अस्तित्व को,
समेट लिया मिट्टी ने अपने अंदर।
खुद को खुदा जाना थे, मगर औरों को सदा गधा पहचानते थे।
खुदा ने उनको भी अपना अस्तित्व दिखा दिया
मिट्टी में मिलाकर मिट्टी ही कर दिया।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आर्थिक सर्वेक्षण 2026 : हिमाचल की दिशा और उम्मीदें

हिमाचल प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण 2026 राज्य की अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति, प्रमुख चुनौतियों और भविष्य की विकास रणनीति को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान समय में राज्य एक जटिल आर्थिक दौर से गुजर रहा है, जहां एक ओर विकास की संभावनाएं हैं, वहीं दूसरी ओर वित्तीय दबाव, जलवायु परिवर्तन और रोजगार जैसी गंभीर चुनौतियां भी मौजूद हैं।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर,महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन
9418233028/8221050880

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ऐसे में इस सर्वेक्षण से अपेक्षा की जा रही है कि यह केवल आंकड़ों का संकलन न होकर एक व्यावहारिक और समाधान-आधारित रोडमैप प्रस्तुत करेगा।

सबसे पहले आर्थिक वृद्धि की बात करें तो हिमाचल प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद में पिछले वर्षों में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। अनुमान के अनुसार, 2024-25 में राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद लगभग ₹2.5 से ₹2.7 लाख करोड़ के बीच पहुंच चुका है और विकास दर 6-7% के आसपास रही है। 2026 के आर्थिक सर्वेक्षण से यह अपेक्षा है कि यह इस वृद्धि को और तेज करने के लिए सेक्टर-वार रणनीति प्रस्तुत करेगा। विशेष रूप से सेवा क्षेत्र, जो राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में लगभग 45-50% योगदान देता है, को और मजबूत बनाने पर जोर दिया जा सकता है। पर्यटन, परिवहन, होटल उद्योग और आईटी सेवाओं में निवेश बढ़ाकर राज्य अपनी अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकता है।

हालांकि, आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ राज्य की वित्तीय स्थिति एक बड़ी चिंता बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश का राजकोषीय घाटा 2024-25 में लगभग 4% सकल राज्य घरेलू उत्पाद के आसपास रहा है, जो कि एफ आर बी एम के निर्धारित मानकों के करीब है। इसके अलावा, राज्य का कुल कर्ज बढ़कर लगभग ₹90,000 करोड़ से अधिक हो चुका है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का लगभग 35-40% है। ब्याज भुगतान पर ही राज्य अपने राजस्व का 15-18% खर्च कर रहा है। 2026 के आर्थिक सर्वेक्षण से अपेक्षा है कि यह वित्तीय अनुशासन बनाए रखने, राजस्व बढ़ाने और अनावश्यक खर्चों में कटौती के लिए ठोस सुझाव देगा। विशेष रूप से राज्य को अपने कर राजस्व और गैर-कर राजस्व को बढ़ाने के उपाय सुझाने की आवश्यकता है। कृषि और बागवानी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं, जहाँ लगभग 60-65%




आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर है। हालांकि, इस क्षेत्र का सकल राज्य घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग 12-14% ही है, जो एक असंतुलन को दर्शाता है। सेब उत्पादन, जो राज्य की पहचान है, हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित हुआ है। उत्पादन में उतार-चढ़ाव और लागत में वृद्धि ने किसानों की आय को प्रभावित किया है। 2026 के आर्थिक सर्वेक्षण से अपेक्षा है कि यह जलवायु-स्मार्ट कृषि, उच्च मूल्य वाली फसलों, जैविक खेती और बेहतर विपणन सुविधाओं पर जोर देगा। साथ ही, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, कोल्ड स्टोरेज और सप्लाई चेन सुधार जैसे उपाय भी इसमें शामिल हो सकते हैं। पर्यटन क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है, जो राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में लगभग 7-8% योगदान देता है और लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। 2023-24 में राज्य में लगभग 1.6 से 1.8 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ, जिससे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। हालांकि, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ और भूस्खलन के कारण पर्यटन पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है। 2026 के आर्थिक सर्वेक्षण से अपेक्षा की जा रही है कि यह सस्टेनेबल टूरिज्म, इको-टूरिज्म, धार्मिक पर्यटन और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां प्रस्तुत करेगा। साथ ही, बुनियादी ढांचे में सुधार और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में ऊर्जा क्षेत्र, विशेषकर जलविद्युत, सबसे बड़ी ताकत है। राज्य में लगभग 27,000 मेगावाट की क्षमता है, लेकिन इसका आधा ही उपयोग हो पाया है। 2026 के आर्थिक सर्वेक्षण से उम्मीद है कि छोटे-बड़े प्रोजेक्ट, निजी निवेश और सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

रोजगार राज्य की प्रमुख चुनौती है, खासकर युवाओं में बेरोजगारी 15-20% तक बताई जाती है। ऐसे में उद्योग, पर्यटन, स्टार्टअप और सेवा क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर नए अवसर पैदा करने की आवश्यकता है।

बुनियादी ढांचा भी एक अहम मुद्दा है। सड़कों का बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद दूरदराज क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, रेल, हवाई और डिजिटल सुविधाएँ अभी भी सीमित हैं। जलवायु परिवर्तन और आपदाएं भी चिंता का विषय हैं। भारी बारिश, भूस्खलन और ग्लेशियर पिघलने से नुकसान बढ़ रहा है, इसलिए बेहतर आपदा प्रबंधन और हरित विकास जरूरी है। शिक्षा और स्वास्थ्य में राज्य आगे है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं की कमी बनी हुई है। साथ ही, डिजिटल गवर्नेंस और पारदर्शिता को और मजबूत करने की जरूरत है।

अत: 2026 का आर्थिक सर्वेक्षण विकास, रोजगार, पर्यावरण और प्रशासन के संतुलन से राज्य को सतत और समावेशी अर्थव्यवस्था की ओर ले जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नवरात्रि का उत्सव और हमारे भीतर विद्यमान दैवीय शक्ति के सात रूप

देवी भगवती कहीं बाहर नहीं हैं। वे हमारे भीतर जीवनी शक्ति के रूप में विद्यमान हैं; किंतु हम इसका भान कैसे करें? एक सरल बात को जानें, हमारा शरीर मां के डीएनए से निर्मित हुआ है; और इस शरीर में जो कुछ भी अन्न, फल, आदि के रूप में हमने ग्रहण किया, वह सब प्रकृति मां से ही आया है और आज हमारे अस्तित्व का भाग बन गया है।



श्री श्री रविशंकर
आध्यात्मिक गुरु

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब आप इस संसार में आए, आपका वजन ढाई-तीन किलोग्राम था, और आज आपका वजन पचास से साठ किलोग्राम है। इस प्रकार शरीर और प्रकृति के बीच एक अविभाज्य संबंध है। साथ ही आपके भीतर की जीवनी ऊर्जा सात विशिष्ट दिव्य शक्तियों के रूप में अभिव्यक्त होती है। देवी मां के ये सात रूप आपकी प्रत्येक कोशिका, प्रत्येक श्वास और आपके अस्तित्व के प्रत्येक क्षण में सजीव हैं। प्रथम है ब्राह्मी शक्ति, जो सृजन का मूल प्रेरक तत्व है, यह हर बीज, हर पौधे और हर कोशिका में उपस्थित है। आपके शरीर का प्रत्येक अंश सृजन में संलग्न है। एक कोशिका का दूसरी में विभाजन ब्राह्मी शक्ति का ही कार्य है, जिसके बिना कोई सृजन संभव नहीं है, परंतु केवल सृजन पर्याप्त नहीं है। एक बीज को अंकुर बनने के लिए पहले नष्ट होना पड़ता है। यह है माहेश्वरी शक्ति, शिव की वह शक्ति जो हमें व्यापक दृष्टि प्रदान करती है और उस महानता का बोध कराती है, जो हमसे परे है। यदि बचपन का अंत न हो, तो युवावस्था का आगमन कैसे होगा? यहां विनाश, अंत नहीं, बल्कि विस्तार की ओर ले जाने वाला मार्ग है।

इसके पश्चात आती है कौमारी शक्ति, कार्तिकेय की सदैव युवा, निर्भीक ऊर्जा। यह साहस, वीरता, नवीनता और ज्ञान की शक्ति है। यही वह शक्ति है जो साधक को ताजगी, जिज्ञासा और निर्भयता प्रदान करती है। इसके बाद आती है वैष्णवी शक्ति, जो पालन-पोषण की शक्ति है। जब आप सोते हैं, तब भी



आपका हृदय धड़कता रहता है, श्वास चलती रहती है, और रक्त संचार निरंतर होता रहता है। आप इनमें से कुछ भी नहीं करते, यह सब वैष्णवी शक्ति के कारण ही संभव है। ऋतुओं का समय पर बदलना, वर्षा का लौटना, जल-चक्र का पूर्ण होना, सब इसी शक्ति के कारण है, परंतु हमें इन सब से जोड़े रखने वाली शक्ति कौन-सी है? वह है वाराही शक्ति-पृथ्वी की शक्ति, जो हमें स्थिरता प्रदान करती है। संपूर्ण संपदा पृथ्वी में निहित है। यही शक्ति पुनर्चक्रण करती है, कचरे को खाद में परिवर्तित करती है, मिट्टी को उर्वर बनाती है और उसे पुन: जीवंत करती है। इसके बिना हम रुई के समान वायु में उड़ते, निर्बल और आधारहीन हो जाते।

व्यक्ति से परे समष्टि है, जिसकी सामूहिक चेतना होती है। यह है इंद्राणी शक्ति, समूह की जागरूकता की ऊर्जा, जो सहस्र नेत्रों से युक्त है। एक आपका मन है, समष्टि का मन भिन्न है। इंद्राणी वह शक्ति है जो समुदायों, समाजों और सभ्यताओं को सजगता के साथ एकसूत्र में बांधती है। अंत में आती है चामुंडा शक्ति, जो नकारात्मकता का विनाश कर जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाती है। तमोगुण, जड़ता और अंधकार जब जागरूकता से मिलता है, तो वही मुक्ति का कारण बन जाता है। ये शक्तियां दूरस्थ देवी-देवताओं के रूप में पूजने की वस्तु मात्र नहीं हैं। ये आपके शरीर, मन और चेतना में विद्यमान जीवंत शक्तियां हैं। आपकी श्वास वैष्णवी है, आपकी सृजनशीलता ब्राह्मी है, आपका साहस कौमारी है, और आपकी स्थिरता वाराही है।

इसी कारण हमारी परंपरा में हम दिव्यता को हाथी में, घोड़े में, गाय में, छोटी कन्याओं में, और वृद्ध दंपति में, सर्वत्र पहचानते हैं।। हम जीवन-ऊर्जा को वृक्षों, पौधों, अग्नि और जल, सर्वत्र अनुभव करते हैं। जैसे मक्का बाहर से कठोर होता है, परंतु फूटकर कोमल बन जाता है, वैसे ही दिव्य शक्ति इस ब्रह्मांड में उद्भासित होने की प्रतीक्षा में अंतर्निहित है। जप, ध्यान और भक्ति के माध्यम से यह प्रस्फुटन होता है, यही नवरात्रि का उद्देश्य है। देवी को केवल मूर्ति में ही नहीं, बल्कि उस जीवन-ऊर्जा के रूप में पहचानिए, जो आपके भीतर और आपके चारों ओर सब कुछ संचालित कर रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जंगलों से बस्तियों में आते जानवरों का रेस्क्यू जानलेवा क्यों?

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी के साथ लगते निचले क्षेत्रों में कुछ सालों से जंगली जानवरों की आवाजाही काफी बढ़ती जा रही है। इन क्षेत्रों में घोरल, बारहसिंगा, हिरण और हिमालयन थार जैसे जानवरों की उपस्थिति की पुष्ट हुई है।



नूतन प्रकाश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार, अनंत ज्ञान
बालीचौकी, जिला मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बीते वर्ष भी तीर्थन नदी के साथ लगते चलोगी में एक बारहसिंगा का लोगों द्वारा पीछा करने की सूचना के बाद बंजार स्थित वन विभाग ने बारहसिंगा का रेस्क्यू तो कर लिया, लेकिन रेस्क्यू के कुछ घंटों के उपरांत ही उसकी मौत हो गई थी, वहीं बीते दिन एक बार फिर से इंसानी बस्ती (बालीचौकी) में पहुंचे सांभर को भी रेस्क्यू के बाद मौत के आगोश में जाना पड़ा।

दोनों मामलों में सोशल मीडिया पर लोगों ने जहां वन विभाग के रेस्क्यू ऑपरेशन की काफी आलोचना की वहीं, रेस्क्यू के दौरान जमी भीड़ और चिल्लाहट पर चुप्पी छाई रही। इस पूरे मामले में अगर वन विभाग दोषी है तो हाथों में फोन पकड़े हुए लाइव करने वाले फेसबुकिए भी, तथा अभियान को तमाशा बनाने वाले लोग भी जो कटघरे में होने चाहिए। सराज घाटी के एक एडवोकेट ने तो रेस्क्यू अभियान में शामिल सभी लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करवाने तक की मांग कर डाली। इस तरह के मामलों में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर दोहरा दबाव होता है।

विभाग के कुछ कर्मचारी कहते हैं कि अगर रेस्क्यू करते हैं तो तब भी उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा किया जाता है और अगर रेस्क्यू ऑपरेशन न किया जाए तो कहा जाता है कि जानवर को जानबूझकर शिकारियों के हवाले किया गया। दोहरे दबाव के बीच विभाग इन जानवरों का रेस्क्यू तो कर लेता है, लेकिन इनके प्राकृतिक वातावरण के चलते इन्हें बचा नहीं पता। विभागीय सूत्र बताते हैं कि हिरण प्रजाति के रेस्क्यू किए अधिकांश जानवर रेसक्यू ऑपरेशन के कुछ



घंटों उपरांत ही मर जाते हैं। इस दौरान रेस्क्यू किए गए जानवरों में 'कैप्चर मायोपैथी' की एक गंभीर और जानलेवा बीमारी आ जाती है, जो जंगली जानवरों में तब होती है जब उन्हें पकड़ने, भगाने या ट्रांसपोर्ट करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाती है। इस दौरान इन जानवरों को अत्यधिक तनाव और शारीरिक थकावट होती है, जिस कारण ये मौत के मुंह में समा जाते हैं।

हिरण प्रजाति के जानवर ,सांभर, काले हिरण, बारहसिंगा, जंगली बकरी/भेड़ और कुछ पक्षी और छोटे स्तनधारी रेस्क्यू के दौरान इस जानलेवा समस्या का शिकार बनते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जब जानवर को बहुत देर तक दौड़ाया जाता है या जाल या पिंजरे में फंसाया जाता है या फिर ट्रांसपोर्ट के दौरान डर और घबराहट के कारण रेस्क्यू किए जानवर की मौत हो जाती है।

इस दौरान शरीर में तनाव वाले हार्मोंस बहुत बढ़ जाते हैं। मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड जमा हो जाता है और ऑक्सीजन की कमी से मांसपेशियां टूटने लगती हैं, जिसे वैज्ञानिक भाषा में कैप्चर मायोपैथी कहते हैं। इसके लक्षणों में जानवर की चलने में कठिनाई, लड़खड़ाना, मांसपेशियों में जकड़न,सांस तेज चलना, कमजोरी या गिर जाना या कभी-कभी अचानक चक्कर आकर मृत्यु होना भी है । इस दौरान जानवर की तुरंत या पकड़ने के कुछ घंटों में,या फिर एक दो दिन बाद भी मौत हो सकती है। रेस्क्यू अभियान के दौरान जानवर को कम से कम दौड़ाया जाना, शांत तरीके से पकड़ना, ट्रांसपोर्ट में शोर और भीड़ कम रखना और शीघ्रता से ही जानवर को मुक्त करना चाहिए।

बालीचौकी में इन जंगली जानवरों के प्रवेश को लेकर वन मंडल अधिकारी एसएस कश्यप बताते हैं कि बालीचौकी क्षेत्र इस तरह के जानवरों का प्राकृतिक आवास नहीं है, बावजूद ये जानवर कहां से आ रहे हैं और क्यों इस क्षेत्र में आ रहे हैं, ये बड़े सवाल हैं। उनका ये भी मानना है कि जिस प्रजाति के जानवर रेस्क्यू किए गए हैं वे शायद ही कभी मनुष्य के संपर्क में आने के बाद जीवित रह पाते हैं। वहीं, जंगल से भटके हुए इन बेजुबान जानवरों को लेकर स्थानीय लोगों एवं वन विभाग के कर्मचारियों को वर्तमान घटनाओं से सबक सीखने की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# करुणा वत्सल मां दुर्गा के नवरात्र में उपवास और साधना मोक्ष का मार्ग

नवरात्र केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि साधक के भीतर छिपी दिव्य शक्तियों को जागृत करने की एक गहन आध्यात्मिक प्रक्रिया है। मां दुर्गा के नौ स्वरूप केवल बाहरी आराधना के विषय नहीं हैं, बल्कि वे हमारे शरीर के सूक्ष्म ऊर्जा केंद्रों-चक्रों से भी गहरे रूप से जुड़े हुए हैं। प्रथन नवरात्र से लेकर अंतिम नवरात्र तक साधक क्रमश: इन चक्रों को जागृत करता हुआ आत्मोन्नति की यात्रा पर अग्रसर होता है।



संदीप डोगरा (निर्भीक)
करनघट, जयसिंहपुर, निजी सचिव टांडा कॉलेज, मो. 94180-21495


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

योग और तंत्र शास्त्र के अनुसार, मानव शरीर में मुख्यत: सात चक्र माने गए हैं मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आजा और सहस्रार। नवरात्र के नौ दिनों में देवी के नौ रूप इन चक्रों के जागरण का प्रतीक माने जाते हैं।

**प्रथम दिन** मां शैलपुत्री की उपासना मूलाधार चक्र को जागृत करती है। यह चक्र स्थिरता, सुरक्षा और जीवन ऊर्जा का आधार है। इसके जागृत होने से साधक में आत्मविश्वास और जीवन में स्थिरता आती है। **द्वितीय दिन** नां ब्रह्मचारिणी स्वाधिष्ठान चक्र को सक्रिय करती हैं, जिससे इच्छाओं पर नियंत्रण और साधना में दृढ़ता उत्पत्त्न होती है।

**तृतीय दिन** मां चंद्रघंटा मणिपुर चक्र को जागृत करती हैं। यह शक्ति, साहस और आत्मबल का केंद्र है। इसके जागरण से साधक में निर्भयता और निर्णय क्षमता का विकास होता है। **चतुर्थ दिन** मां कूष्मांडा अनाहत चक्र (हृदय) को खोलती हैं। जिससे प्रेम, करुणा और समर्पण की भावना जागृत होती है।

**पंचम दिन** मां स्कंदनाता विशुद्ध चक्र को सक्रिय करती हैं, जो वाणी, अभिव्यक्ति और सत्य का केंद्र है। इसके जागृत होने से साधक की वाणी में शक्ति और प्रभाव उत्पन्न होता है। **षष्ठम दिन** मां कात्यायनी आजा चक्र को जागृत करती हैं, जो ज्ञान, अंतर्दृष्टि और ध्यान का केंद्र है। यह चक्र खुलने पर साधक को दिव्य अनुभूतियां होने लगती हैं। **सप्तम, अष्टम और नवम** नवरात्र में मां कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री सहस्रार चक्र को पूर्ण रूप से



जागृत करती हैं। सहस्रार चक्र ब्रह्म से जुड़ने का द्वार है। इसके खुलने पर साधक को परम शांति, आत्मबोध और अंतत: मोक्ष की प्राप्ति होती है।

हालांकि सात मुख्य चक्रों के अतिरिक्त भी शरीर में कई उप-चक्र (जैसे ललाना, बिंदु, हृदय के सूक्ष्म केंद्र) होते हैं, जिनमें भी देवी की चेतना व्याप्त मानी जाती है। मां आदिशक्ति संपूर्ण शरीर और ब्रह्मांड में व्याप्त हैं-अर्थात वे केवल किसी एक

चक्र में सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक ऊर्जा बिंदु में विराजमान हैं। चक्रों के जागरण से विभिन्न सिद्धियां प्राप्त होती हैं। जैसे मणिपुर धन से तेज और प्रभाव, अनाहत से दिव्य प्रेम, विशुद्ध से वाणी सिद्धि, आजा से त्रिकालदर्शिता (तीनों कालों का ज्ञान) और सहस्रार से ब्रह्मज्ञान, किंतु सच्चे साधक के लिए है सिद्धियां केवल मार्ग के पड़ाव हैं, लक्ष्य नहीं।

जब चक्र क्रमश: खुलते हैं, तब मां साधक को विभिन्न रूपों में दर्शन देती हैं कभी प्रकाश के रूप में, कभी आंतरिक ध्वनि (नाद) के रूप में, तो कभी स्वप्न या ध्यान में साक्षात् दिव्य रूप में। यह अनुभव साधक की श्रद्धा और साधना की गहराई पर निर्भर करता है। मोक्ष की प्राप्ति सहस्रार चक्र के पूर्ण जागरण से होती है। जब साधक का अहं पूर्णत: समाप्त होकर वह ब्रह्म में लीन हो जाता है। वहीं, परनानंद (परम आनंद) की अनुभूति भी राहस्रार चक्र में ही होती है। हालांकि, आजा चक्र के जागरण से भी गहन शांति और आनंद का अनुभव प्रारंभ हो जाता है। अंतत:, नवरात्र हमें यह संदेश देता है कि मां दुर्गा बाहर कहीं दूर नहीं, बल्कि हमारे भीतर ही शक्ति के रूप में विद्यमान हैं। जब हम अपने चक्रों को शुद्ध और जागृत करते हैं, तब हम स्वयं देवी स्वरूप बनकर जीवन के उच्चतम सत्य मोक्ष परमानंद को प्राप्त कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## विकास या विनाश? कुल्लू घाटी में एनएचएआई और लोनिवि की लापरवाही ने लिखा तबाही का नया अध्याय

# मार्च में जुलाई जैसा खौफ : मौसम नहीं, व्यवस्था भी नाकामी

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू घाटी के लिए साल 1995 का वो जल-प्रलय आज भी एक डरावना सपना है, लेकिन विडंबना देखिए कि 31 साल बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस हैं।

आज मार्च के महीने में ही जुलाई-अगस्त जैसी दहशत महसूस हो रही है, जिस बरसात के रौद्र रूप को हम मानसून में देखते थे, वह अब सर्दियों में ही नेशनल हाईवे की धज्जियां उड़ा रहा है। यह कुदरत का कहर कम और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के घटिया निर्माण की पोल खोलता एक जिंदा प्रमाण है। डोहलूनाला, कैंपिंग साइट और रायसन—ये वो इलाके हैं, जहां 2023 की त्रासदी के बाद सुधार के बड़े-बड़े दावे किए गए थे। 2025 में फिर से करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए गए, लेकिन नतीजा? शून्य। आज 2026 में फिर वही सड़कें सर्दियों की हल्की हलचल भी बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं। एनएचएआई के अधिकारियों ने 'अहंकार' की ऐसी



रायसन टोल प्लाजा के पास बारिश से पहुंचा नुकसान। अनंत ज्ञान

चादर ओढ़ रखी है कि उन्हें जनता की चीखें सुनाई नहीं देतीं। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान देने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति की गई, जिसका खामियाजा आज पूरी घाटी भुगत रही है। घाटी की आर्थिकी की रीढ़ यानी सेब सीजन को इसी सड़क निर्माण के बहाने तहस-नहस कर दिया गया। जब बागवानों को अपने खून-पसीने की कमाई मंडियों तक पहुंचानी थी, तब सड़कों के नाम पर केवल खुदाई और धूल उड़ती रही। एनएचआई की मनमर्जी और काम करने के गलत समय के चयन ने बागवानों को सड़कों पर ला खड़ा किया है। जनता की अनदेखी करना अब विभाग का दस्तूर बन चुका है। यही हाल लोक निर्माण विभाग का भी है।

पतलीकूहल-नग्गर रोड को टूटे हुए एक साल बीतने को है, लेकिन मरहम के नाम पर केवल लीपापोती की गई है। संपर्क मार्ग आज भी अपनी बदहाली पर रो रहे हैं। कशेरी-शेगली रोड के हालात आज भी वैसे ही हैं जैसे वर्षों पहले थे। क्या विभाग केवल बजट ठिकाने लगाने का इंतजार करता है? तकनीक के इस युग में भी पुरानी और नाकाम पद्धतियों से काम करना जनता के टैक्स के पैसे का अपमान है।

नग्गर पुल का एक हिस्सा हर साल बाढ़ की भेंट चढ़ जाता है, यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि प्रशासनिक और राजनैतिक इच्छाशक्ति का दिवालियापन है। वर्षों से यहां एक वैली ब्रिज लगाने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकारें बदलीं, चेहरे बदले, मगर जनता की यह बुनियादी ज़रूरत फाइलों में ही दफन रही। आज ब्यास नदी को देखिए, इसका रूप पहले से कहीं ज्यादा डरावना और हिंसक हो चुका है। नदी के तल में जमा मलबे ने किनारों पर बसे गाँवों का अस्तित्व ही खतरे में डाल दिया है। आलम यह है कि ब्यास के साथ बसे गांव अब नदी के जलस्तर से नीचे आ चुके हैं—यानी मलबा गांवों की ऊंचाई से ऊपर जा पहुंचा है। पहली कक्षा में पढ़ने वाला बच्चा भी यह बता सकता है कि अगर अब जलस्तर बढ़ा तो क्या प्रलय आएगी, लेकिन अफसोस! हमारे आला दर्जे के इंजीनियरों, सफेदपोश नेताओं और सोई हुई सरकार को यह साफ नजर आता खतरा भी दिखाई नहीं देता।

### माहिली और कटराई : क्या नक्शे से मिटने का इंतजार?

**नग्गर** पुल के पास वैली ब्रिज न लगने के कारण आज स्थिति 2018, 2023 और 2025 से भी कहीं अधिक भयानक हो चुकी है। अगर ब्यास ने करवट बदली, तो वह न केवल इस पुल को उखाड़ फेंकेगी, बल्कि तबाही का ऐसा मंज़र लिखेगी जो इतिहास बन जाएगा। पानी का यह प्रचंड वेग या तो माहिली गाँव का नामोनिशान मिटा देगा या फिर दूसरी तरफ कटराई गाँव को वो जख्म देकर जाएगा जिसे सदियां भी नहीं भर पाएंगी। प्रशासन की यह 'वेट एंड वॉच' की नीति आखिर किसकी बलि लेने के लिए है? क्या विभाग को किसी बड़ी जनहानि का इंतज़ार है, तभी कुंभकर्णी नींद टूटेगी?

### 'थाली में सजाकर कुछ नहीं मिलेगा'

**सबसे** कड़वा सच यह है कि कैमरे के सामने आकर बोलने से हर कोई कतराता है। हम चाहते हैं कि बदलाव हो, लेकिन झंडा उठाने को कोई तैयार नहीं। याद रखिए, हक की लड़ाई खुद लड़नी पड़ती है; बदलाव थाली में सजाकर नहीं मिलता। जब हाईवे का काम गलत तरीके से हो रहा हो, तभी आवाज उठाना जरूरी है। आज अगर हम अपने हक के लिए नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें केवल इस बर्बादी का मूक गवाह ही मानेंगी।

### 'विशेष तकनीक' व नीयत की जरूरत

**अब** समय आ गया है कि हिमाचल की भौगोलिक स्थिति को समझते हुए यहां केवल पैसा (विशेष पैकेज) न फेंका जाए, बल्कि विशेष तकनीक अपनाई जाए। पहाड़ को काटकर सड़कें बनाना आसान है, लेकिन उसे थामे रखना इंजीनियरिंग का असली इम्तिहान है। जब तक NHAI और स्थानीय विभाग जवाबदेही तय नहीं करेंगे और पहाड़ों के अनुकूल ड्रेनेज और रिटेनिंग वॉल तकनीक का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

## पारदर्शिता से हो रहा गैस सिलेंडर वितरण : अनुराग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन कुल्लू द्वारा गैर-घरेलू वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडरों के वितरण को सुव्यवस्थित, पारदर्शी व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा जारी वाणिज्यिक एलपीजी वितरण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में समिति के सदस्य पुलिस अधीक्षक मदान लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजीत ठाकुर, उपनिदेशक शिक्षा देश राज, जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले शिव राम एवं अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे। डीसी ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुसार गैस सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं व संस्थानों के निर्धारित मापदंड के अनुरूप चयन करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। डीसी ने निर्देश दिए कि गैस वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व जवाबदेह होनी चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जमाखोरी, कालाबाजारी व अवैध भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों व एजेंसियों को संयुक्त रूप से निगरानी व निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला कुल्लू की वर्तमान स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की कि वे अनावश्यक रूप से गैस की बुकिंग न करें।

## न्यूज ब्रीफ

### आर्मी डोगरा टीम ने जीता कबड्डी मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** शमशी में माता ज्वाला को समर्पित बिरशू मेले में दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मंदिर में शीश नवाया। हालांकि, बारिश के चलते महिलाओं ने लालड़ी नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर मेले में कबड्डी प्रयियोगिता शुरू हुई। पहले दिन आर्मी डोगरा और वेली ब्यॉंज के मध्य मैच खेला गया। आर्मी डोगरा की टीम ने वेली ब्यॉज की हराया। मेले के अंतिम दिन भी महिलाओं की लालडी होगी। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। स्थानीय कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

### सरसेई में तीन दिवसीय जबाड़ी मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान मनाली।** ऊझी घाटी के तहत आने वाले सरसेई में शुक्रवार को तीन दिवसीय जबाड़ी मेले का आगाज हुआ। मेले में पहले दिन देव परंपराओं का निर्वहन हुआ। हालांकि बारिश ने मेले का मजा किरकिरा किया। मेले में आसपास के देवी-देवता भी शामिल हो रहे हैं। जबाड़ी मेले में खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।मेला कमेटी के अनिल कुमार ने कहा कि 22 मार्च को मेले का समापन होगा।

### शवाड-कोठी में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, आनी।** बिजली मंडल आनी के अंतर्गत 22 केवी शवाड फीडर के स्पर फीडर शवाड-कोठी का जरूरी रखरखाव किया जाना है। इसके चलते 21 और 22 मार्च क्रमश शनिवार, रविवार सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रोपा, शेउल, शवाड, थाच, शाहनी, निनवी, निंगलू, ठारवी, बशावल, कोठी, फरबोग, पकरेड़, पोखरी व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता अमर ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्रों की जनता से सहयोग की अपील की है।

## एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मनाली में सीख रहे साहसिक गतिविधियों के गुर

अनंत ज्ञान

**मनाली।** फिजिकल एजुकेशन ब्रांच स्टेट एनएसएस सेल दिल्ली के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण लेने मनाली पहुंचे हैं।

तीन दिवसीय इस शिविर में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर कुल्लू मनाली की ग्रामीण संस्कृति से भी रुबरु हो रहे हैं। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर साहसिक गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व क्षमता विकसित करने के टिप्स लेंगे। टीम प्रभारी लोकेश पवार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर को प्रशिक्षित कर एनएसएस के स्वयंसेवक के बीच साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस ग्रुप में 50 एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर भाग ले रहे हैं। हाई एडवेंचर कैंप के प्रभारी विकास ठाकुर ने बताया कि कैंप के दौरान इन एनएसएस प्रोग्राम



ऑफिसर को रॉक क्लाइंबिंग, ट्रेकिंग, स्कीइंग, जल क्रीड़ाएं, एरो स्पोर्ट्स जैसी विभिन्न साहसिक गतिविधियों के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य एनएसएस प्रशिक्षकों में शारीरिक फिटनेस, टीम भावना व नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने बताया कि एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर ग्रामीण क्षेत्रों का भी दौरा कर रहे हैं व ग्रामीण संस्कृति से रूबरू हो रहे है।

## रंजना ने हरियाणा में लिया राष्ट्रीय योग कोच प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** निरमंड क्षेत्र के अरसू गांव की निवासी व डीपीएस झाकड़ी में कार्यरत खेल शिक्षिका रंजना देवी ने कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में आयोजित राष्ट्रीय योग कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह प्रशिक्षण 13 मार्च से 19 मार्च 2026 तक योगासन भारत द्वारा आयोजित किया गया। इसमें देशभर से लगभग 60 कोच शामिल हुए। इनमें हिमाचल प्रदेश से रंजना देवी एकमात्र प्रतिभागी रहीं। रंजना देवी पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर योग जज (निर्णायक) का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। एक खिलाड़ी के रूप में उन्होंने जिला व राज्य स्तर पर कई पदक जीते हैं और स्कूल समय से ही खेल व एनसीसी गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। पिछले 10-11 वर्षों से योग से जुड़ी रंजना देवी ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से योग में अपनी पढ़ाई पूरी की है।

## समय से 5 मिनट पहले पहुंचने पर भी स्टाफ नर्स को परीक्षा में नहीं बैठने दिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के बंजार क्षेत्र की एक बेटी के साथ कथित तौर पर हुए दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है, जिसने स्टाफ नर्स भर्ती



परीक्षा की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बंजार की रहने वाली आशा ठाकुर स्टाफ नर्स की परीक्षा देने के लिए दिल्ली से लंबा सफर तय कर कुल्लू पहुंची, लेकिन उसे परीक्षा केंद्र में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। जानकारी के अनुसार, आशा ठाकुर बीते दिन दिल्ली से अपने घर बंजार पहुंची थी प निर्धारित तिथि को सुबह परीक्षा देने के लिए कुल्लू स्थित राज इंट्रा टेक परीक्षा केंद्र के लिए रवाना हुई। रास्ते में खराब सड़क स्थिति, जगह-जगह भूस्खलन व भारी जाम के चलते वह निर्धारित समय से पांच मिनट पहले, लगभग 3:55 बजे परीक्षा केंद्र पहुंची। आरोप है कि परीक्षा केंद्र पर मौजूद स्टाफ ने न केवल उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति देने से इनकार कर दिया, बल्कि उसके साथ दुर्व्यवहार और अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया। स्टाफ ने कहा कि आप देरी से पहुंची हो। आशा ठाकुर का कहना है कि उसने अपनी परिस्थिति बताते हुए स्टाफ से आग्रह किया, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई व उसे वहां से जाने को कहा गया। पीड़ित अभ्यर्थी ने इस पूरे मामले को अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उसने कहा कि जिन लोगों की वजह से उसे परीक्षा से वंचित होना पड़ा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी अन्य अभ्यर्थी के साथ ऐसा व्यवहार न हो। इस घटना के बाद स्थानीय स्तर पर भी परीक्षा प्रबंधन व अभ्यर्थियों के प्रति व्यवहार को लेकर सवाल उठने लगे हैं, अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या पीड़ित अभ्यर्थी को न्याय मिल पाता है। गौर रहे कि प्रदेश सरकार द्वारा स्टाफ नर्स भर्ती निकाली गई है। इसके लिए एग्जाम लिए जा रहे हैं और निजी इंस्टीट्यूटो में यह एग्जाम लिए जा रहे हैं, लेकिन स्टाफ एचपीआरसीए का तैनात किया गया है। इस इंस्टीट्यूट को भी एचपीआरसीए व हमीरपुर बोर्ड द्वारा एग्जाम के लिए अधिकृत किया था। एचपीआरसीए व प्रदेश सरकार द्वारा यहां परीक्षा लेने के लिए कर्मचारी अधिकृत किए गए थे। प्रदेश के इंस्टीट्यूट इस एग्जाम के लिए सरकार के लिए सर्विस प्रोवाइड कर रहे हैं।

## एलएसडी तस्करी के मामले में गिरफ्तार चारों एसटीएफ कर्मी मंडी स्थित बजौरा में तैनात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पुलिस अधीक्षक, कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा है कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित किया जा रहा है कि शिमला पुलिस द्वारा एलएसडी तस्करी के मामले में जिला कुल्लू के चार पुलिस कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने अवगत करवाया कि उक्त प्रकरण में शिमला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए चारों पुलिस कर्मचारी, स्पेशल टास्क फोर्स हिमाचल प्रदेश ईकाई बजौरा, जिला कुल्लू में कार्यरत थे। हलांकि, पूर्व में ये पुलिस कर्मचारी जिला कुल्लू में कार्यरत थे, लेकिन इन कर्मचारियों में से मुआ(मुख्य आरक्षी) समीर कुमार वर्ष 2024 को, मुआ राजेश कुमार मई 2025 को जिला कुल्लू से राज्य गुप्तचर विभाग तथा मानक मुख्य आरक्षी नितीश कुमार व आरक्षी अशोक कुमार वर्ष 2021 को थर्ड आई आरबीएन, पंडोह को स्थानांतरित हो गए थे। उन्होंने बताया कि क्योंकि वर्तमान में उपरोक्त सभी पुलिस कर्मचारी स्पेशल टास्क फोर्स, मध्य क्षेत्र मंडी स्थित बजौरा में तैनात थे, इसलिए उपरोक्त गिरफ्तार किए गए चारों पुलिस कर्मचारी जिला पुलिस कुल्लू के अधीन नहीं थे। अत: सोशल मीडिया में प्रसारित की जा रही सूचना कि गिरफ्तार किए गए चारों पुलिस कर्मचारी जिला कुल्लू में तैनात थे, पूर्णतया भ्रामक व तथ्य रहित हैं।

## परंपराओं को समेटे व सबसे पुरानी है सनातन संस्कृति : पं. अजय मोदगिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा नव संवत्सर 'विक्रम संवत 2083' के अवसर पर 'सूत्रधार नव संवत् समारोह' का आयोजन सूत्रधार भवन के सभागार में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में भक्ति सुधा सेवा सनातन संस्थान कुल्लू के अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध ज्योतिष व कर्मकांड विशेषज्ञ तथा भागवत कथा प्रवक्ता पंडित अजय मोदगिल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर संस्था द्वारा मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा इसके साथ कार्यक्रम में पहुंचे राजेश शर्मा व राकेश शर्मा को भी कुल्लवी परंपरा अनुसार सम्मानित किया गया। संगीत अकादमी के प्राचार्य पं0 विद्या सागर के निर्देशन में कलाकारों ने उत्कृष्ट गायन, वादन एवं नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन से कि गई तत्पश्चात अर्पिता, करिश्मा, धनवंती व दर्गा ने सरस्वती वन्दना हे शारदे मां, शुभम, विजय, अनुष्का व दुर्गा ने शिव कैलाशों के वासी, संजय पुजारी ने भजन, कृष्णा व ऋतू ने छिंज, अर्पिता ने ठुमरी का करूं सजनी, रोजी व करिश्मा ने उड़ी जाया कालेया कागा, रोजी ने लाहौली लोकगीत घूरे की शानदार प्रस्तुतियां दी तथा रेखा ने अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर वाहवाही लुटी। इनके साथ तबले पर भास्कर शर्मा, बांसुरी पर निशांत गौतम तथा हारमोनियम पर पं. विद्या सागर ने संगत की।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि पं. अजय मोदगिल द्वारा नव संवत् के अवसर पर पुरे वर्ष का व्याख्यान किया गया और सनातन संस्कृति पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति सबसे पुरानी और परंपराओं को समेटे हुए एक साथ लोगों को लेकर चलने वाली सभ्यता है। सनातन धर्म के अपने अलग-अलग नियम और परंपराओं के साथ बहुत सी चीजों का पालन किया जाता है। ऐसे में हिंदू नव संवत्सर भी सनातन धर्म में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन से माना जाता है । चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टि का आरंभ हुआ था, इसलिए इस दिन से ही हम वर्ष आरंभ मानते हैं। इस बार 'रौद्र संवत्सर' 'विक्रम संवत 2083' है जिसमें राजा बृहस्पति तथा मंत्री पद पर मंगल विराजमान हैं। मंच का संचालन संस्था के प्रचार-प्रसार प्रभारी सुंदर श्याम महंत द्वारा बखूभी निभाया गया।

## 'जान है तो जहान है' कार्यक्रम का आगाज

अनंत ज्ञान

**आनी।** उपमंडल आनी में 'जान है तो जहान है' अभियान का औपचारिक आगाज किया गया। इस अवसर पर एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने मीडिया कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि यह अभियान जनभागीदारी पर आधारित होगा, जिसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि हर महीने के अंतिम शनिवार को पूरे उपमंडल में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य आनी क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर व पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।



मीडिया कर्मी के साथ एसडीएम आनी। अनंत ज्ञान

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने में सहयोग दें और इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दें। आपदा प्रबंधन को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सभी नागरिकों को तैयार रहना होगा। उन्होंने लोगों से आवश्यक खाद्य सामग्री का भंडारण रखने और सतर्क रहने की अपील की। साथ ही, हर पंचायत स्तर पर आपातकालीन कमेटियों के गठन की बात कही गई, ताकि किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। प्रशासन इस दिशा में कार्य कर रहा है व इसमें गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) का भी सहयोग लिया जाएगा। नशा मुक्ति अभियान को लेकर भी प्रशासन गंभीर है। एसडीएम ने युवाओं से सकारात्मक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि 'नशा मुक्त आनी' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण, जंगलों को आग से बचाने व हरित क्षेत्र बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि मंदिर कमेटियां, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह, युवा मंडल और पंचायतें मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगी। 'हरा-भरा और स्वच्छ आनी' अभियान के तहत पेड़-पौधे और फूल लगाए जाएंगे। एसडीएम ने आम जनता से इस पहल में सहयोग करने का आह्वान किया। युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे उन्हें सही मार्गदर्शन मिल सके। स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। महिला मंडलों और मंदिर कमेटियों के सहयोग से सांस्कृतिक धरोहर को संजोने व स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया जाएगा। बेहतर कार्य करने वाली एनजीओ को सम्मानित किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि इस अभियान की सफलता तभी संभव है जब सभी मिलकर इन प्रयासों को आगे बढ़ाएं।

## बजट में पेंशनर्स की वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान के लिए पर्याप्त धनराशि का करें प्रावधान :गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा है कि बतौर वित्तमंत्री मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार 21 मार्च को



अपनी सरकार का चौथा बजट पेश करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेहद दुखद और चिंतनीय विषय है कि पिछले चार साल से प्रदेश सरकार पेंशनरों की करीब 10 हज़ार करोड़ रुपये की वित्तीय देनदारियों का भुगतान नहीं कर पाई है। एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक संशोधित वेतनमान का बकाया एरियर, ग्रैच्युटी,पैंशन कम्युटेशन, 13 प्रतिशन महंगाई भत्ते की पांच किस्तों की अदायगी सहित जनवरी 2022 से करीब 145 महीनों के मंहगाई भत्ते के एरियर और मेडिकल बिलों की अदायगी का पेंशनर लम्बे अरसे से बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। जिसके लिये पेंशनर संगठन पहले से ही संघर्षरत हैं। सरकार उनकी जायज़ वित्तीय देनदारियों की तरफ़ ध्यान नहीं दे रही है। इन सभी वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान हेतु मुख्यमंत्री आगामी वित्त वर्ष के बज़ट में पर्याप्त धनराशि का प्रावधान करें। अन्यथा संघर्ष को और तेज़ किया जाएगा।

## नग्गर में अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट में 'येहरंग' कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** नग्गर स्थित अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट में शुक्रवार को 'स्टूडियो येहरंग' की एक अनूठी कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेश कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



प्रदर्शनी में कलाकार हरवीन पी. कौशल की बहुमुखी प्रतिभा के विभिन्न आयाम देखने को मिले। उन्होंने प्रकृति, पहाड़ों और मनमोहक दृश्यों को अपने चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप दिया है। यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, क्योंकि यहां एक ही छत के नीचे तीन अलग-अलग प्रकार की कलाकृतियों का संगम देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनी की मुख्य विशेषता सिल्क के कपड़ों पर की गई हस्त चित्रकारी है, जिसमें कलाकार ने रंगों और डिजाइनों के माध्यम से आकर्षक कलाकृतियां प्रस्तुत की हैं। इसके अलावा लकड़ी के बने फर्नीचर पर की गई पेंटिंग भी लोगों का ध्यान खींच रही है, जो सजावट के लिए एक अनूठा विकल्प है। प्रदर्शनी में 40 सिल्क डिजाइन, 32 जलरंग चित्र और 6 फर्नीचर कला वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। हरवीन पी. कौशल ने अपनी कला यात्रा 1982-87 के दौरान चंडीगढ़ से शुरू की और वर्तमान में कुल्लू के शिरड़ में 'येहरंग' स्टूडियो के माध्यम से अपनी कला को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने प्रदर्शनी की सफलता का श्रेय कौशल परिवार, उपाध्याय परिवार और सुदर्शन भट्ट को दिया। यह प्रदर्शनी 22 मार्च 2026 तक आम जनता और पर्यटकों के लिए खुली रहेगी, जहां कला और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

**नोटिस** कंक्रीट के डंगे में डाले जा रहे थे पत्थर, वीडियो वायरल होते ही अधिकारी का एक्शन रोका निर्माण

# गुगरा-जाओं के बीच सड़क निर्माण में अनियमितता

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के दलाश सबडिवीजन के तहत लुहरी-दलाश-चवाई सड़क पर गुगरा के समीप निर्माणाधीन कंक्रीट डंगे में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। गुगरा व जाओं के बीच लाखों रुपए की लागत से बनाए जा रहे इस कंक्रीट के डंगे में ठेकेदार के मजदूरों द्वारा घटिया निर्माण करते हुए कंक्रीट की जगह पत्थर डाले जा रहे थे।

मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही विभाग में हड़कंप मच गया, जैसे ही इसकी जानकारी विभाग के अधिशाषी अभियंता तक पहुंची, उन्होंने तुरंत सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार व संबंधित जेई को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। अधिशाषी अभियंता आनंद शर्मा ने मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि वीडियो में साफ तौर पर अनियमितता नजर आ रही है, जो किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई तय है। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार के मजदूरों ने जेई की अनुपस्थिति में, जेई की अनुमति के बिना ही इस घटिया काम को अंजाम दिया है।



कंक्रीट के डंगे में ठेकेदार के मजदूरों की ओर से कंक्रीट की जगह डाले जा रहे पत्थर। अनंत ज्ञान

### क्या कहते हैं जेई

**इस** बारे में संबंधित जेई लाल चंद ने बताया कि यह निर्माण कार्य उनकी गैरमौजूदगी में उनकी अनुमति के बिना किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि वे छुट्टी पर थे व हिदायत दी गई थी कि जब तक वे न आएं काम न किया जाए।

### क्या कहते हैं ठेकेदार

**इस** निर्माण कार्य को कर रहे ठेकेदार संदीप ठाकुर ने बताया कि इस काम को पूर्व में कश्मीरी खान मजदूरों से करवाया जा रहा था, लेकिन रमजान के चलते वे छुट्टी पर गए, तो थोड़े बचे हुए काम को दूसरे मजदूरों को लगाकर पूरा करवाया जा रहा था। इन्हीं मजदूरों से उनकी गैरमौजूदगी में पथर डाले जा रहे थे, जिन्हें विभागीय अधिकारियों के सामने उखाड़कर हटा दिया गया है।

### मौके पर कार्रवाई शुरू

**दलाश** सबडिवीजन का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे एसडीओ मनीष कुमार को तुरंत मौके पर भेजा गया। उन्होंने मौके का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य को तुरंत प्रभाव से रुकवाया व आदेश दिए कि घटिया तरीके से बनाए गए डंगे को तोड़ा जाए। एसडीओ ने बताया कि डंगे में भरे गए पत्थरों को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है व निर्माण कार्य को तय मानकों के अनुसार दोबारा किया जाएगा।

## किसान मोर्चा से राष्ट्रीय मंच तक : अखिलेश कपूर को आईसीएआर में अहम जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** भाजपा नेता व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के गैर-आधिकारिक सदस्य के रूप में नामित करते हुए केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला की संस्थान प्रबंधन समिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें प्रबंधन समिति में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस नियुक्ति की खबर सामने आते ही प्रदेश के किसानों, बागवानों व पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह व खुशी का माहौल देखने को मिला। करीब 35 वर्षों से भाजपा से सक्रिय रूप से जुड़े अखिलेश कपूर की यह नियुक्ति उनके लंबे अनुभव, मजबूत संगठनात्मक क्षमता व किसानों के प्रति समर्पण का परिणाम मानी जा रही है।

किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रहते हुए उन्होंने न केवल किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाया, बल्कि केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई। अब नई जिम्मेदारी के तहत वे अनुसंधान संस्थानों की नीतियों में किसानों की आवाज को और प्रभावी ढंग से उठाने के साथ प्रदेश के बागवानों की समस्याओं को केंद्र तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे। वे पहले भी स्टेट हॉर्टिकल्चर कमेटी के सदस्य व हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम में नॉमिनेटेड डायरेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



मंडी संसदीय क्षेत्र में सांसद कंगना के साथ इलेक्शन को-ऑर्डिनेटर के रूप में उनकी रणनीतिक भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। लाहौल-स्पीति के प्रभारी के रूप में उनके अनुभव को देखते हुए इस नियुक्ति से किसानों को सीधा व व्यावहारिक लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस जिम्मेदारी से उनके राजनीतिक कद में भी स्पष्ट रूप से वृद्धि हुई है। अखिलेश कपूर ने इस अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व व संगठन का आभार व्यक्त करते हुए समस्त जनता का हृदय से धन्यवाद किया है।

# माता शूलिनी मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन माता शूलिनी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बारिश के बावजूद मंदिर में सुबह से ही भक्तजनों ने हाजरी भरनी शुरू कर दी। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की और सुख, शांति तथा समृद्धि की कामना की। सुबह से ही भक्त माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे और पूरे दिन मंदिर परिसर जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंजता रहा। पुजारियों ने विधि विधान से विशेष पूजा संपन्न कराई। मंदिर परिसर का माहौल माता शूलिनी मंदिर में मंगलवार को भजनों और कीर्तन का दौर चलता रहा। भक्तों ने मां के भजनों पर झूम कर नृत्य किया और वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर प्रांगण में सजावट



और रोशनी के विशेष प्रबंध से श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया। श्रद्धालुओं की भीड़ और व्यवस्था दूसरे दिन मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहा। भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भक्तों के लिए बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई। शहर के अन्य मंदिरों में भी रौनक सिर्फ शूलिनी मंदिर ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य मंदिरों में भी नवरात्रि के चलते खासा उत्साह देखा गया। जगह-जगह मां दुर्गा की आरती और भजन संध्या का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन किए और पूजन संपन्न किया। शहर में नवरात्रि का पर्व उत्साह और भक्ति के माहौल के बीच मनाया जा रहा है और आने वाले दिनों में देवी के अन्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं में और अधिक उमंग देखने की उम्मीद है।







नवरात्र के दूसरे दिन माता शूलिनी मंदिर में पहुंचे भक्तजन। अनंत ज्ञान

### मन में संशय को दूर करती है मां ब्रह्मचारिणी

**नवरात्रि** में मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की विशेष पूजा व अर्चना की जाती है। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी को तपस्या की देवी कहा जाता है। मान्यता है कि नवरात्रि के दूसरे दिन श्वेत वस्त्र धारण करती हैं और तपस्या में लीन रहती हैं। ऐसे में मां के विशेष रूप में दर्शन पूजन करने के साथ ही तपस्या करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। भगवती की कृपा बरसती है और जीवन में सुख समृद्धि व शांति आती है। ब्रह्मचर्य पालन में भी वह भक्तों को विशेष कृपा व आशीर्वाद देती है। मां ब्रह्मचारिणी के पूजन व अर्चन को लेकर आपके मन में संशय है, तो इससे दूर हो जाएगा। मां ब्रह्मचारिणी को मिश्री व सफेद पुष्प अति प्रिय है। ऐसे में दोनों चढ़ाने से मां प्रसन्न होती हैं। दुर्गा माता मंदिर सोलन के पुजारी मदन शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के दुसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी के रूप में पूजा होती है। अगर आपको तप और सिद्धि करना है, तो यह दिन बेहद शुभ है। इस दिन सफेद पुष्प, वस्त्र, मिष्ठान व अन्य पूजन सामग्री का प्रयोग करें।

# रिमझिम बारिश से खिले किसानों के चेहरे, फसलों के लिए बनी वरदान

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़ ।** जिला सिरमौर के राजगढ़ क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही रिमझिम बारिश ने जहां मौसम को सुहावना बना दिया है, वहीं किसानों और बागवानों के चेहरों पर भी खुशी साफ देखने को मिल रही है। लंबे समय बाद हुई इस हल्की बारिश को खेती और बागवानी के लिए बेहद लाभकारी माना जा रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यह बारिश लहसुन और आलू जैसी फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। इसके अलावा सेब, आड़ू, प्लम और खुमानी जैसी बागवानी फसलों के लिए भी यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। बारिश से खेतों और बागानों में नमी बनी रहेगी, जिससे फसलों की बढ़वार बेहतर तरीके से हो सकेगी। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले क्षेत्र में तापमान में बढ़ोतरी हो गई थी, जिससे मौसम में गर्माहट महसूस की जा रही थी और किसान



रिमझिम बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया अनंत ज्ञान

फसलों को लेकर चिंतित भी थे। लेकिन अब दो दिनों से हो रही लगातार रिमझिम बारिश ने मौसम को फिर से ठंडा और सुहावना बना दिया है। इससे न केवल फसलों को राहत मिली है बल्कि बागवानों को

◆ **लंबे समय बाद हुई यह हल्की बारिश खेती और बागवानी के लिए बेहद लाभकारी**

भी अच्छी पैदावार की उम्मीद जगी है। किसानों के अनुसार यह बारिश मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखने में सहायक होगी, जिससे आने वाले दिनों में फसलों की वृद्धि अच्छी होगी। बागवानी क्षेत्र के लिए भी यह मौसम काफी अनुकूल माना जा रहा है। खासकर सेब और अन्य गुठलीदार फलों के लिए हल्की बारिश और ठंडा मौसम बेहतर माना जाता है। क्षेत्र के किसानों और बागवानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो इस वर्ष फसलों और फलों की पैदावार बेहतर होने की संभावना है। वहीं बारिश के चलते क्षेत्र में ठंडक भी बढ़ गई है और मौसम सुहावना हो गया है, जिससे लोगों को भी गर्मी से राहत मिली है।

## सिरमौर में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ट्रेनिंग शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** जिला सिरमौर में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए 5 दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण डाइट सिरमौर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर के प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं।यह कार्यक्रम 20 मार्च से 30 मार्च तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में सिरमौर, शिमला, कुल्लू और किन्नौर जिलों के प्रशिक्षक हिस्सा ले रहे हैं।दूसरे चरण में कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर और चंबा जिलों के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि तीसरे चरण में मंडी, सोलन और ऊना जिलों के प्रशिक्षक शामिल होंगे। समग्र शिक्षा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में रिटेल और बीएफएसआई सेक्टर के प्रशिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को नई तकनीकों, नवाचारों और आधुनिक शिक्षण तरीकों की जानकारी दे रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारोन्मुख कौशल भी हासिल कर सकें। प्रशासन का कहना है कि इस प्रशिक्षण से विद्यालय स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों को भविष्य में बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

# नगर निगम सोलन के वार्डों में मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन की निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमण्डल अधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निगम सोलन के सभी वार्डों में मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अधिसूचित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुरूप मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए अर्हता तिथि प्रथम अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार

◆ **मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए अर्हता तिथि प्रथम अप्रैल 2026 निर्धारित**

नगर निगम सोलन के सभी 17 वार्डों में संशोधन प्राधिकरण के समक्ष दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की तिथि 28 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। संशोधन प्राधिकरण द्वारा इन दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 02 अप्रैल, 2026 तक किया जाएगा। अपील प्राधिकरण के समक्ष 10 अप्रैल, 2026 तक अपील दायर की जा सकेगी। प्राधिकरण द्वारा 17 अप्रैल, 2026 तक अपीलों का निपटारा किया जाएगा। अनुपूरक मतदाता सूचियां 20 अप्रैल, 2026 को अथवा इससे पूर्व अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी जाएंगी। नगर निगम सोलन की निर्वाचन पंजीकरण एवं उपमण्डल अधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने नगर निगम सोलन के संशोधन प्राधिकरण एवं अतिरिक्त अथवा संयुक्त आयुक्त से इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया है। मतदाता सूचियों के विशेष संशोधन का यह कार्यक्रम निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुरूप जारी किया गया है।

## हिंदू नववर्ष पर हनुमान मंदिर से काली स्थान मंदिर तक निकाली कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर आज जिला मुख्यालय नाहन में हनुमान सेवा समिति द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। यह कलश यात्रा प्राचीन हनुमान मंदिर से लेकर काली स्थान मंदिर तक निकाली गई। आयोजक श्री हनुमान सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य कमलेंद्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा नाहन में हर वर्ष देश प्रदेश की कुशल मंगल कामना के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री राम कथा का भी आयोजन किया जा रहा है जिसका आज नव वर्ष की शुभारंभ पर शुरुआत हुआ है और 27 मार्च तक श्री राम कथा चलती रहेंगी उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### समृद्ध नागरिक कार्यशाला सायरी में स्वास्थ्य कृषि सहित कई विषय की जानकारी की सांझा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत सायरी में जिला कल्याण कार्यालय सोलन के सौजन्य और वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ व पेंशनर्स इकाई सायरी के सहयोग से समृद्ध नागरिकों की पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चल रहा हैं। इसमें पहले दिन स्रोत व्यक्ति थाना प्रभारी सायरी ज्ञान सिंह नेगी ने साइबर क्राइम, नशा मुक्ति विषय पर विस्तृत जानकारी दी। दूसरे दिन स्त्रोत व्यक्ति खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्रीय धरोहर बताया। उन्होंने व्यक्ति के पूरे शरीर के अंगों में स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद कार्यशाला के विभिन्न सत्र में कई विषयों की जानकारी दी गई। कार्यशाला के चौथे दिन कृषि बागवानी में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले मंडी जिला के सुन्दर लाल बतौर स्त्रोत व्यक्ति उपस्थित हुए।

### ओलंपियाड में अव्वल रहे छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** शंकर विद्या निकेतन पब्लिक हाई स्कूल सराहां में गत वर्ष हुए सिल्वर जोन ओलंपियाड में ओलंपियाड की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए प्रतिभागी छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर विद्यालय अध्यक्ष महेंद्र पाल नेहरू द्वारा सम्मानित किया गया उन्होंने बच्चों को शुभकामनाओं के साथ बधाई देते हुए कहा कि यह बच्चों के द्वारा अपनी पढ़ाई से समय निकालकर प्रतिभागी प्रतीक्षा में भाग लेना एक अतिरिक्त प्रतिभा का विषय है। विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र पाल नेहरू, विद्यालय की सलाहकार सुनंदा आर्या ,विद्यालय के एम डी प्रिंस नेहरू, स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर रागिनी भटनागर,स्वास्थ्य शिक्षक अनन्या पाठक, विद्यालय की उप प्रधानाचार्य संजना शर्मा व समस्त अध्यापक वर्ग ने बच्चों को शुभकामनाओं के साथ उन्हें भविष्य में प्रत्येक प्रतिभागी परीक्षा में भाग लेने तथा उनमें उम्दा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### देवता की पारंपरिक जातर रथ यात्रा आज से

**दाड़लाघाट ।** पंचायत दाड़लाघाट के अंतर्गत कोटला पुजारिया गांव से श्री शिवगण देवता की पारंपरिक जातर रथ यात्रा इस वर्ष भी 21 मार्च से विधिवत रूप से आरंभ होगी, जो जून माह तक निरंतर चलेगी। इस दौरान देवता का पावन रथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों व श्रद्धालुओं के घर-घर जाकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करेगा। शिवगण देवता के सचिव जय चंद चंदेल ने बताया कि देवता का प्रवास कार्यक्रम 21 मार्च से शुरू किया जाएगा। जातर के शुभारंभ से पूर्व मंदिर परिसर में विधिवत हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। हवन सम्पन्न होने के पश्चात देवता अपने पारंपरिक रथ के साथ प्रवास पर निकलेंगे और क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि जातर के दौरान श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और आस्था के अनुसार देवता को अपने घर आमंत्रित करते हैं, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है तथा देव आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। यह परंपरा क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### उप मुख्यमंत्री 22 मार्च को सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 22 मार्च, 2026 को सोलन ज़िला के नालागढ़ एवं दून उपमण्डल के प्रवास पर आ रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री 22 मार्च, 2026 को प्रातः 10.00 बजे बद्दी के हनुमान चौक में आयोजित होने वाले 'राज्य स्तरीय विश्व जल दिवस-2026' समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री तदोपरांत दोपहर 2.30 बजे नालागढ़ के पीर स्थान में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परिसर की आधारशिला रखेंगे। मुकेश अग्निहोत्री इसी दिन सांय 3.30 बजे नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मलपुर में ट्यूबवेलों का शिलान्यास करेंगे

### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता शिविर

**अनंत ज्ञान, अर्की ।** उपमंडल अर्की के बथलांग स्थित हिमालयन बैंक्वेट हॉल में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण जागरूकता एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ढाबा संचालकों, ढाबा कर्मियों तथा स्थानीय निकायों से जुड़े लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों एवं आपातकालीन स्थितियों में अपनाए जाने वाले उपायों के प्रति जागरूक करना था।

# पांवटा में 9 .66 ग्राम चिट्टे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ, मिली गुप्त सूचना के आधार पर पांवटा ब्लॉक में दो अलग अलग मामलों में 9.66 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस दो आरोपियों को दबोच कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर दी है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि जिला सिरमौर की विशेष अन्वेषण टीम ने गुप्त सूचना मिली कि शाहरूख पुत्र गुलजार अली निवासी गांव भगवानपुर, डाकघर पुरूवाला, पाँवटा साहिब तथा आसपास के ईलाका में काफी समय से चिट्टा बेचने का धंधा कर रहा है । एसपी ने बताया कि जानकारी थी कि आरोपी आज विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल केदारपुर के पिछली तरफ बने निर्माणाधीन मकान की अंतिम निर्माणाधीन दुकान के सामने खड़ा है तथा चिट्टा/समैक बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम को निर्माणाधीन मकान केदारपुर की अंतिम दुकान के पास पहुंची जहां पर निर्माणाधीन मकान/दुकान के सामने उपरोक्त व्यक्ति मौजूद मिला। आरोपी को टीम की सहायता से काबू किया तथा उसके पास कैरी बैग को चैक किया तो उसमें कुल वजनी 6.66 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस थाना माजरा की पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि जतिन कश्यप पुत्र श्री विकास कश्यप निवासी गांव व डाकघर ताजेवाला, तहसील प्रतापनगर, जिला यमुनागर हरियाणा हेरोइन बेचने का धंधा करता है तथा मोटरसाइकिल न0-HR 71 M-1021 के टूल बॉक्स में स्मैक लेकर मिश्रवाला की तरफ से लिंक रोड पुरुवाला-कांशिपूर बद्रीपूर की ओर आ रहा है। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने प्राप्त सूचना केआधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त मोटर साईकल को रोक कर टूल बॉक्स की तलाशी लेने पर उसमें से 3 ग्राम स्मैक/चरस बरामद की है।

## पात्र मतदाता के पंजीकरण के लिए जारी की अधिसूचना

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आगामी पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पात्र मतदाता के पंजीकरण के लिए अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार मतदाता सूची में पात्र व्यक्ति के पंजीकरण के लिए अर्हता तिथि प्रथम अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है और उन पंचायतों की मतदाता सूचियों के विशेष संशोधन करने के निर्देश दिए गए है जो सृजन, पुनर्गठन अथवा विभाजन से अप्रभावित रही हैं और जिनकी अंतिम मतदाता सूचियां प्रपत्र-15 पर पहले ही प्रकाशित हो चुकी हैं। अधिसूचना के अनुसार पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे और आपत्तियां जमा करने की तिथि 28 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। संशोधन प्राधिकारी द्वारा दावों और आपत्तियों का निपटारा 02 अप्रैल, 2026 तक किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील 10 अप्रैल, 2026 तक प्रस्तुत करनी होगी।

# शूलिनी विश्वविद्यालय में 21 मार्च को आयोजित होगा 9वां दीक्षांत समारोह

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह 21 मार्च, 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में अपना आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर 1,087 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के साथ-साथ 85 पीएचडी शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी, जो शैक्षणिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम के अध्यक्ष और नेक के कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धे मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे, जिनमें शोभित डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति और असोचम-एनसीई के अध्यक्ष कुंवर शेखर विजेंद्र, एटलस स्किलटेक यूनिवर्सिटी, मुंबई के कुलपति डॉ. राजन वेलुकर, आईआईएसईआर मोहाली के निदेशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी, और जेएएनएआई, बेंगलुरु के संस्थापक डॉ. मदन पदाकी शामिल हैं। शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, प्रो-कुलाधिपति, कुलपति और शासी निकाय, प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सदस्य समारोह की अध्यक्षता करेंगे और स्नातक छात्रों को उपाधियाँ प्रदान करेंगे। कुल स्नातक छात्रों में से 518 छात्रों को स्नातकोत्तर उपाधियाँ प्राप्त होंगी, जबकि 569 छात्रों को विभिन्न विषयों में स्नातक उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 85 शोधार्थियों को उनके उन्नत अनुसंधान योगदान के सम्मान में डॉक्टरेट उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए, विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह के दौरान 30 विश्वविद्यालय पदक विजेताओं और 23 योग्यता प्रमाण पत्र धारकों को भी सम्मानित करेगा, जो उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को पुरस्कृत करने पर विश्वविद्यालय के विशेष जोर को दर्शाता है।

## त्रिलोकपुर के पास ऑटो रिक्शा पलटा, यात्री की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** बीती रात महामाया बाला सुंदरी त्रिलोकपुर मन्दिर के नजदीक एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा अचानक पलट गया इस हादसे में ऑटो रिक्शा में बैठे एक यात्री की मौत हो गई जबकि ऑटो चालक घायल हो गया जिसका मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन में इलाज़ कराया जा रहा है।एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि बीती रात त्रिलोकपुर बालासुन्दरी मन्दिर के पास एक ऑटो रिक्शा में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चालक घायल हो गया। एपीसी ने बताया कि ऑटो रिक्शा चालक सुरेश कुमार ने तेज गति से ऑटो चला रहा था अचानक नियंत्रण खो देने से ऑटो रिक्शा पलट गया। एसपी ने बताया कि दुर्घटना में ऑटो के अन्दर साथ बैठे भारत भूषण सुपुत्र श्री राज कुमार मकान नं. 1301 वार्ड नं0 03 मुखर्जी पार्क जगाधरी तह. व जिला यमुनानगर हरियाणा की मौत हो गई। चालक सुरेश कुमार सुपुत्र श्री दीना नाथ वार्ड नं. 18 विश्वकर्मा कॉलोनी तह. जगाधरी जिला यमुनानगर हरियाणा सुरेश कुमार को चोटें आई हैं। चालक का नाहन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**आरोप** सुक्खू सरकार ने 41 हजार करोड़ का कर्ज लेकर आर्थिक संकट पैदा किया : राणा

# उम्मीदवार चयन के दौरान दिल्ली के होटल में हुई बड़ी डील

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन ।** हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने सोलन में पत्रकार वार्ता कर सुक्खू सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने मुख्य रूप से राज्यसभा चुनाव, आर्थिक संकट और भ्रष्टाचार के आरोपों पर लेकर प्रदेश सरकार को घेरा। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू राज्यसभा सीट के उम्मीदवार चयन के दौरान प्रोटोकॉल तोड़कर दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल में 23 घंटे रुके, जबकि हिमाचल सदन उपलब्ध था। उन्होंने रात में मिलने वालों और 'डील' की जानकारी मांगी पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं मिली कि होटल में कौन-कौन मिले। मुख्यमंत्री को इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए। राणा का दावा है कि सुक्खू सरकार ने साढ़े तीन साल में 41 हजार करोड़ का कर्ज

◆ **मित्रों को फायदा पहुंचाने को सस्ती जमीन खरीदकर प्रदेश के हितों को ताक में रखकर बड़े प्रोजेक्ट लगाए**

लिया जिससे प्रदेश का कुल कर्ज 1.11 लाख करोड़ पहुंच गया। उन्होंने कहा कि अब तक के इतिहास में प्रदेश में किसी भी सरकार की तरफ से लिया गया सबसे अधिक कर्ज है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने कर्ज लेकर घी पीने का कार्य किया। प्रदेश में आर्थिक संकट के बावजूद अपने मित्रों को नियुक्तियां देकर खुश किया जबकि आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने के कार्य किया। आर्थिक इमरजेंसी जैसे हालात में कर्मचारियों का डीए रोका गया, पेंशनरों को लंबित भत्तों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।



सोलन में पत्रकार वार्ता करते भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा। अनंत ज्ञान

अब हालात यह है कि अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन में कटौती की तैयारी की जा रही है। हालिया बजट सत्र में सीएम ने संदिग्ध अधिकारियों (जैसे रिश्वत कांड वाले) को हटाने का ऐलान किया, जिन्हें सेवा विस्तार मिला था। संदिग्ध अधिकारियों को सेवा विस्तार देने को लेकर उन्होंने कहा प्रदेश में बेनामी सौदे का खेल चल रहा है। मित्रों को फायदा पहुंचाने को सस्ती जमीन खरीदकर प्रदेश के हितों को ताक में रखकर बड़े प्रोजेक्ट लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में तीसरे मोर्चा के अटकलों पर राणा ने कहा कि हिमाचल में तीसरे फ्रंट का जन्म नहीं हुआ। सब को राजनीतिक चर्चा का अधिकार सबको है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमेशा तीसरे मोर्चा विफल ही रहा है।

# ट्रक ने साइड में खड़ी कार को टक्कर मारी, हादसे में पटवारी की मौत

अनंत ज्ञान

**नाहन ।** नेशनल हाईवे देहरादून-चंडीगढ़ पर धौलाकुआं में शाम को एक ट्रक ने साइड में खड़ी एक कार के पीछे टक्कर मारी दी इस हादसे में कार की डिकी खोलकर सामान निकाल रहे कार मालिक पटवारी की मौत हो गई। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि ट्रक चालक टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। आरोपी चालक के खिलाफ माजरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। एसपी ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार लगभग 07 बजे शाम पटवारी विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री गुमान सिंह निवासी गांव भजौन डा. कोड़गा तह. कमरऊ धौलकुंआ मे पटवार खाने के सामने सडक की साईड़ में कच्चे मे अपनी कार को खड़ी करके अपनी कार की डिगी खोलकर उसमें कुछ समान रख रहा था कि इसी दौरान पीछे से एक ट्रक तेज रफ्तार से पांवटा साहिब की तरफ मे आया और पटवारी विरेन्द्र सिंह व उसकी खडी कार के पीछे से टक्कर मार दी। और गाडी मौका से भगा कर ले गया।

नेगी ने बताया कि टक्कर लगने से पटवारी वीरेंद्र की कार साईड से घूम गई और वीरेंद्र सड़क पर गिर गया इस टक्कर से विरेन्द्र सिंह का शरीर कुचल गया और मौका पर ही मौत हो गई। एसपी ने बताया कि पुलिस थाना माजरा में धारा 281,125(ए), 106 भारतीय न्याय संहिता व धारा 187 मोटर वाहन अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया है। एसपी ने बताया कि जांच के दौरान फरार चालक के ट्रक का नम्बर पीबी02 सीसी-9921 पता चला है। आरोपी चालक जल्द दबोच लिया जायेगा।

# घरेलू एलपीजी पर्याप्त, उपभोक्ताओं को नेचुरल गैस अपनाने की सलाह

## पेट्रोलियम मंत्रालय का बयान: रिफाइनरियां कर रही हैं पूरी क्षमता पर काम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पेट्रोलियम** मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही है। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें। इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10% एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है।

13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93% की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई है। कल 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है।

लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। यूपी में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी कि स्थिति अब चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें व वैकल्पिक ईंधन का अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। (अनंत ज्ञान)

### खाड़ी में फंसे जहाज और नाविक सुरक्षित

**पोत** परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया।

### पीएम मोदी ने दुनिया के 5 नेताओं से की बात

**प्रेसवार्ता** के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने कल दुनिया के पांच नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वार्ताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने तनाव कम करने और उसके बाद शांति एवं स्थिरता की बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की कड़ी निंदा की।

### गुजरात में गैस की किल्लत, प्रवासी मजदूर गांव लौट रहे

# लोग बोले- सिलेंडर 5 हजार में मिल रहा, फ्लैट में चूल्हा नहीं जला सकते

**एजेंसी, सूरत**

अमेरिका-इसराइन की ईरान से जंग जारी है। इसका असर भारत पर भी नजर आ रहा है। एलपीजी गैस कि कमी से परेशान होकर गुजरात से प्रवासी मजदूरों और गुजरात में रेस्टुरेंट-ढाबा और दूसरे खाने-पीने के स्टॉल चलाने वाले अपने घर वापस लौटने लगे हैं।

इनके अलावा गुजरात में रहने वाले यूपी-बिहार के हजारों स्टूडेंट्स को अपने घर लौट रहे हैं। सूरत में राज्य के अन्य रेलवे स्टेशन पर प्रवासियों की भीड़ नजर आ रही है। दैनिक भास्कर ने ऐसे ही कुछ प्रवासियों से बात की। लोगों ने बताया कि छोटे सिलेंडर के लिए पहले गैस 100 रुपए किलो मिलती थी, लेकिन अब 300-400 रुपए किलो मिल रही है। घरेलू सिलेंडर के रेट 5 हजार रुपए पहुंच गए हैं। फ्लैट में चूल्हा जलाने पर मनाही है। ऐसे में हम लोगों के सामने भूखा मरने की नौबत आ गई है। (अनंत ज्ञान)

### ज्यादातर लोगों के पास नहीं गैस

**टेक्सटाइल** और डायमंड हब होने के चलते सूरत शहर में यूपी-बिहार में लाखों की संख्या में श्रमिक रहते हैं। ये लोग रोज कमाकर खाने वाले हैं और छोटे किराये के कमरों में रहते हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के पास आधिकारिक गैस कनेक्शन नहीं होता है। इनके परिवार छोटे गैस सिलेंडर पर ही निर्भर हैं। लेकिन, अब गैस की कमी के चलते इनके चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं। और लोग अपने गांव वापस लौट रहे हैं।

### पड़ोसी मदद करते, लेकिन कब तक

**बिहार** के एक प्रवासी मजदूर ने कहा कि जब से गैस की कमी शुरू हुई है, हमें खाने-पीने में दिक्कत हो रही है। गैस खत्म होने पर हमारे आस-पास के लोग हमारी हालत देखकर कभी-कभी हमें खाना दे देते हैं, लेकिन हम कब तक दूसरों पर निर्भर रह सकते हैं? वे एक-दो बार ही मदद कर सकते हैं, इससे ज्यादा नहीं। इसलिए हम गांव जा रहे हैं और वहां जाकर काम ढूंढेंगे। कंपनी के मालिकों का कहना है कि वे भी गैस का इंतजाम नहीं करवा पा रहे हैं। इसलिए हमने कंपनी को भी बता दिया है कि हम गांव जा रहे हैं। हमारे पास राशन तो है, लेकिन खाना पकाने के लिए गैस नहीं।

# सर्राफा बाजार में सोने की फीकी पड़ी चमक, चांदी में भी सांकेतिक गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान जबरदस्त गिरावट का रुख नजर आ रहा है। शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत में ही हाजिर सोने के भाव में 6,850 रुपए प्रति 10 ग्राम से लेकर 7,470 रुपए प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। वहीं चांदी के भाव में 100 रुपए प्रति किलोग्राम की सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,50,270 रुपए से लेकर 1,50,420 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना शुक्रवार को 1,37,740 रुपए से लेकर 1,37,890 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,59,900 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी के भाव में आज गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सिंगापुर गोल्ड एक्सचेंज में आज हाजिर सोना 4,678.69 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं लंदन सिल्वर मार्केट में हाजिर चांदी की कीमत 70.49 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,50,420 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,890 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)

# युद्ध स्वार्थी हितों और वर्चस्व की चाहत का नतीजा: भागवत

◆ कहा-कई देशों को भरोसा भारत ही खत्म करा सकता है ईरान-इसराइल जंग

**एजेंसी, नागपुर**

**आरएसएस** प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की असली वजह स्वार्थी हित और वर्चस्व की चाहत है। स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म को मानने से ही हासिल की जा सकती है। भागवत नागपुर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- पिछले 2,000 साल से दुनिया ने संघर्षों को सुलझाने के लिए कई प्रयोग किए हैं, लेकिन उन्हें बहुत कम सफलता मिली है।



आरएसएस चीफ ने यह भी कहा कि भारत का स्वभाव ही ऐसा है जो सद्भाव में विश्वास रखता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया से यह आवाज उठ रही है कि भारत ही ईरान-इजराइल युद्ध को खत्म करने में मदद कर सकता है। भागवत बोले कि भारत के लोग मानवता के नियम पर चलते हैं, जबकि बाकी दुनिया जंगल का कानून मानती है। लड़खड़ाती हुई दुनिया को धर्म की नींव देकर उसमें संतुलन बहाल करना हमारा ही काम है।

भागवत बोले- धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और ऊंच-नीच की भावनाएं आज भी मौजूद हैं। भारत का प्राचीन ज्ञान हमें सिखाता है कि सभी आपस में जुड़े हुए हैं और एक हैं। धर्म केवल शास्त्रों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लोगों के व्यवहार में भी झलकना चाहिए। अनुशासन व नैतिक मूल्यों के पालन के लिए लगातार अभ्यास जरूरी है व इसमें अकसर निजी परेशानियां भी आती हैं। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु में चार-कोणीय चुनावी मुकाबला तय

## विजय का अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान, द्रमुक व अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधनों की बड़ी जंग

**एजेंसी, चेन्नई**

तमिलनाडु की राजनीति में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तस्वीर अब लगभग साफ हो गई है। राज्य में चार-कोणीय मुकाबला तय माना जा रहा है, जिससे चुनावी संघर्ष और भी दिलचस्प हो गया है। राज्य में 2019 से मजबूत स्थिति में रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वाम दल, विदुथलाई चिरुथैगल कच्ची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग व मनिथनेया मक्कल कच्ची जैसे दल शामिल हैं। हाल ही में कमल हासन की मक्कल नीधि मय्यम और देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम भी इस गठबंधन में जुड़ गए हैं।

दूसरी ओर, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया है। इस गठबंधन में अनबुमणि रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल कच्ची, टीटीवी दिनाकरन की अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम व जीके वासन की तमिल मनीला कांग्रेस भी शामिल हैं।

इस बीच अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्रि कझगम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं। कांग्रेस के साथ उनके संभावित गठबंधन की चर्चाएं तेज थीं और यहां तक कहा गया कि राहुल गांधी से उनकी बातचीत भी हुई है। हालांकि, कांग्रेस ने अंततः द्रमुक के साथ ही अपना गठबंधन बरकरार रखा।



इसके बाद टीवीके के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने और विजय को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश जैसी खबरें भी सामने आईं। लेकिन इन सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए विजय ने एक इफ्तार कार्यक्रम में साफ कर दिया कि उनकी पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। उन्होंने घोषणा की कि टीवीके अपने दम पर सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का दावा भी किया। वहीं, सीमान की पार्टी नाम तमिलर कच्ची भी हर बार की तरह अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। इस प्रकार राज्य में चार प्रमुख मोर्चे बन गए हैं।

उल्लेखनीय है कि द्रमुक गठबंधन 2019 से लगातार चुनाव जीतता आ रहा है, जो उसकी बड़ी ताकत मानी जा रही है। वहीं अन्नाद्रमुक पिछली हार की भरपाई के इरादे से भाजपा और सहयोगी दलों के साथ रणनीति बना रही है। सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा भले ही अभी बाकी हो, लेकिन अंदरूनी स्तर पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है।

इधर, अन्य दल जहां गठबंधन में व्यस्त हैं, वहीं नाम तमिलर कच्ची पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर चुनाव प्रचार शुरू कर चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 8 प्रतिशत वोट शेयर मिलने से पार्टी का मनोबल भी बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

# केरल की जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा जनता बदलाव के लिए तैयार: राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केरल** में चुनाव का ऐलान हो गया है। चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा 'टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है।'



उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। इस टीम में अनुभवी नेताओं के साथ-साथ बदलाव लाने वाले युवा चेहरे भी शामिल हैं। यह पुरुषों और महिलाओं का एक ऐसा मजबूत समूह है, जो अपने चुनाव क्षेत्र की बारीकियों और समस्याओं को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने केरल से अपने खास लगाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और मुझे जितना प्यार और अपनापन दिया है, उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं। मैं हमेशा आपका साथी बनकर रहूंगा।' लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि केरलम से मिलने वाला संदेश बिल्कुल साफ है। जनता अब बदलाव चाहती है। वे एक ऐसी सरकार की तलाश में हैं जो उनकी बात सुने, उनकी समस्याओं को समझे और ईमानदारी के साथ काम करके दिखाए। उन्होंने वादा किया कि आने वाली यूडीएफ सरकार के साथ मिलकर वे इस खूबसूरत राज्य के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि केरल जीतेगा और यूडीएफ नेतृत्व करेगा। राहुल गांधी का यह संदेश कांग्रेस की ओर से 92 उम्मीदवारों की सूची जारी होने के एक दिन बाद आया है। केरल में नौ अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं। सत्ताधारी एलडीएफ को कड़ी टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने इस बार किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव के मैदान में नहीं उतारने का फैसला किया है। पार्टी ने अंदरूनी दबाव के बावजूद अपने राज्य स्तर के नेतृत्व पर ही भरोसा जताया है। कांग्रेस कुल 92 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बाकी सीटें यूडीएफ के अन्य सहयोगी दलों और कुछ निर्दलीयों के लिए छोड़ी गई हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस पिछले एक दशक से केरल की सत्ता से बाहर है। (अनंत ज्ञान)

# रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए कैथल के युवक का पांच माह बाद आया शव

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** रूस-यूक्रेन युद्ध की विभीषिका ने एक और भारतीय परिवार की खुशियों को छीन लिया। कैथल जिले के गांव रोहेड़ा का 22 वर्षीय युवक गीतिक जो बेहतर भविष्य के सपनों को संजोए रूस गया था, अब उसका शव शुक्रवार को पैतृक गांव पहुंचा। पांच महीने बाद जब उसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो हर आंख नम थी और माहौल गमगीन हो उठा।

दोपहर के समय पूरे गांव की मौजूदगी में गीतिक का अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही शव गांव पहुंचा तो परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों की नम आंखों ने वातावरण को शोकाकुल बना दिया। गीतिक वर्ष 2024 में रोजगार की तलाश में रूस गया था। वहां बेहतर कमाई के सपनों ने उसे रूसी सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। बताया जाता है कि वह डोनबास बॉर्डर पर तैनात 444 बटालियन में कार्यरत था। इसी दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध के तनावपूर्ण माहौल में हुए विस्फोट और गोलीबारी के बीच उसकी जान चली गई। शुरुआत में रूसी सेना की ओर से गीतिक को लापता बताया गया, जिससे परिवार की उम्मीदें बनी रहीं। लेकिन समय बीतने के साथ सच्चाई सामने आई। सेना ने युद्ध में मारे गए जवानों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण कराया। गीतिक के पिता अमित कुमार का डीएनए सैंपल भारत से भेजा गया, जिसके मिलान के बाद करीब दस दिन पहले उसकी मौत की आधिकारिक पुष्टि हुई।

गीतिक के चाचा देवेंद्र ने बताया कि परिवार ने करीब चार लाख रुपये खर्च कर उसे रूस भेजा था, ताकि वह अच्छी कमाई कर सके और घर की आर्थिक स्थिति सुधर सके। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। उसके पिता अमित कुमार करीब एक एकड़ जमीन पर खेती करते हैं। परिवार में उसका एक छोटा भाई है, जबकि उसकी माता का पहले ही देहांत हो चुका है।

# खंड स्तरीय बाल मेले में गेहड़वीं स्कूल प्रथम स्थान पर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय में बाल मेला सत्र 2025-26 राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला पनोह में मनाया गया। इस खंड स्तरीय बाल मेले में राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला गेहड़वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड स्तरीय बाल मेले में शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय के 20 केंद्रीय पाठशालाओं ने भाग लिया जिसमें राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला गेहड़वीं प्रथम स्थान लगातार 3 सालों से प्राप्त करताआ रहा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं के प्रधानाचार्य चमन पुरी व केंद्र मुख्य शिक्षिका लता कुमारी ने पाठशाला प्रबंधन समिति तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय के समस्त अध्यापकों को और बच्चों को बधाई दी है। साथ में समस्त पाठशाला परिवार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कहा कि यह समस्त पाठशाला परिवार और समस्त इलाके के लिए गौरव की बात है।

# सुदीक्षा महाराज ने युवाओं को स्वस्थ जीवन भक्ति व टीम भावना के महत्व पर दिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित निरंकारी यूथ सिम्पोजियम युवा वर्ग को आध्यात्मिक जागरूकता, निःस्वार्थ सेवा, शारीरिक सुदृढ़ता एवं सांस्कृतिक समृद्धि के संतुलित मार्ग पर प्रेरित कर रहा है।

सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के दिव्य आशीर्वाद से निरंकारी यूथ फोरम युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाते हुए विनम्रता, अनुशासन, एकता एवं करुणा जैसे जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज द्वारा मिशन का ध्वज फहराकर कानपुर में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को आशीर्वाद देते हुए सत्गुरु माता जी ने कहा कि 'इस निरंकार प्रभु ने हमें यह तन बख्शा है, इसलिए हमारा शरीर स्वस्थ रहे, मन स्वस्थ रहे और हम प्रदूषण से दूर रहें। खेलों के माध्यम से टीम स्पिरिट देखने को मिलती है—अकेले तो हर कोई जी लेता है, लेकिन सभी को साथ लेकर जीने से ही संसार सुंदर बनता है। सभी का उत्साह ऐसे ही बना रहे और अपने जीवन को भक्ति से महकाएं। इस कार्यक्रम में पूरे उत्तर प्रदेश से 15 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में ऊर्जा, एकता एवं भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला। निरंकारी यूथ फोरम की एक विशेषता खेलों को समग्र विकास का माध्यम मानना है। आज आयोजित क्रिकेट, फुटबॉल एवं एथलेटिक्स जैसी खेल गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सच्चे खेलभाव जैसे महत्वपूर्ण गुणों का भी विकास करती हैं, जिससे आपभाईचारे एवं एकता की भावना को बल मिलता है। इसके साथ ही, NYF द्वारा सांस्कृतिक एवं स्थानीय विरासत से जुड़े कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित किया जाता है, जिनमें संगीत, नाटक, कला एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। ये प्रयास स्थानीय संस्कृति एवं इतिहास के संरक्षण एवं संवर्धन में सहायक होते हैं तथा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। इन सभी प्रयासों के माध्यम से NYF यह संदेश देता है कि वास्तविक विकास शरीर, मन एवं आत्मा के समन्वित विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी समझ एवं सम्मान में निहित है।



निरंकारी यूथ फोरम आज के युवाओं को जिम्मेदार, संवेदनशील, सांस्कृतिक रूप से जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे वे समाज में सकारात्मक योगदान देते हुए संतुलित एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकें।

# मंडी के ब्यास सदन में 22 मार्च को होगा प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव बलदेव राज ने जानकारी दी कि मंडी के ब्यास सदन में 22 मार्च को एक भव्य एवं ऐतिहासिक प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बलदेव राज ने कहा कि यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी के लिए वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद साबित होगा। उन्होंने कहा, 'मनीष सिसोदिया जी का यह दौरा प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा भरने का काम करेगा। हमारा लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है और 'केजरीवाल मॉडल' को हर घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मनीष सिसोदिया ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को विश्व स्तरीय बनाया, उसी तर्ज पर हिमाचल के सरकारी स्कूलों में सुधार करना पार्टी की प्राथमिकता है। सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।



बलदेव राज ने स्पष्ट किया कि मंडी का यह सम्मेलन केवल एक बैठक नहीं, बल्कि प्रदेश की राजनीति में बदलाव की शुरुआत है। इसके माध्यम से आम आदमी पार्टी हिमाचल की जनता को एक ईमानदार और कार्यशील विकल्प देने का संकल्प लेगी। उन्होंने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भारी संख्या में मंडी पहुँचकर इस सम्मेलन को सफल बनाएं और प्रदेश में काम की ईमानदार राजनीति को मजबूत करें।

# बच्चों के परीक्षा तनाव, चिंता पर दिया मुख्य वक्तव्य

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश बाल संरक्षण सोसायटी, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के तत्वावधान में, चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन, योजना एवं वित्त विभाग के सहयोग से, स्कूलों एवं बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर काउंसलरों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन यूटी स्टेट गेस्ट हाउस, सेक्टर-6, चंडीगढ़ में किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूटी, चंडीगढ़ के स्कूलों व बाल देखभाल संस्थानों में कार्यरत 61 काउंसलरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य काउंसलरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समझ को बढ़ाना, जागरूकता का विस्तार करना तथा बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील और सक्षम प्रतिक्रिया देने की क्षमता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्तव्य डॉ. पालिका अरोड़ा, पीसीएस, निदेशक, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विशेषज्ञों में जीएमसीएच-32 से डॉ. करुणा सिंह (प्ले थेरेपिस्ट) एवं डॉ. मनरीत (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट), बिस्मन आहूजा एमएस कांग (सोशल सेफ्टी एवं प्रोटेक्शन एक्सपर्ट) तथा भूपिंदर भारद्वाज (ऑपरेशन एक्सपर्ट), चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन उपस्थित रहे।

अपने मुख्य वक्तव्य में डॉ. पालिका अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को परीक्षा तनाव, चिंता एवं सामाजिक दबाव जैसी बढ़ती मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो अक्सर व्यवहार संबंधी समस्याओं के रूप में सामने आती हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के अंतर्गत तैयार किए जा रहे काउंसलर 'मास्टर ट्रेनर' के रूप में कार्य करेंगे और स्कूलों एवं सीसीआई में शिक्षकों एवं अन्य हितधारकों को प्रशिक्षित कर बच्चों की समस्याओं की समय रहते पहचान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काउंसलरों की भूमिका एक संवेदनशील श्रोता के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा समय पर पहचान और हस्तक्षेप बच्चों में आत्मविश्वास, लचीलापन एवं समग्र विकास को बढ़ावा देने में सहायक होता है।

# पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त ने केंद्रीय मुख्य सूचना आयुक्त से की मुलाकात

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार गोयल, आईएएस (सेवानिवृत्त) और पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू के बीच एक जानकारीपूर्ण और सार्थक बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय सूचना आयोग के सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी, आईएफएस (सेवानिवृत्त) भी उपस्थित रहे।

पंजाब राज्य सूचना आयोग का कार्यालय चंडीगढ़ के सेक्टर 16 में स्थित है। हरप्रीत संधू ने राज कुमार गोयल को केंद्रीय मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में उनकी हालिया नियुक्ति पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस बातचीत में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की भावना को मजबूत करने और सुशासन के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के प्रति साझा प्रतिबद्धता दिखाई दी। हरप्रीत संधू ने कहा कि यह बैठक अत्यंत ज्ञानवर्धक रही और इससे पंजाब में आरटीआई ढांचे को और मजबूत करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और पुख्ता हुई। चर्चा का



मुख्य विषय सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, संस्थागत तंत्र को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों के सूचना पाने के अधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने समयबद्ध व पारदर्शी सूचना उपलब्ध कराने में आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया, जिसमें स्वप्रेरित खुलासा (प्रोएक्टिव डिस्क्लोज़र) और अपीलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर हरप्रीत संधू ने अपनी लिखी पुस्तक 'सुखना लेक एट डॉन' केंद्रीय मुख्य सूचना आयुक्त को भेंट की। सद्भावना के प्रतीक के रूप में राज कुमार गोयल ने भी केंद्रीय सूचना आयोग की ओर से हरप्रीत संधू को सम्मान स्वरूप एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# जोखिम मूल्यांकन व सुरक्षा तकनीकों का दिया प्रशिक्षण




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी व रेडियोलॉजी द्वारा प्राकृतिक आपदा की तैयारी, अग्नि सुरक्षा व आपातकालीन प्रतिक्रिया विषय पर एक कौशल-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रतिभागियों को आपदा व आपातकालीन प्रबंधन से संबंधित आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। यह कार्यक्रम चांसलर एस. गुरविंदर सिंह बाहरा, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार तथा प्रो. वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) सतीश कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी और रेडियोलॉजी के डीन प्रो. (डॉ.) ललित कुमार गुप्ता ने सत्र की अध्यक्षता की और इसके सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह प्रशिक्षण सत्र विपिन कैंथल, पूर्व मुख्य फायर अधिकारी व दिल्ली फायर सर्विस के कार्यकारी निदेशक, जो दो बार राष्ट्रपति फायर सर्विस मेडल से सम्मानित हो चुके हैं, उनके द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर आपदा तैयारी की रणनीतियों, अग्नि सुरक्षा के नियमों तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया के तरीकों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों, विद्यार्थियों व स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को जोखिम मूल्यांकन, आग से बचाव की तकनीकों तथा आपातकालीन योजना निर्माण के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई, जो शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे कौशल-आधारित कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से सुरक्षा और जिम्मेदारी की संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ विद्यार्थियों और स्टाफ को किसी भी आपात स्थिति का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स आईपीएल से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत से पहले चोटिल खिलाड़ियों की लिस्ट बढ़ रही है। इसी कड़ी मेंसनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के 19वें सीजन से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर खिलाड़ी जैक एडवर्ड्स पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बाहर हो गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार 25 वर्षीय एडवर्ड्स को आईपीएल नीलामी के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तीन करोड़ रुपये में खरीदा था। वह 2025 की नीलामी में साइन किए जाने वाले एकमात्र अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी थे। इस सीजन में एडवर्ड्स अपना आईपीएल डेब्यू करते, लेकिन अब इसके लिए उन्हें इंतजार करना होगा। एडवर्ड्स ने इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। इस ऑलराउंडर ने अब तक सिर्फ एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है, जिसमें उन्होंने पांच रन बनाए हैं। एडवर्ड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में 63 मैच खेले हैं, जिसमें 696 रन बनाए हैं और 38 विकेट लिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हॉकी इंडिया ने कजाकिस्तान की पुरुष टीम का किया स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने कजाकिस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम का स्वागत किया है। यह टीम अभी भारत में है और 10 से 21 मार्च तक हरियाणा के सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में एक हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रही है। यह कैंप आगामी एशियन गेम्स क्वालिफायर्स 2026 की तैयारियों का एक हिस्सा है। हॉकी इंडिया के अनुसार, भारत के प्रमुख हॉकी प्रशिक्षण केंद्रों में से एक में आयोजित इस शिविर में विश्व स्तरीय सिंथेटिक टर्फ, उन्नत सुविधाएं और एक बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध है, जो कजाकिस्तान को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। भारत में अभ्यास के बारे में बात करते हुए कजाकिस्तान कोच ओल्गा उर्मानोवा ने कहा कि हम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र सोनीपत में आकर बहुत खुश हैं, जिसने हमारी टीम का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया है। भारत में हॉकी का स्तर बहुत ऊंचा है और यही कारण है कि हमने यहां आने का फैसला किया है। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेशी क्रिकेट खिलाड़ियों के पीएसएली में खेलने पर सस्पेंस

**एजेंसी, ढाका।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीबी) में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी अब सरकार की मंजूरी पर निर्भर करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए यह फैसला लिया है। पहले बोर्ड ने 6 खिलाड़ियों को एनओसी दी थी इनमें मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन एमोन (लाहौर कलंदर्स), शोरीफुल इस्लाम, नाहिद राणा, तंजीद हसन तमीम और रिशाद हुसैन (पेशावर जाल्मी) शामिल हैं। पीसीबी 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाना है, लेकिन अब खिलाड़ियों के पाकिस्तान जाने से पहले सरकार से अनुमति ली जाएगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के क्रिकेट ऑपरेशंस चेयरमैन नजमुल आबेदीन ने कहा कि मौजूदा हालात सामान्य नहीं हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव की वजह से खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर रिस्क है। उन्होंने बताया,'आम तौर पर हमें सरकार से पूछने की जरूरत नहीं पड़ती। हम एनओसी देते हैं, खिलाड़ी जाकर खेलते हैं और वापस आ जाते हैं। लेकिन अभी स्थिति अलग है, इसलिए हम सरकार से चर्चा करेंगे।' (अनंत ज्ञान)

### मारिया शारापोवा का खूबसूरत अंदाज

**लॉन** टेनिस में विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी मारिया शारापोवा अपनी सुंदरता के चलते काफी चर्चित रहीं। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाली रूस की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। शारापोवा दुनिया की सबसे सुंदर टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं।



# आईपीएल से चुनी जाएगी वनडे वर्ल्ड कप-2027 की टीम इंडिया

## सिलेक्टर्स परफार्मेंस और फिटनेस पर नजर रखेंगे, 20 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अगले साल यानी 2027 को होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखकर किया जाएगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सिलेक्शन कमेटी ने 20 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिनके प्रदर्शन पर इस आईपीएल के दौरान खास नजर रखी जाएगी। अजित अगरकर की अगुवाई वाली समिति का फोकस इन खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर रहेगा। इन खिलाड़ियों को ही टीम में शामिल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



आईपीएल मैच की फाइल फोटो।

### अफगान टीम के खिलाफ टेस्ट में सीनियर टीम उतारेगा भारत

**अफगानिस्तान** के खिलाफ टेस्ट में भारत अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम उतारेगा। हालांकि इस मैच में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलेंगे, फिर भी टीम मैनेजमेंट इसे हल्के में नहीं ले रहा है। अगस्त से मार्च के बीच भारत को 9 टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में सभी रेड-बॉल खिलाड़ी इस मुकाबले में उपलब्ध रहेंगे। यह भी तय माना जा रहा है कि बुमराह और सिराज, अगर आईपीएल के दौरान फिट रहते हैं, तो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा होंगे।

### स्टेडियम जाकर आईपीएल के मैच देखेंगे सिलेक्टर्स

**बीसीसीआई** ने सिलेक्टर्स को मैच देखने की जिम्मेदारी बांट दी है। हर चयनकर्ता हफ्ते में कम से कम एक आईपीएल मैच स्टेडियम में जाकर देखेगा, ताकि हर सप्ताह शॉर्टलिस्ट प्लेयर्स की पांच मैचों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार हो सके। इसके अलावा बाकी मैचों को टीवी के जरिए ट्रैक किया जाएगा। इस बार चयनकर्ता नए उभरते खिलाड़ियों के बजाय पहले से तय वनडे कोर ग्रुप के प्लेयर्स पर ही ध्यान देंगे। चयनकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर मुंबई में रहेंगे, जबकि एसएस दास कोलकाता से मैच देखेंगे। वहीं, आरपी सिंह और अजय रात्रा एनसीआर में मौजूद रहेंगे, जबकि प्रज्ञान ओझा बेंगलुरु और हैदराबाद में मुकाबलों पर नजर रखेंगे।

## आईपीएल में पहली बार सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल के 19 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय होंगे। सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस के शुरुआती मैचों से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह ईशान किशन को कप्तानी सौंपी है। इसके साथ ही टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों में सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथ में होगी। श्रेयस अय्यर आईपीएल इतिहास के इकलौते कप्तान हैं, जिन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजियों को फाइनल तक पहुंचाया है। उन्होंने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम को मुंबई इंडियंस से हार मिली थी। 2024 में उन्होंने केकेआर को चैंपियन बनाया और 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम आरसीबी से हार गई। (अनंत ज्ञान)

### ईशान पहली बार किसी टीम की करेंगे कप्तानी



**ईशान** किशन पहली बार आइपीएल में कप्तानी करते नजर आएंगे। मौजूदा 10 कप्तानों में 6 ऐसे हैं, जो अपनी पहली ट्रॉफी की तलाश में हैं। इनमें ऋतुराज गायकवाड़, रियान पराग, शुभमन गिल, अजिंक्य रहाणे, ईशान किशन और ऋषभ पंत शामिल हैं। बाकी 4 कप्तान पहले ही खिताब जीत चुके हैं। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को चैंपियन बनाया था, रजत पाटीदार ने 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को खिताब दिलाया, जबकि हार्दिक पांड्या ने 2022 में गुजरात टाइटंस को ट्रॉफी जिताई थी।

### एमएस धोनी और रोहित सबसे सफल कप्तान

**आईपीएल** इतिहास में सबसे सफल कप्तानों की बात करें तो महेंद्र सिंह धोनी (चेन्नई) और रोहित शर्मा (मुंबई) शीर्ष पर हैं। दोनों ने अपनी-अपनी टीमों को 5-5 बार चैंपियन बनाया है। धोनी के नाम सबसे ज्यादा मैच (229) और जीत (134) दर्ज हैं, जबकि रोहित ने मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाए हैं।

## आईपीएल के शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे कमिंस, स्टार्क व हेजलवुड

**एजेंसी, मेलबर्न**

आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार तेज गेंदबाज इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र के शुरूआती मैच नहीं खेल सकेंगे, जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड आईपीएल की शुरूआत में उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है। आस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेले हैं। आस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी जबकि 2027 में वनडे विश्व कप होना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये तीनों तेज गेंदबाज अगले कुछ सप्ताह में लौटेंगे। टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सत्र में एक ही टेस्ट खेला है जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए थे । दोनों ने टी20 विश्व कप भी नहीं खेला। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले और बिग बैश लीग में भी हिस्सा नहीं लिया है। टी20 क्रिकेट से संन्यास के कारण वह विश्व कप का हिस्सा नहीं थे।

आस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि कमिंस और हेजलवुड की उपलब्धता 'टाइमिंग' का मसला है। उन्होंने कहा कि अगर इसका उलटा होता, आईपीएल पहले और विश्व कप बाद में होता तो वे विश्व कप खेलने के लिये पूरे आईपीएल से बाहर रहते । हम जानते हैं कि वे आस्ट्रेलिया के लिये खेलना और जीतना चाहते हैं। बता दें कि कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान हैं, स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स और हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिये खेलते हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान के लिए नहीं खेल पाएंगे सैम कुरेन

**एजेंसी, जयपुर।** इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम कुरेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। भारत से टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे कुरेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिये खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिये खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे। कुरेन पिछले सत्र से पहले 2.4 करोड़ रुपए में राजस्थान की टीम से जुड़े थे । उन्होंने पिछले सत्र में 114 रन बनाए और एक विकेट लिया। (अनंत ज्ञान)



## न्यूजीलैंड महिला टीम ने तीसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से दी शिकस्त

### 2-1 की बढ़त बनाई, अब सीरीज जीतने से सिर्फ एक कदम ही दूर

**एजेंसी, ऑकलैंड**




न्यूजीलैंड महिला टीम ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है और अब वह सीरीज जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है। ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में सात विकेट पर 149 रन बनाए।

टीम की कप्तान लौरा वोल्वाड्ट ने 39 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 37 रन की पारी खेली। वहीं एनेरी डर्कसेन ने 18 गेंदों में 27 रन और क्लो ट्रायोन ने 12 गेंदों में 15 रन बनाए। आखिरी ओवरों में कायला रेनेके ने 20 गेंदों में नाबाद 34 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड की ओर से गेंदबाजी में सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स ने दो-दो विकेट हासिल किए। जेस केर और रोजमेरी मैयर को एक-एक सफलता मिली।

150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18.4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। शुरुआत में बल्लेबाज इसाबेला गेज ने 15 गेंदों में 17 रन और कप्तान अमेलिया केर ने 28 गेंदों में 30 रन का बनाए। इसके बाद सोफी डिवाइन ने शानदार पारी खेलते हुए 38 गेंदों में नाबाद 55 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल रहा। मैडी ग्रीन ने भी 25 गेंदों में नाबाद 34 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों की बेहतरीन साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 18.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच अपने नाम कर लिया। सोफी डिवाइन को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब सीरीज का चौथा मुकाबला 22 मार्च को वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि पांचवां और अंतिम मैच 25 मार्च को क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में होगा। (अनंत ज्ञान)

### इंडियन सुपर लीग में जमशेदपुर एफसी और दिल्ली में मैच ड्रॉ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** निकोला स्टोनावोविच के गोल की मदद से जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग के मैच में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली से 1-1 से ड्रॉ खेला। इससे पहले जोसेफ सनी ने 21वें मिनट में गोल करके दिल्ली को बढत दिलाई, लेकिन स्टोनावोविच ने 90वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। जमशेदपुर एफसी 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है, जबकि एससी दिल्ली दो अंक के साथ 12वें स्थान पर आ गया है। (अनंत ज्ञान)

### आईएमएल के दूसरे सत्र में भाग लेंगे दुनियाभर के दिग्गज क्रिकेटर

**एजेंसी, मुंबई।** सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, युवराज सिंह, शेन वाटसन, क्रिस गेल और कुमार संगकारा जैसे धुरंधर पूर्व क्रिकेटर 24 अक्तूबर से 14 नवंबर तक होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग ( आईएमएल) के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। ये मैच मुंबई, वडोदरा और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। दूसरे सत्र में छह फ्रेंचाइजी टीमें भारत, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की होंगी। (अनंत ज्ञान)

## कबड्डी स्पर्धा में हरियाणा बना विजेता

### राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला बिलासपुर में हुए महिला एवं पुरुष वर्ग के मैच

**अनंत ज्ञान**




नलवाड़ी मेले में हुई कबड्डी स्पर्धा की विजेता टीमों के खिलाड़ी आयोजकों के साथ।

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला के दौरान आयोजित महिला एवं पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीमें विजेता बनीं। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में हरियाणा की जैसर खेड़ी की टीम विजेता, जबकि हिमाचल प्रदेश की कृष्णा अकादमी, भगेड़ टीम उपविजेता (रनरअप) रही। वहीं, महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा के जींद की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कैथल (हरियाणा) की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, सहायक आयुक्त राज कुमार, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी उत्तम डोड, निदेशक राज्य सहकारी बैंक सुनील सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ब्रिटेन में बिना टिकट फुटबॉल स्टेडियम में घुसना अब अपराध

**एजेंसी, लंदन।** आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच वेम्बले स्टेडियम पर होने वाले इंग्लिश लीग कप फाइनल से पहले लागू हुए नये कानून के तहत अब ब्रिटेन में बिना टिकट फुटबॉल मैच देखना अपराध की श्रेणी में आएगा। जुलाई 2021 में यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में हजारों दर्शक बिना टिकट नेशनल स्टेडियम में घुस गए थे, जिससे हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद सरकार की समीक्षा में पाया गया कि लोगों की जिंदगियां खतरे में थी और बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वालों के लिये सजा कम थी । इसलिये इसे दंडिक अपराध बनाने की मांग की गई। इसके तहत अब बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वाले दर्शक को पांच साल तक फुटबॉल से प्रतिबंध और 1000 पाउंड तक जुर्माना झेलना पड़ सकता है । इससे पहले इस तरह की किसी सजा का प्रावधान नहीं था।

## अंडर-20 भारतीय महिला फुटबॉल टीम पहुंची थाईलैंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **एशिया कप में 2 अप्रैल को जापान से होगा पहला मुकाबला**

भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए शुक्रवार सुबह थाईलैंड पहुंची। 20 साल बाद एशियन कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय युवा टीम को यहां बैंकॉक में स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए 13 दिन का समय मिलेगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत का दो अप्रैल को जापान के खिलाफ करेगी। इसके बाद पांच अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और आठ अप्रैल को चीनी ताइपे से सामना होगा। समूह की शीर्ष दो टीमें और तीनों समूहों में से सर्वश्रेष्ठ दो तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल के चारों विजेता फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगे।

मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन के नेतृत्व में भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय महिला लीग के पहले चरण के समापन के बाद जनवरी में बेंगलुरु में अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू किया था। बाद में, उन्होंने स्वीडन में एक महीने का शिविर लगाया, जहां उन्होंने स्वीडिश क्लबों की वरिष्ठ टीमों के खिलाफ पांच मैत्रीपूर्ण मैच खेले। स्कैंडिनेविया से लौटने के बाद, युवा टीम ने कोलकाता में अपना प्रशिक्षण जारी रखा, जहां से वे थाईलैंड की राजधानी के लिए रवाना हुईं। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।

''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''

| | |
|---|---|
| शिमला | सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595 |
| धर्मशाला | राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474 |
| सोलन | मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519 |
| मंडी | अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288 |
| हमीरपुर | विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422 |
| बिलासपुर | अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310 |
| चंबा | राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759 |
| ऊना | राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500 |
| कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति | कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600 |
| पठानकोट | अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666 |
| चंडीगढ़/मोहाली | गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615 |

Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

### तेहरान पहुंचने पर ईरान की महिला फुटबॉल टीम का भव्य स्वागत

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का यहां लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया, जबकि कई खिलाड़ियों ने आस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा,' सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है।' दर्शकों ने झंडे लहराए और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे । शबान ने अनुवादित बयान में कहा ,' मैंने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आएंगे। मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है।' ईरान की दो महिला खिलाड़ी फातिमा पसंदिदेह और आतिफा रमेजानिसादेह आस्ट्रेलिया में ही रूक गई हैं और ब्रिसबेन रोर क्लब के साथ अभ्यास कर रही हैं। ईरान के महिला एशियाई कप से बाहर होने के बाद कुछ ने आस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी लेकिन बाद में इरादा बदलते हुए कहा कि वे ईरान लौटना चाहते हैं। ईरान की टीम युद्ध शुरू होने से पहले 28 फरवरी को आस्ट्रेलिया टूर्नामेंट खेलने पहुंची थी। (अनंत ज्ञान)

**फुटबॉल** — ग्रुप-सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चाइनीज ताइपेई के खिलाफ खेलेगा भारत

## एशियाई कप जीतने को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी टीम: शुभांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो दशकों के इंतजार के बाद, भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। शुभांगी टीम का नेतृत्व करेंगी और भारत का पहला मुकाबला 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ थाईलैंड में होगा। शुभांगी ने कहा कि टीम का फोकस अब सिर्फ क्वालीफाई करने पर नहीं, बल्कि चुनौतीपूर्ण ग्रुप मैचों में शानदार प्रदर्शन करने पर है। भारत ग्रुप-सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चाइनीज ताइपेई के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप के टॉप दो और दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें 2026 के फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड के लिए क्वालीफाई करेंगी।



टीम वर्तमान में कोलकाता में प्रशिक्षण ले रही है और 20 मार्च की सुबह थाईलैंड के लिए रवाना होगी। शुभांगी ने कहा, 'तीन कठिन ग्रुप मैचों के लिए हमारा फोकस पूरी तरह तैयार है। हमें कोई आसान मैच नहीं मिलेगा। हम शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।' टीम ने इस अभियान के लिए व्यापक तैयारी की है। साल की शुरुआत में स्वीडन में एक महीने का कैम्प और पिछले साल के अंत में उज्बेकिस्तान और कजाखस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली मैचों ने टीम को उच्च-तीव्रता वाले फुटबॉल का अनुभव दिया। शुभांगी ने बताया कि स्वीडन में यूरोपीय क्लबों के खिलाफ खेलना बेहद उपयोगी रहा। शुरुआती हार ने टीम को वास्तविकता का एहसास दिलाया, लेकिन धीरे-धीरे टीम ने बेहतर प्रदर्शन करना शुरू किया। उज्बेकिस्तान और कजाखस्तान के खिलाफ पहले और बाद में खेले गए कई मुकाबलों ने टीम को शारीरिक रूप से मजबूत विरोधियों से मुकाबला करने का अनुभव दिया। शुभांगी ने कहा, 'हमारे कोर खिलाड़ियों ने एक साल से अधिक समय साथ बिताया है, जिससे आपसी तालमेल और समझ मजबूत हुई है। इससे टीम की रणनीति और समन्वय बेहतर हुआ है।

हेडकॉच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में टीम ने अधिक आक्रामक और सक्रिय खेल अपनाया है। शुभांगी के अनुसार, कोच ने खिलाड़ियों को खुद को व्यक्त करने और गलती करने से डरने की बजाय खेल का आनंद लेने की सलाह दी, जिससे टीम का आत्मविश्वास और प्रदर्शन बेहतर हुआ है। अंडर-20 विश्व कप के इतिहास में छह बार विजेता जापान से पहला मुकाबला भारतीय टीम के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। शुभांगी ने कहा, 'जापान एक बहुत मजबूत टीम है, लेकिन हमें खेल के दौरान विपक्षी की ताकत के बारे में सोचने के बजाय अपने खेल को प्रदर्शित करना है।

हमारा लक्ष्य क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना और अच्छा प्रदर्शन करना है। शुभांगी और उनकी टीम की नजर सिर्फ प्रतियोगिता में भाग लेने पर नहीं, बल्कि शीर्ष प्रदर्शन कर जीत की उम्मीद जताने पर है। उन्होंने देशवासियों और थाईलैंड में दर्शकों से समर्थन की अपील की। (अनंत ज्ञान)